रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,523.16 -398.13
डॉलर 83.986 +0.017
रांची सर्राफा
10 ग्राम ₹ 71,930 | 01 किलो ₹91,000

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



भाद्रपद शुक्ल पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, गुरुवार, 12 सितंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 221, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-12 भाजपा के रहते देश की एकता से...

# हरित हाइड्रोजन से रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, भारी परिवहन व अन्य क्षेत्रों को लाभ

## दुनिया के ऊर्जा परिदृश्य में आशाजनक विकल्प


एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हरित हाइड्रोजन दुनिया के ऊर्जा परिदृश्य में एक आशाजनक विकल्प के रूप में उभर रहा है। यह उन उद्योगों को डीकाबोर्नाइज करने में मदद कर सकता है जिन्हें विद्युतीकृत करना मुश्किल है। इससे रिफाइनरी, उर्वरक, इस्पात, भारी शुल्क परिवहन और कई अन्य क्षेत्रों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि हरित हाइड्रोजन का उपयोग अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा के भंडारण समाधान के रूप में किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज एक वीडियो संदेश के माध्यम से ग्रीन हाइड्रोजन पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधामंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है, बल्कि इसके प्रभाव अब महसूस किए जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि ऊर्जा परिवर्तन और स्थिरता वैश्विक नीति बहस के केंद्र में है क्योंकि कार्य करने का समय यहीं और अभी है। प्रधानमंत्री मोदी ने हरित हाइड्रोजन उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सामूहिक विशेषज्ञता की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा, ऐसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में डोमेन विशेषज्ञों के लिए नेतृत्व करना और एक साथ काम करना महत्वपूर्ण है। प्रधान मंत्री ने वैज्ञानिकों और नवप्रवर्तकों को सार्वजनिक नीति में बदलाव का सुझाव देने के लिए भी प्रोत्साहित किया, जिससे इस क्षेत्र को और समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री ने मोदी ने वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय से हरित हाइड्रोजन उत्पादन में इलेक्ट्रोलाइजर और अन्य घटकों की दक्षता बढ़ाने, उत्पादन के लिए समुद्री जल और नगरपालिका अपशिष्ट जल के उपयोग का पता लगाने जैसी चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने ने विश्वास व्यक्त किया कि, ऐसे विषयों पर संयुक्त रूप से चर्चा करने से दुनिया भर में हरित ऊर्जा परिवर्तन में काफी मदद मिलेगी।

शेष पेज 11 पर

जलवायु परिवर्तन केवल भविष्य का मामला नहीं है, बल्कि इसके प्रभाव अब महसूस किए जा सकते हैं।



## हमारा सपना हर डिवाइस में हो भारत निर्मित चिप

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया- 2024 का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि दुनिया की हर डिवाइस में भारत निर्मित चिप लगी हों। भारत सेमीकंडटर पॉवरहाउस बनने के लिए हर जरूरी प्रयास करेगा। 11 से 13 सितंबर तक चलने वाला यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति और नीति का प्रदर्शन करेगा जो भारत को सेमीकंडक्टर के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना करता है। सेमीकंडटर पॉवरहाउस पर भारत की त्रि-आयामी शक्ति जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार सुधारवादी है। देश के पास एक बढ़ता विनिर्माण आधार है और देश का महत्वाकांक्षी बाजार तकनीकी रुझानों से अवगत है।

उन्होंने कहा कि 3डी शक्ति का यह आधार अन्यत्र मिलना मुश्किल है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयाँ स्थापित करने के लिए सरकार 50 प्रतिशत सहायता प्रदान करती है। सरकारी हस्तक्षेप के कारण भारत पहले ही 1.5 ट्रिलियन रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित कर चुका है। सेमीकॉन इंडिया 360-डिग्री दृष्टिकोण वाली एक ऐसी पहल है जो भारत में चिप्स के समग्र उत्पादन को बढ़ाएगी। हम चाहते हैं कि वैश्विक स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर मेड इन इंडिया लोगो हो। भारत की सेमीकंडक्टर रणनीति को आगे रखते हुए उन्होंने कहा कि हमारे लिए ये करोड़ों आकांक्षाओं की पूर्ति का साधन है। आज भारत चिप्स के सबसे बड़े उपभोक्ताओं में से एक है। वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का नेतृत्व करने में भारत एक बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजाइनिंग के क्षेत्र में भारत दुनिया में 20 प्रतिशत टैलेंट का योगदान करता है। हम 85 हजार तकनीशियन, इंजीनियर और आरएंडडी विशेषज्ञों की सेमी कंडक्टर वर्क फोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने छात्रों और प्रोफेशनल्स को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर है।

भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए सरकार 50% सहायता प्रदान करती है।

## भाजपा का 81 सीटों पर उम्मीदवारों के लिए रायशुमारी संपन्न

**रांची।** झारखंड में विधानसभा के चुनाव अक्टूबर-नवंबर में संभावित हैं। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी है। बुधवार को पार्टी ने राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों के चयन के लिए नेताओं-कार्यकतार्ओं के बीच रायशुमारी कराई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षकों ने कार्यकतार्ओं से उम्मीदवारी के लिए उनके तीन पसंदीदा नेताओं के नाम लिखित रूप से मांगे। इन पर्चियों के आधार पर हर सीट पर तीन संभावित प्रत्याशियों की लिस्ट तैयार कर पार्टी के प्रदेश चुनाव समिति को सौंपी जाएगी और अंतिम रूप से शीर्ष नेतृत्व उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लगाएगा। रायशुमारी के दौरान धनबाद, हजारीबाग और पलामू के विश्रामपुर में हंगामे और भाजपा कार्यकतार्ओं के आपसी टकराव की स्थिति सामने आई। धनबाद के बैंक मोड़ भाजपा मंडल में रायशुमारी के लिए वोटिंग के दौरान मौजूदा विधायक राज सिन्हा और भाजपा नेता एलबी सिंह के समर्थक आमने-सामने हो गए। उनके बीच थोड़ी धक्का-मुक्की भी हुई। हालांकि, यहां पर्यवेक्षक के तौर पर आए किसलय तिवारी ने हंगामे की बात से इनकार किया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पीएम पर कसा तंज

# मणिपुर एक साल से जल रहा मुखिया एक बार भी नहीं गए

- रांची मुख्यालय से नहीं राज्य के गांवों से चलने वाली है हमारी सरकार

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को महगामा में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मणिपुर की स्थिति को लेकर जमकर तंज कसा। वहीं सीएम ने कहा कि भाजपा के लिए हर राज्य में निराशा कि स्थिति इसलिए उनकी नजर झारखंड पर है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मणिपुर एक साल से जल रहा है, बहन बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है। पर केंद्र सरकार के मुखिया एक बार भी वहां नहीं गए। इन लोगों का किसी से कोई लेना देना नहीं है। शेष पेज 11 पर



### गांव मजबूत तो राज्य मजबूत

सीएम ने कहा कि आपलोगों को अब किसी से उधार लेने की जरूरत नहीं होगी। गांव मजबूत होगा तो राज्य भी मजबूत होगा। झारखंड की जड़ गांव में है। भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि व्यापारियों द्वारा जंगल लूटने की तैयारी हो रही है, वनाधिकार कानून बदल दिया गया है। पेड़ काटने का ठेका-पट्टा दिल्ली से निर्धारित हो रहा है। हमने बिरसा ग्राम हरित योजना शुरू की है, किसानों के दो लाख तक का ऋण माफी की योजना शुरू की है।

### मजदूरों को हवाई जहाज से लाए

सीएम ने कहा कि हमारी सरकार बनते ही कोरोना सबसे बड़ी चुनौती थी। इस समय भी राज्य में अफरा-तफरी का माहौल नहीं बनने दिया। मजदूरों को हवाई जहाज, ट्रेन और बस से सुरक्षित उनके घरों तक पहुंचाया। इसके बाद जब हम काम करने लगे, तो तरह-तरह के षडयंत्र रचे जाने लगे। दो साल तक चूहा-बिल्ली की तरह दौड़ भाग चलती रही। किसानों और मजदूरों के हित में काम करने लगे, तो मुझे जेल में डाल दिया गया।

## महिलाओं-बच्चों के यौन उत्पीड़न पर डीजीपी तलब

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में महिलाओं और बच्चों से यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए डीजीपी, नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव और रांची के उपायुक्त को तलब किया है। उन्हें 18 सितंबर को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न की घटनाएं रोकने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं? आए दिन सामने आ रही ऐसी घटनाओं पर क्या कोई नोटिस लिया गया है? जनहित याचिका अधिवक्ता भारती कौशल ने दाखिल की है। याचिका में इस वर्ष जनवरी से जून तक महिलाओं से रेप की घटनाओं का जिक्र किया गया है। आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि ऐसे मामलों में पुलिस, प्रशासन एवं सक्षम प्राधिकार का रुख संवेदनशील नहीं है। बुधवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसएन प्रसाद की अध्यक्षता वाली बेंच ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि घर से बाहर काम के लिए निकलने वाली महिलाओं को जब तक सुरक्षा नहीं मिलेगी, तब तक वे फ्री माइंडसेट के साथ काम कैसे कर पाएंगी? जमशेदपुर में हाल में साढ़े तीन साल की बच्ची का स्कूल वैन के ड्राइवर द्वारा सेक्सुअल हरासमेंट की घटना का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि

### नगर विकास के प्रधान सचिव और रांची के उपायुक्त को भी किया तलब




**18** सितंबर को झारखंड हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश

स्कूली बच्चों को लाने-ले जाने वाले वाहनों में स्कूल के एक-दो स्टाफ का रहना जरूरी है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। कोर्ट ने रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स में बीते दिनों महिला स्टाफ के साथ छेड़खानी की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि ऐसे मामलों में कार्रवाई के लिए पुलिस-प्रशासन को गंभीरता दिखाने की जरूरत है। कोर्ट ने रांची नगर निगम से शहर में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था दुरुस्त करने और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा सर्विलांस को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान प्रार्थी ने कहा कि पूरे राज्य में इस मामले में कमोबेश एक जैसी स्थिति है। पुलिस की पीसीआर वैन की लगातार मॉनिटरिंग हो तो कई घटनाएं रोकी जा सकती हैं।

### आज कल




## 70 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले सभी बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की जो घोषणा की है, यदि ठीक से लागू हो, गड़बड़ी नहीं हो , इसमें घोटाले नहीं हों तो यह बुजुर्गों , उनके परिजनों के लिए बहुत बड़ा सहारा हो सकता है। इसमें केन्द्र सरकार ने 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत पांच लाख रुपये के मुफ्त इलाज की घोषणा की है। इसके लागू होने पर 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत के अंतर्गत आ जाएँगे, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो।कैबिनेट बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 70 साल से ज़्यादा उम्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना के तहत कवरेज दिया जाए। यानी जो परिवार आयुष्मान भारत पीएम जन आरोग्य योजना के तहत कवर नहीं हैं, उनमें भी मौजूद 70 साल से ज़्यादा उम्र के लोगों को कवर किया जाएगा। नई कैटेगरी बनेगी जिससे 70 साल से अधिक उम्र के लोगों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा। इस योजना के तहत 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों सहित लगभग 4.5 करोड़ परिवार शामिल होंगे। लेकिन अभी जो लोग इस योजना के तहत इलाज करा रहे हैं, उनके सामने बहुत सी समस्याएं आ रही हैं। कई बीमारियों में इस योजना में कम योगदान है। कई प्राइवेट अस्पताल इसमें मनमानी कर रहे हैं। वे सरकारी कर्मचारियों से मिलीभगत करके इसमें कई तरह के खेल शुरू कर दिये हैं। इन सब कमियों को दूर कर दिया जाए तो यह योजना बहुत ही उपयोगी हो सकती है।

## अज्ञात बीमारी से जनजाति समुदाय के 8 की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**जामताड़ा**

**बाबूलाल ने सीएम को लिखा मार्मिक पत्र**

**रांची।** झारखंड के जामताड़ा जिले के नेंगराटांड गांव में फैली अज्ञात बीमारी से 22 दिनों के अंदर आदिम पहाड़िया जनजाति के आठ लोगों की मौत हो गई है, जबकि अब भी गांव में 10 से ज्यादा लोग बीमार हैं। अस्पतालों में मरीजों को समय पर इलाज न मिलने से आदिवासी समुदाय के लोगों की मौत की कुछ अन्य घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं को लेकर झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। बाबूलाल मरांडी ने इस संबंध में सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर इन घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच कराने की भी मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, झारखंड में आदिवासी समाज के भाइयों-बहनों को

शेष पेज 11 पर



## इंडिया

# प्रधानमंत्री की यात्रा और कोल्हान की राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

आगामी 15 सितंबर को पीएम के जमशेदपुर की यात्रा की तैयारियों के तेज होने के साथ राजनीति भी तेज हो गई है । आगामी विधानसभा चुनाव में 52 से अधिक सीटें जीतने का भाजपा का लक्ष्य है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए हुए आंतरिक सर्वे से पार्टी के नेताओं में खुशी की लहर है। बीजेपी को उम्मीद है कि इस बार राज्य में उसकी सरकार बन सकती है। बीजेपी ने यह आंतरिक सर्वे राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के बीजेपी में शामिल होने के बाद कराया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने 60 से अधिक विधानसभा सीटों पर बढ़त हासिल की थी। जबकि टिकट विवाद और आजसू से गठबंधन नहीं होने से 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन उसे करीब 52 लाख वोट मिले थे। बीजेपी का मानना है कि इस बार वह विपक्ष में है, इसलिए उसे सत्ता विरोधी लहर का सामना नहीं करना पड़ेगा जबकि झामुमो इससे प्रभावित होगी ।पार्टी के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने क्षेत्र के हिसाब से चुनाव प्रचार करने की रणनीति बनाई है।



पार्टी इस साल लोकसभा चुनाव में मिले 82 लाख वोटों को विधानसभा चुनाव में बढ़ाने की कोशिश करेगी। बीजेपी संताल परगना के आदिवासी क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण हो रहे जनसंख्या बदलाव के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। कोल्हान में भी पार्टी आदिवासी समाज के बीच इस मुद्दे को लेकर जाएगी ।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पार्टी की रणनीति के हिसाब से सभी आदिवासी नेता अपने समुदाय को उनकी ही स्थानीय भाषा में घुसपैठ के नुकसान के बारे में बताएंगे। पलामू प्रमंडल, रांची, धनबाद जैसे शहरी इलाकों में युवाओं के बीच बेरोज़गारी और उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में हुई मौत के मुद्दे को भी पार्टी उठाएगी ।बीजेपी के प्रदेश संगठन प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी का बयान है कि राज्य में जो सरकार चल रही है उसके भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों से लोग आक्रोशित हैं। बीजेपी बड़ी संख्या में सीट जीतकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी और स्वच्छ प्रशासन देकर झारखंड का विकास करेगी ।भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी झारखंड दौरे पर कहा, "पीएम मोदी कोल्हान आ रहे हैं। जनता में उत्साह है।"पिछले विधानसभा चुनाव में रघुवर दास से विवाद के बाद सरयू राय को टिकट नहीं मिला था और निर्दलीय खड़े होकर उन्होंने मुख्यमंत्री दास को लगभग 15 हजार वोट से हराया था ।भाजपा ने सरयू राय का खुलकर समर्थन करने वाले कई नेताओं पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की। पार्टी ने अमरप्रीत सिंह काले, डीडी त्रिपाठी, सुबोध श्रीवास्तव, असीम पाठक, रजनीकांत सिन्हा, सतीश सिंह, रामकृष्ण दुबे, रामनारायण शर्मा, रतन महतो, हरे राम सिंह और मुकूल मिश्रा को 6 साल के लिए निलंबित कर दिया। तत्कालीन जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के अनुसार, यह निलंबन मंडल और जिला अध्यक्ष की अनुशंसा पर तत्कालीन प्रदेश महामंत्री दीपक प्रकाश ने लगाया था। हालांकि, अभी तक किसी का भी निलंबन वापस नहीं लिया गया है ।इनका रूख क्या होगा देखना दिलचस्प होगा ।जमशेदपुर पूर्वी सीट पर भाजपा की हार और सरयू राय की जीत ने राज्य की राजनीति में भूचाल ला दिया था । इस हार ने भाजपा को आत्ममंथन करने पर मजबूर कर दिया और पार्टी को अंदरूनी कलह का सामना भी करना पड़ा। दूसरी ओर इस जीत ने सरयू राय को जननेता के रूप में स्थापित किया और उन्हें राज्य की राजनीति में एक अहम जगह दी। चर्चा है कि इस बार सरयू राय जमशेदपुर पूर्वी सीट से जेडीयू टिकट पर चुनाव लड़ेंगे, वहीं चुनाव में बीजेपी के साथ तालमेल की भी संभावना है। अब देखना है कि पीएम मोदी की प्रस्तावित जमशेदपुर यात्रा से कोल्हान के राजनीतिक समीकरण कितने बदलेंगे ? कोल्हान प्रमंडल में भाजपा पिछले विधानसभा चुनाव में बुरी तरह पिछड़ गई थी। यहां की 14 सीटों पर पार्टी का खाता तक नहीं खुल पाया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास भी अपनी परंपरागत सीट पर पराजित हो गए थे। इस बार इस प्रमंडल में बढ़त लेने के लिए पार्टी मजबूत किलाबंदी में जुटी हुई है ।भाजपा नेताओं को अनुमान है कि प्रधानमंत्री का दौरा इसमें अहम भूमिका निभा सकता है। यह भी कहा जा रहा है कि पीएम की सभा के समय या उससे पहले दूसरे दलों के कुछ नेता भाजपा का दामन थाम सकते हैं। भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने भी इस ओर इशारा किया है ।झामुमो ने इसीलिए चंपई सोरेन के पाला बदलने से हुए नुकसान की भरपाई में जमशेदपुर के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से विधायक रामदास सोरेन को चंपाई सोरेन के स्थान पर मंत्री बनाया है।

### बड़गाई जमीन मामला

## रांची, हजारीबाग, गिरिडीह में एसीबी की छापेमारी

- हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार रांची ले आई एसीबी की टीम, गिरफ्तारी की आशंका

नवीन मेल टीम

**रांची/हजारीबाग/गिरिडीह।** झारखंड के चर्चित बड़गाई जमीन मामले को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बुधवार को रांची, हजारीबाग, चाईबासा और गिरिडीह में छापेमारी की है। तलाशी की कार्रवाई अभी जारी है। एसीबी की टीम हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार को बुधवार देर रात रांची ले आई, अनुमान लगाया जा रहा है कि उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। एसीबी डीजी अनुराग गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार रांची सदर थाना (कांड संख्या-272/2023), एक जून, 2023 का अनुसंधान अपराध अनुसंधान विभाग के जरिये किया जा रहा था। राज्य सरकार ने एसीबी को मामले में अनुसंधान करने का आदेश दिया था। इसके बाद विधिवत न्यायालय को सूचित करते हुए एसीबी ने मामले में अग्रतर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। अनुसंधान के क्रम में बड़गाई के तत्कालीन अंचलाधिकारी मनोज कुमार और शैलेश कुमार के खिलाफ साक्ष्य पाए जाने पर और अधिक साक्ष्य एकत्रित करने के उद्देश्य से न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर दोनों पदाधिकारियों के पदस्थापन कार्यालय और शेष पेज 11 पर

## भाजपा ने राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर की रायशुमारी

# उम्मीदवार चयन में हंगामा भी, राजनीति भी

*हर विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से उम्मीदवारों के नाम पूछे गए हैं*



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड भाजपा ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। पहले फेज में जमीनी स्तर पर उम्मीदवारों की पैठ का आकलन किया जा रहा है। बुधवार को राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में संभावित उम्मीदवारों के नाम को लेकर रायशुमारी की गई। हर विधानसभा क्षेत्र में अलग-अलग स्तर के पार्टी पदाधिकारियों से उम्मीदवारों के नाम पूछे गए हैं। एक पदाधिकारी या कार्यकर्ता को अधिकतम तीन संभावित उम्मीदवारों के नाम लिखकर बैलेट बॉक्स में डलवाया गया है। इसके लिए बैलेट पेपर की तरह एक पर्ची भी तैयार की गई थी। कोई चाहे तो खुद का या अपनी पसंद का एक या दो नाम भी लिख सकता था। भाजपा सूत्रों ने बताया कि हर विधानसभा सीट के लिए 300 से 350 लोगों का विचार लिया जाना है। इस प्रक्रिया में जिला पदाधिकारी और जिला कार्यसमिति सदस्य, निवर्तमान जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी और कार्यसमिति, मंडल मोर्चे के अध्यक्ष और महामंत्री, सभी पूर्व जिलाध्यक्ष और पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, प्रदेश प्रकोष्ठ और विभाग के संयोजक/सह संयोजक के अलावा जिला मोर्चा के पदाधिकारी को शामिल किया गया है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विधानसभा स्तर पर दो-दो लोगों की टीम बनाई गई है। वोटिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 81 बैलेट बॉक्स को पार्टी कार्यालय में लाया जाएगा। इसके बाद हर पर्ची की स्क्रीनिंग होगी। फिर यह देखा जाएगा कि किस विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन सर्वश्रेष्ठ में कौन-कौन से नाम हैं? इससे आला नेताओं को बेहतर प्रत्याशियों के चयन में मदद मिलेगी। भाजपा सूत्रों के मुताबिक इस प्रक्रिया को साल 2014 के विधानसभा चुनाव के वक्त भी अपनाया गया था। इसका सार्थक नतीजा भी निकला था और रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी ।

लेकिन 2019 के चुनाव के समय रायशुमारी की प्रक्रिया पार्टी कार्यालय में ही पूरी कर ली गई थी। कुछ भाजपा पदाधिकारी पिछले लोकसभा चुनाव की रायशुमारी से संतुष्ट नहीं हैं जिनका कहना है कि यह दिखावा मात्र है और टिकट बटवारे की प्रक्रिया पर इसका असर नहीं पड़ता। भाजपा का कहना है कि यह संगठन की आंतरिक प्रक्रिया है और इस रायशुमारी में किसी एक उम्मीदवार को ज्यादा वोट मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। इसे चयन की पहली प्रक्रिया कहा जा सकता है। भाजपा सूत्रों ने बताया कि इसके बाद शीट शेयरिंग और सामाजिक समीकरण को लेकर भी तालमेल बिठाना पड़ता है। जैसे जमशेदपुर पूर्वी सीट पर पूरी संभावना है कि गठबंधन के तहत यह सीट जदयू के खाते में जाए। ऐसे में सरयू राय उम्मीदवार बन जाएंगे पर रायशुमारी हुई।

### रांची में शांतिपूर्ण हुई रायशुमारी

रांची में भी बुधवार को भाजपा ने रायशुमारी का आयोजन किया। इसके तहत रांची, हटिया, खिजरी और इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में रायशुमारी हुई। इन सभी विधानसभा में शांतिपूर्ण तरीके से रायशुमारी हुई। लेकिन इस रायशुमारी पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी। कहा कि हर बार रायशुमारी की जाती है, लेकिन उस पर अमल नहीं किया जाता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी हम कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी गयी थी। लेकिन काम उसके विपरित किया गया। हमारी बातों को नजरअंदाज किया गया। रायशुमारी सिर्फ दिखावे के लिए होता है। बाकी सभी कुछ आलाकमान ही तय करता है। सिर्फ कार्यकर्ताओं को खुश करने के लिए इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

### धनबाद भाजपा कार्यालय में प्रत्याशियों की रायशुमारी में हंगामा

**धनबाद।** विधानसभा क्षेत्र के लिए रायशुमारी कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। दो गुटों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। झड़प करने वाले लोग एलबी सिंह के समर्थक और वर्तमान विधायक राज सिंह के समर्थक बताए जा रहे हैं। इस हंगामे कारण रायशुमारी में वोट देने आए कार्यकर्ताओं के बीच हुआ विवाद बताया जा रहा है। भाजपा के बैंक मोड़ मंडल के पदाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि बैंक मोड़ मंडल के रायशुमारी में मतदान होना था जिसमें कई ऐसे लोगों की मौजूदगी देखी गई जिनका बैंक में मंडल से कोई संबंध नहीं था और जब उनका विरोध किया गया तो हंगामा शुरू हो गया।

मंजीत सिंह ने बताया कि रायशुमारी शांतिपूर्वक से हो रही थी। बैंक मोड़ मंडल की रायशुमारी शुरू ही हुई थी कि कुछ लोग पहुंचे और धक्का मुक्की करने लगे। वे रायशुमारी में शामिल भी नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि चर्चा यह भी है कि ये लोग कार्यालय के बाहर पैसे बांटकर उनके कार्यकर्ताओं को बरगलाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ये सभी लोग दूसरे दावेदार के समर्थक थे।

वहीं भाजपा नेत्री बॉबी पांडेय ने कहा कि मंडल प्रभारी द्वारा रायशुमारी लेने के दौरान गलत तरीके से वोटिंग की जा रही थी। जिसके कारण यह हंगामा हुआ है। गलत चीज कोई बर्दाश्त नहीं करेगा।

उधर, इस पूरे मामले पर रायशुमारी करने धनबाद पहुंचे किसलय तिवारी ने किसी भी तरह के हंगामे या बहस से इनकार करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष रही।वोटिंग के जरिए रायशुमारी की गई।

### पलामू : रायशुमारी कार्यक्रम में हुआ हंगामा

विधानसभा चुनाव से पहले पलामू में भी टिकट के लिए नेता अपनी अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। भाजपा के द्वारा पलामू के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के चयन के लिए रायशुमारी को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्रत्याशियों के समर्थकों ने जमकर हंगामा किया है। हालांकि बीजेपी नेताओं ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट हैं। इस बैठक में रायशुमारी के लिए पर्ची का वितरण किया गया था, जिस पर अपने पसंदीदा प्रत्याशी का नाम कार्यकर्ताओं को लिखना था। आरोप है कि एक पक्ष के द्वारा खास लोगों को पर्ची दी गई और नाम लिखने को कहा जा रहा था। इसके बाद पूरे मामले में विवाद बढ़ता गया और चुनाव लड़ने के दावेदारी करने वाले के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और जमकर हंगामा हुआ है। बिश्रामपुर विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, रामाशीष यादव, नरेंद्र

> **विधायक के द्वारा कांडी के एक पुराने कार्यकर्ता को अपमानित किया गया है, कार्यकर्ता एकजुट हैं, थोड़ी देर के लिए हंगामा हुआ था।**
> –विभाकर नारायण पांडेय, भाजपा

> **कोई हंगामा नही हुआ है, रायशुमारी हो गई है। प्रभारी के सामने सब कुछ हुआ है। विधायक उस दौरान नहीं थे। आरोप निराधार है, ऐसी कोई बात नहीं हुई है।**
> –ईश्वर सागर चंद्रवंशी भाजपा नेता

कुमार पांडेय विभाकर नारायण पांडेय समेत कई नेता अपनी-अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में रायशुमारी के लिए प्रदेश के समिति सदस्य अरुण कुमार झा एवं राजकुमार सिंह को पर्यवक्षक पार्टी के द्वारा बनाया गया था। सूत्रों के अनुसार पर्यवेक्षक के सामने ही पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने हंगामा किया है।

### हजारीबाग में कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने हजारीबाग में रायशुमारी का आयोजन किया। इस रायशुमारी में कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया और पार्टी विरोधी नारे भी लगाए। दरअसल कार्यकर्ताओं का कहना है कि मतदाता सूची के साथ छेड़छाड़ की गई है। इस तरह से उन्हें उनके अधिकारों से वंचित किया गया है। इसी के चलते विरोध दर्ज कराया गया है। हजारीबाग के पैराडाइज होटल में भाजपा ने रायशुमारी का आयोजन किया। हजारीबाग विधानसभा के लिए हुई इस रायशुमारी में भाजपा के कुल 400 कार्यकर्ताओं को मतदाता बनाया गया था। पार्टी ने यह अधिकार संगठन में अपनी जिम्मेदारी निभाने वाले खास कार्यकर्ताओं को दिया है। जिसमें कार्यकर्ता अपनी पसंद के हिसाब से तीन नाम देते हैं। जो गोपनीय रहता है। इन तीन नामों की जांच की जाती है और जिसे सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं उसे उम्मीदवार बनाया जाता है। मतदान प्रक्रिया दो वरिष्ठ प्रदेश स्तरीय नेताओं गीता कोड़ा और सुमित सिंह की मौजूदगी में हुई। मतदान प्रक्रिया के बीच में कुछ कार्यकर्ताओं ने इस पूरी प्रक्रिया का विरोध किया।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रधानमंत्री के आगमन को ले हो रही तैयारियों का अर्जुन मुंडा ने लिया जायजा



**रांची/जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने आगामी 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जमशेदपुर आगमन को लेकर गोपाल मैदान में हो रही तैयारियों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री उस दिन कई रेल का उद्घाटन और परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे और एक आम सभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी, नंदजी प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता साथ थे।

### वेद प्रकाश हत्याकांड : धीरज व सत्यम के खिलाफ कुर्की करेगी पुलिस

**रांची।** रांची पुलिस दिवंगत पार्षद वेद प्रकाश हत्याकांड के आरोपियों धीरज मिश्रा और सत्यम पाठक के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू करेगी। इस मामले के जांच अधिकारी ने रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (चीफ ज्यूडीश्यल मजिस्ट्रेट) की कोर्ट में दोनों अभियुक्तों के खिलाफ इश्तहार जारी करने का आग्रह किया है। इससे पहले कोर्ट दोनों अभियुक्तों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर चुका है। बता दें कि पिछले महीने धुर्वा में वेद प्रकाश को गोली मार दी गयी थी। लंबे इलाज के बाद दिल्ली में वेद प्रकाश की तीन अगस्त को मृत्यु हो गयी थी। इस केस के एक अभियुक्त को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं अन्य आरोपी फरार है।

### वृहत झारखंड अभी बनना बाकी है : ललित महतो



**रांची।** सम्मान की भीख ना मांगे आंदोलन अभी जारी है। बिहार का टुकड़ा मिला है। वृहत झारखंड अभी बनना बाकी है। उक्त बातें ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन आजसू बृहत झारखंड के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से झारखंड अलग राज्य की लड़ाई हमारे पूर्वजों और हम लोगों ने लड़ा था वो उद्देश्य अभी पूरा होना बाकी है। झारखंड को छठवीं अनुसूची राज्य बनाना मूल उद्देश्य है। भाषा-संस्कृति और खतियान के आधार पर झारखंड का स्थानीय नीति, जमीनदाताओं के आधार पर औद्योगिक नीति, त्रिभाषा के आधार पर शिक्षा नीति बने। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए सम विचार धारा वाले झारखंड नामधारी दलों का फ्रंट झारखंड फ्रंट बने और झारखंड नामधारी दल आपसी मतभेदों को भूलकर एक जुट होकर सामाजिक और राजनीतिक ताकत को मजबूत करें। इसके लिए झारखंड नव निर्माण समिति जो एक गैर राजनीतिक संगठन है इसका पहल करेगी।







# राज्य सरकार ने अधिवक्ताओं की मांगों पर लगाई मुहर : महाधिवक्ता

## झारखंड सरकार का निर्णय पथ प्रदर्शक, राष्ट्र स्तर पर मिली नई पहचान

नवीन मेल संवाददाता। रांची



झारखंड राज्य के अधिवक्ता लंबे समय से अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखते आ रहे हैं। इनकी मांगों पर छह सितंबर को राज्य सरकार की कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी है। उक्त बातें महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कही। वे बुधवार को नये हाईकोर्ट परिसर में महाधिवक्ता कार्यालय में पत्रकार वार्त्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राज्य के अधिवक्ताओं को अब पांच लाख रूपए के चिकित्सा बीमा कवर, पेंशन योजना के तहत पूर्व के पेंशन की राशि 7000 रूपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 14000 रूपए की गई है। साथ ही नए अधिवक्ताओं को उनके प्रैक्टिस के प्रथम तीन वर्षों तक प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि को बढ़ाकर 5000 रूपए प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पथ प्रदर्शक निर्णय ने झारखंड राज्य को राष्ट्र स्तर पर नई पहचान दिलाई है। यह ऐतिहासिक निर्णय है।

महाधिवक्ता ने कहा कि अभी न्यासी समिति अधिवक्ता कल्याण कोष में 14967 सदस्य हैं। लगभग 3000 ऐसे अधिवक्ता हैं जो इस न्यास से नहीं जुड़े हैं। उनको इस न्यास से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। न्यास से जुड़ने के लिए प्रतिमाह 200 रूपए की राशि अंशदान के रूप में जमा करना होता है। अगर कोई आजीवन सदस्यता ले तो उसे 2500 रूपए अंशदान के रूप में जमा करना होगा।

राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता ने महधिवक्ता राजीव रंजन से पूछा कि किन अधिवक्ताओं को बीमा का लाभ मिलेगा और किस प्रकार से? इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि 14967 न्यास समिति के लोगों को पांच लाख रूपए तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ मिलेगा। इसका सारा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। प्रीमियम के रूप में जो राशि का खर्च आएगा, वह राज्य सरकार देगी।

# हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है : भाजपा

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- प्रधान सचिव और महाधिवक्ता को पार्टी प्रवक्ता बना रही है झामुमो
- महाधिवक्ता के प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा का पलटवार

झारखण्ड के महाधिवक्ता के प्रेस कांफ्रेंस पर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने विरोध किया है। उन्होंने कहा की जिस प्रकार महाधिवक्ता सरकार का गुणगान कर रहे हैं उससे वो महाधिवक्ता कम झामुमो के विधि प्रकोष्ठ के कार्यकर्त्ता ज्यादा लग रहे हैं। महाधिवक्ता एक संवैधानिक पद होता है और उस पद की गरिमा होती है। महाधिवक्ता ने जिस प्रकार संवैधानिक पद को ताक पर रखकर आज सरकार का गुणगान कर रहे थे, उससे स्पष्ट हो गया है की हेमंत सरकार राजनीतिक लड़ाई लड़ने में सक्षम नहीं है। अब हेमंत सरकार नेताओं के बदले अपने अफसरों एवं महाधिवक्ता को आगे कर के राजनीतिक लड़ाई लड़ रही है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया की अभी हाल ही में सरकार के झारखण्ड कैबिनेट सचिवालय सतर्कता विभाग के प्रधान सचिव वंदना डडेल ने निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर भाजपा नेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आज महाधिवक्ता ने कहा की झारखण्ड देश का पहला राज्य है जहां वकीलों को सरकार अपनी योजनाओ से जोड़कर आर्थिक रूप से मजबूत कर रही है। महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की पहली बार है कि सरकार के किसी कार्य का गुणगान महाधिवक्ता हाईकोर्ट परिसर के अन्दर प्रेस कांफ्रेंस कर के कर रहे हैं। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा की महाधिवक्ता को यह भी बताना चाहिए की हेमंत सरकार ने 2021 में कोर्ट फीस में दस गुना वृद्धि की थी और तब अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया था और उस वक्त महाधिवक्ता ने अधिवक्ताओं के कार्य बहिष्कार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ और अवमानना का मामला बताया था। 6 और 7 जनवरी 2023 को बार काउंसिल के निर्देश पर 35000 से ज्यादा अधिवक्ता अदालती करवाई का बहिष्कार करने का निर्णय लिए थे।

# न्यूज बॉक्स

## एनएसयूआई ने कुलपति का किया घेराव



रांची। जिला एनएसयूआई ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य का घेराव किया। मौके पर अमन अहमद ने कहा की डीएसपीएमयू वेबसाइट द्वारा जारी किया हुआ एकेडमिक मार्क्स में कुछ ऐसे उम्मीदवार है जिनका सिर्फ एम कॉम है साथ में पीएचडी एवं नेट है। पर जब, एमबीए/बीबीए की बहाली हो रही है तो वैसे में सभी उम्मीदवारों कि डिग्री जांच की जाए, इनके पास एमबीए की डिग्री है या नही। यूजीसी के दिशा निर्देश के अनुसार जेपीएससी, बीपीएससी में चयन प्रक्रिया के अनुसार जिस विषय को आप पढ़ाते हो, उस विषय में ढक्ष्‍ होना अनिवार्य है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन मांग करती है की एमबीए/बीबीए में सहायक प्राध्यापक की नियुक्ति मेरिट में आए सभी प्राध्यापको की डिग्री की जाँच किया जाए फिर नियुक्ति किया जाए ।

## रांची विवि के 5 छात्रों का टीचनूक कंपनी में हुआ प्लेसमेंट

रांची। रांची यूनिवर्सिटी ने 9 सितंबर को टीचनूक लिमिटेड का ऑनलाइन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया। इस अभियान में प्रबंधन, वाणिज्य, ग्रामीण विकास और अन्य विभागों के लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। ड्राइव की शुरूआत एक संक्षिप्त प्री प्लेसमेंट टॉक से हुई और इसके बाद दो राउंड हुए। पहले ग्रुप डिस्कशन व दूसरा पर्सनल इंटरव्यू। आईएमएस के 4 और कॉमर्स के 1 छात्र का प्लेसमेंट हुआ। इनकी सीटीसी 6 एलपीए से 9 एलपीए तक होती है। टीचनूक (2021 में स्थापित) भारत का अग्रणी एडटेक स्टार्ट अप और ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म है जो व्यावहारिक और परिणाम आधारित शिक्षण पर केंद्रित है और कंपनियों के लिए उनकी भर्ती आवश्यकताओं के लिए वन स्टॉप प्लेटफॉर्म है। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने इस उपलब्धि में शामिल सभी लोगों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, 'मैं भविष्य में ऐसे कई और मील के पत्थर देखने के लिए उत्सुक हूं।

## योगदा कॉलेज के छात्रों ने शिक्षक के खिलाफ की शिकायत



रांची। योगदा कॉलेज के छात्रों का प्रतिनिधि मंडल राजभवन और रांची विश्वविद्यालय के रजिस्टार शिकायत किया है। छात्रों ने कहा कि कॉलेज में मूलभूत सुविधा के लिए बोला जाता है तो शिक्षक द्वारा डांट के भागा दिया जाता है। इसे लेकर छात्रों ने एनएसयूआई से संपर्क कर उन्हे कॉलेज में बुलाया। ऐसे में कॉलेज के शिक्षक छात्रों को परीक्षा में फेल करने और लाइफ बर्बाद करने की बात कह रहे हैं। छात्रों ने कहा कि हमलोग को लगातार अलग- अलग शिक्षकों द्वारा कॉल कर चैंबर मे बुलाया कर टॉर्चर किया जाता है। मौके पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव रोहित पांडेय, राहुल कुमार, प्रभात कुमार, ऋषभ कुमार, दीपक कुमार ,आदित्य आदि मौजूद थे।

## समय बदला है, साहित्य के प्रस्तुतिकरण में भी बदलाव आया है : डॉ भरत



रांची। यूजीसी- मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीटीसी) में 5 से 18 सितंबर तक पर्यावरण अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन पर रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया गया। इसी के तहत बुधवार को विशेष सत्र में डॉ. विनय भरत ने 'पर्यावरण और साहित्य' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। डॉ. भरत ने अपने व्याख्यान में बताया कि जैसे-जैसे समय बदला है, साहित्य के स्वरूप और प्रस्तुतिकरण में भी बदलाव आया है। मोटी किताबों से हटकर अब छोटे-छोटे विज्ञापनों की पंच लाइन्स हमारे अवचेतन तक पहुंच रही हैं और हमारी जीवनशैली व संस्कृति को प्रभावित कर रही हैं। आज के समय में ऐसे विज्ञापनों के उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का महावाक्य बन चुका है : कैसे बनें 7 दिनों में गोरा, कुछ मीठा हो जाए, या ठंडा यानी कोका कोला। बाजार की आक्रामकता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह हमारे दिलो-दिमाग तक गहरे रूप से पैठ गई है। साहित्यकार महादेव टोप्पो को पढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज जब विकास के नाम पर गांवों के पहाड़ी स्थलों को खनिज और खनन के लिए मिटाया जा रहा है, तब इन कहानियों और उनके पर्यावरणीय संदर्भों का महत्व तभी तक जीवित रहेगा, जब तक इनकी जड़ें पर्यावरण में दफन हैं।

## राम लखन सिंह यादव कॉलेज में नि:शुल्क जांच शिविर आज

रांची। राम लखन सिंह यादव कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग द्वारा आज गुरुवार को नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया है। शिविर सुबह 9:30 बजे से 12:30 बजे तक लगेगा। इस अवसर पर प्राचार्य विष्णुचरण महतो, अध्यक्ष संतोष महतो, डॉक्टर करुणा झा, डॉक्टर सुनीता झा, डॉक्टर एसएन प्रसाद, डॉक्टर महादेव, डॉक्टर हिना यशमीन, डॉक्टर प्रीति रॉय, डॉक्टर अर्चना पाठक, विक्रम शर्मा, राजू राम, संजय राम, अभिषेक बर्नवाल, वसिष्ठ पासवान, बंटी पासवान, रवि अग्रवाल, सूरज पासवान एवं वीरेंद्र प्रसाद उपस्थित रहेंगे।

# भारतीय रक्षा उद्योग को एक्सपो से नई गति मिलेगी : संजय सेठ



नवीन मेल संवाददाता। रांची

- ऑस्ट्रेलिया में आयोजित लैंड फोर्सेज एक्सपो 2024 में पहली बार शामिल हुआ भारत

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया में लैंड फोर्सेज एक्सपो 2024 में इंडियन डिफेंस इंडस्ट्री के पवेलियन का उद्घाटन किया। यह पहला अवसर है जब लैंड फोर्सज एक्सपो में भारत भी शामिल हुआ है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय पवेलियन के उद्घाटन के बाद भारतीय रक्षा उद्योग से जुड़े विभिन्न संस्थाओं के स्टॉल का अवलोकन किया। इस एक्सपो में डीआरडीओ, बीईएमएल, यंत्र इंडिया लिमिटेड सहित कई कम्पनी शामिल हुई। श्री संजय सेठ ने डीआरडीओ के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। एक्सपो में प्रदर्शित प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों के बारे में उन्होंने जानकारियां ली। इस अवसर पर श्री सेठ ने कहा कि भारतीय रक्षा उद्योग को इससे नई गति और शक्ति प्रदान करने में यह एक्सपो सकारात्मक भूमिका निभायेगी। उत्पादन, रोजगार सहित कई क्षेत्रों में नए अवसर सृजित होंगे। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय रक्षा उद्योग को नई ऊंचाई प्राप्त हुई है। आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया जैसे मुहिम के माध्यम से दुनिया का आकर्षण बढ़ा है। हम एक दूसरे के साथ बेहतर समन्वय बनाकर हम रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे हैं। भारत अब रक्षा उत्पादों में अपनी आत्मनिर्भरता तो बढ़ा ही रहा है, साथ में उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। आज हम दुनिया के प्रमुख रक्षा उत्पादकों में शामिल हो रहे हैं। आने वाले दिनों में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने वाला है। इस अवसर पर काउंसलेट जनरल डॉ सुशील कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल अमरदीप सिंह, बीईएलएम के सीएमडी श्री शांतनु राय मौजूद रहे।

# नगर निगम ने माना पंचशील नगर के नाले पर हुआ है अतिक्रमण

नवीन मेल संवाददाता। रांची




एक बार फिर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपी खबर का असर हुआ है। पंडरा स्थित पंचशील नगर के सामने का नाला अतिक्रमण के कारण बंद हो गया है। इस कारण राधा नगर व शांति नगर इलाके के घरों में पानी घुस रहा है। इस खबर को राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रमुखता से उठाया था। इसके बाद प्रशासन की इस ओर आंख खुली। वहीं मामले के तह तक जा पहुंचा। इस संबंध में नगर निगम के उप प्रशासक रविन्द्र कुमार से भी सवाल पूछे गये थे। नगर निगम ने भी माना कि पंचशील नगर के सामने नाला पर अतिक्रमण कर दुकान बनाया गया है, जिससे पानी का बहाव रूक गया है। इस बात की पुष्टि हेहल प्रखंड के कर्मचारी और सिटी प्लानर ने भूमि मापन के पश्चात किया गया।

# सीएमपीडीआई अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबाल टूर्नामेंट शुरू

रांची। सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-3 के तत्वावधान में संस्थान के खेल मैदान में 11 से 13 सितंबर तक अंतर क्षेत्रीय संस्थान वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन सीएमपीडीआई के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार, निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती की गरिमामय उपस्थिति रही। इस तीन दिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंअ के उद्घाटन सत्र में सबसे पहले लीग मैच में क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर का मुकाबला क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद के बीच हुआ। क्षेत्रीय संस्थान-7-भुवनेश्वर की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-2-धनबाद की टीम को 25-14, 25-19 से पराजित कर जीत हासिल की। दूसरे लीग मैच में क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर का मुकाबला मुख्यालय-रांची के बीच हुआ। मुख्यालय-रांची की टीम ने क्षेत्रीय संस्थान-5-बिलासपुर की टीम को 25-22, 19-25, 15-03 से पराजित किया।

# दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली के लिए मोबाइल नंबर जारी

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- सहायक विद्युत अभियंता मेन रोड 9431135624
- पुन्दाग अशोक नगर- 94311 35646
- हरमू- 94311 35625
- कोकर चुटिया- 94311 35627
- लालपुर- 94311 35626
- बरियातू मोराबादी- 943113 5602
- डोरंडा बिरसा चौक- 94311 35623
- तुपुदाना हटिया- 943113 5632
- एच ई सी - 94311 35633
- कचहरी, अप्पर बाजार- 94311 35628
- कांके, पिठोरिया- 94311 35629
- रातू रोड, पिस्का मोड़- 94311 35630
- रातू चट्टी, इटकी- 94311 356 79
- मांडर, चान्हो - 94311 35635
- ओरमांझी, बूटी मोड़- 94311 35634
- टाटीसिल्वे - 94311 35631
- बुंडू-तमाड़- 94311 35638

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड महाप्रबंधक प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने आगामी दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए सभी क्षेत्र के सहायक विद्युत अभियंताओं के संपर्क मोबाइल नंबर जारी किया है। ताकि बिजली संबंधी समस्या उत्पन्न ना हो। वहीं पूजा पंडालों के पदाधिकारी से आग्रह किया है कि पूजा पंडाल एवं बिजली के तारों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी अवश्य बनाकर रखा जाए। पंडाल में भार के अनुरूप अस्थाई विद्युत संबंध ले लिया जाए ताकि उनके भार के अनुरूप क्षमता के अनुसार उचित क्षमता का ट्रांसफार्मर एवं सर्विस तार लगाकर विद्युत संबंध दिया जा सके। पंडालों के आसपास लगे ट्रांसफार्मरों के समीप प्रवेश एवं विकास द्वारा का निर्माण नहीं किया जाए। पंडालों के समीप विद्युत नियंत्रण कक्ष के लिए भी स्थान निर्धारित किया जाए ताकि पूजा के द्वारा विभागीय मिस्त्री को वहां प्रति नियुक्त किया जा सके।

# आज से काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे झाप्रसे अधिकारी

रांची। झारखंड प्रशासनिक सेवा के लगभग 1100 अधिकारी दो दिनों तक काला बिल्ला लगाकर काम करेंगे। यह आंदोलन 12 व 13 सितंबर को होगा। संघ की अध्यक्ष रंजीता हेम्ब्रम ने एक प्रेसवार्ता में बताया कि प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अब आंदोलन को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा संघ ने अपनी सेवा के लंबित मुद्दों को समय-समय पर राज्य सरकार के विभिन्न पदाधिकारियों के समक्ष रखा है। परंतु बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि अब तक कुछ मांगों को छोड़कर हमारी प्रमुख मांगों पर आश्वासन के अलावा कुछ प्राप्त नहीं हुआ है। सरकार के इस उदासीन रवैया से संघ के पदाधिकारी अत्यंत हतोत्साहित हैं एवं उनमें सरकार के प्रति आक्रोश है। झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हूबहू मॉडल हम पर थोपा जा रहा है। संघ झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है परंतु यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए। सेवा संरचना का सुधार कर उसे बेहतर बनाने के स्थान पर राज्य सरकार द्वारा गैर राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारी को भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति देने की अहर्ता को शांत किया गया है। संघ इसका पुरजोर विरोध करता है तथा कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग करती है। संघ के महासचिव राहुल कुमार ने बताया कि सरकार से निर्णय से इन सेवाओं के पदाधिकारी अब मात्र 17 वर्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नत हो जायेंगे, जबकि राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी को यह स्थान पाने में 25 वर्षों से भी अधिक का समय लग जाता है।

# मारवाड़ी कॉलेज की मनमानी से छात्रों का भविष्य अधर में : अभिषेक शुक्ला

नवीन मेल संवाददाता। रांची

- छात्र-छात्राओं की परेशानियों का समाधान 24 घंटे में नहीं हुआ, तो आजसू करेगी आंदोलन

युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला व विशाल कुमार यादव के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एवं मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। वहीं यूजी सत्र 22-26 के विद्यार्थियों की परेशानियों से अवगत कराया। अभिषेक शुक्ला ने परीक्षा नियत्रक से कहा कि मारवाड़ी महाविद्यालय के यूजी सत्र 22-26 के विद्यार्थी सेम 1 और सेम 2 के कई विषय मे फेल हुए हैं। नई शिक्षा नीति के अनुसार सेमेस्टर वन और सेमेस्टर 2 के कम से कम नौ विषयों में पास होना अनिवार्य है। वहीं सेम 1 में जो विद्यार्थी फेल हुए थे उन्होंने अपना बैक पेपर यूजी सत्र 23-27 के विद्यार्थियों के साथ दिया था परंतु उसका परीक्षा परिणाम अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ है। वहीं दूसरी और मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि एवं परीक्षा की तिथि घोषित कर दी है जो किसी भी दृष्टिकोण से विद्यार्थियों के हित में नहीं है। इसे लेकर छात्र-छात्राओं में काफी रोष है वह हताश और परेशान है। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पहले विश्वविद्यालय द्वारा सेमेस्टर वन का परीक्षाफल प्रकाशित किया जाए। उसके बाद सेमेस्टर 3 के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि एवं परीक्षा की तिथि को जारी किया जाए। मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार ने कहा की यूजी सत्र 23-27 के सेमेस्टर वन का परीक्षाफल 7 दिनों में प्रकाशित कर दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में विशाल कुमार यादव, रोशन नायक, सुमित कुमार, आदित्य कुमार के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## एमएसएमई कॉनक्लेव व पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला का हुआ आयोजन

# लघु व मध्यम उद्यमों से झारखंड में 38 लाख को मिल रहा रोजगार : जीतन राम

- योजना से विश्वकर्माओं के जीवन स्तर में हुआ है सुधार : सत्यानंद भोक्ता

नवीन मेल संवाददाता। रांची



केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा मंगलवार को रांची विवि के आर्यभट्ट सभागार में एमएसएमई कॉनक्लेव तथा पीएम विश्वकर्मा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने किया। इस कॉनक्लेव का उद्देश्य एमएसएमई मंत्रालय की योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने, उनकी वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता को उत्प्रेरित करने और नए भारत में विश्वकर्माओं का सम्मान करने का था। इस कॉनक्लेव मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे शोभा करांदलाजे, सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जीतन राम मांझी ने बताया कि झारखंड में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की पंजीकृत संख्या लगभग 10 लाख हो गयी है। जिसमें 38 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। पूरे देश में 20 प्रौद्योगिकी केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिसमें से एक का आज बोकारो जिले में स्थापना रके लिए वर्चुअल मोड में शिलान्यास किया गया। इसकी अनुमानित लागत 200 करोड़ रुपए है। ये प्रौद्योगिकी केंद्र राज्य के एमएसएमई इकाईयों को तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। साथ ही युवाओं के कौशल विकास के लिए कार्य करेगा ताकि उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके। साथ ही पूरे देश में स्थापित हो रहे 100 विस्तार केंद्रों में से 2 विस्तार केंद्र की स्थापना झारखण्ड राज्य के आईएसएम, धनबाद एवं झारखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, रांची में की जाने की स्वीकृति एमएसएमई मंत्रालय द्वारा दी गई है।

## एसएस मेमोरियल कॉलेज में करियर काउंसलिंग का आयोजन

रांची। एसएस मेमोरियल कॉलेज में अनुदिप फाऊंडेशन के द्वारा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ बीपी वर्मा के मार्गदर्शन में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में विद्यार्थियों को अपने करियर रेडिनेश और करियर काउंसलिंग की। अनुदिप फाऊंडेशन के रिप्रेजेंटेटिव ने 21 वीं सेंचुरी स्किल और जॉब रिक्वायरमेंट के बारे में डीटेल्ड जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि उनको आगे नौकरी पाने के लिए कैसे कोर्स में इनरोल होकर के जॉब रेडिनेश के लिए तैयारी कर सकते हैं । अनुदिप फाऊंडेशन ने करियर रीडीनेस बैक ऑफिस कोर्स के बारे में बताया और छात्रों को यह जानकारी दी कि कैसे इस कोर्स में इनरोल हो करके वह आईटी और सॉफ्ट स्कील सीख सकते हैं। अनुदिप फाऊंडेशन की तरफ से ओरमांझी ब्रांच सेंटर हेड प्रमोद सिंह, पीआरओ राजीव वर्मा और सॉफ्ट स्किल ट्रेनर गौरव सिन्हा ने भाग लिया।

## करमा पूजा पर्व 14 सितंबर को मनाया जाएगा

# करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण का देता है प्रेरणा : संजय सर्राफ

नवीन मेल संवाददाता। रांची



विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक करमा पूजा पर्व 14 सितंबर को मनाया जाएगा। आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व करमा पूजा झारखंड, बिहार के अलावे उड़ीसा, बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं असम मे धूमधाम के साथ मनाया जाता है। करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण करने की प्रेरणा देता है। इस पर्व में बहनें अपने भाइयों की सुख- समृद्धि की कामना करती है एवं उनके दीघार्यु के लिए पूजन करती है। महिलाएं 24 घंटे उपवास करती है इस दौरान महिलाएं कर्म डाल की पूरे विधि विधान से पूजा करती है। करमा पर्व सृष्टि का पर्व है ये समस्त मानव, जीव जंतुओं का पर्व है क्योंकि इस संसार में कर्म ही धर्म है धर्म ही कर्म है आदिवासी समाज प्रकृति को ही आराध्य देव और भगवान मानते हैं। तथा उनका मानना है कि कर्म का वृक्ष 24 घंटा ऑक्सीजन देता है यही कारण है कि आदिवासी समुदाय करम वृक्ष को आराध्य देव के रूप में मानते हैं कर्म पूजा के दिन बांस की बनी डाली को सजाकर घर के आंगन के बीच में रखा जाता है। उसके साथ ही कर्म वृक्ष के पेड़ को भी घर के आंगन में गाड़ा जाता है। और उसके चारों तरफ घर की महिलाएं बैठकर पूजा आराधना एवं अपने भाई के सुख समृद्धि की कामना करती है। प्रकृति के साथ इनका गहरा संबंध है। तथा प्रकृति के बिना हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। करमा पर्व हमें प्रकृति के संरक्षण करने की प्रेरणा देने के साथ ही मानव समाज में सद्भाव और अच्छे चरित्र का निर्माण पीढ़ी दर पीढ़ी होते रहने की सीख देती है।

## एक नजर

### तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का हुआ समापन

**चान्हो।** स्वतंत्रता सेनानी सोमा टाना भगत क्लब चलियो सिटी के तत्वावधान मे आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का बुधवार को समापन हुआ। इसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। जिला परिषद सदस्य सह आजसू पाटी केन्द्रीय सचिव आशुतोष तिवारी ने विजेता टीम डुमरटोली को खस्सी व नकदी देकर सम्मानित किया। मौके पर आशुतोष तिवारी ने कहा कि फुटबॉल का जादू ग्रामीण क्षेत्रों में सिर चढ़कर बोलता है। स्वतंत्रता सेनानी को भी इस तरह के आयोजन से सम्मान मिलता है। मौके पर मुखिया चम्पा उरांव, उमेश उरांव, करमु महतो, दिनेश उरांव, जितेंदर उरांव, सुबोध टाना भगत, फूलदेव उरांव, बिरसा भगत सहित अन्य मौजूद थे।

### सांप काटने से महिला की मौत

**अड़की।** थाना क्षेत्र के गुंतूरा गांव मे जहरीला सांप काटने से 34 वर्षीय बुधनी नाग की मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के पति नारायण पाहान ने बताया की सोमवार रात 10 बजे खाना खाने के बाद सो गए थे। इसी दौरान जहरीला सांप बिस्तर पर चढ़ सो रहे महिला को काट लिया। अंधविश्वास के कारण स्वजनों ने डॉक्टरी इलाज ना कराकर आधी रात में मरीज को राईकुट ओझा गुणी से झाड़ फूंक कराने ले गए। सुबह तक काफी समय बीत जाने के कारण महिला की तबियत अत्यधिक खराब होने लगी। पश्चात परिजनों ने उसे सदर अस्पताल खूंटी ले गए । लेकिन उसकी जान नही बच पाई। रास्ते में ही महिला की मौत हो चुकी थी। महिला की चार छोटे छोटे बच्चे है जिनमें एक बच्चा डेढ़ साल का है ।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में मिले 25 आवेदन

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड अंतर्गत लापुंग थाना परिसर मे पहली बार जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बेडो.के डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने सुनी लोगों की फरियाद कहा कि जमीन संबंधी मामलों में अंचलाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि लापुंग में जमीन के मामले अधिक मिले। थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि कुल 25 मामले सामने आए। लोगों में पुलिस प्रशासन के इस कदम की सराहना की। कहा कि लापुंग प्रखंड में सबसे अधिक जमीन संबंधी, मोबाइल गुम होना, जमीन बंटवारा सहित अन्य मामले का आवेदन प्राप्त किया गया। सभी आवेदकों को पावती रशीद दी गई। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी अखिल नीतीश कुजूर ने कहा कि क्षेत्र से उग्रवाद और अपराध को समाप्त करने के लिए पुलिस और पब्लिक को मिलकर काम करने की जरूरत है।

# दिउड़ी मंदिर विवाद : आमसभा में आंदोलन तेज करने का निर्णय

| | | | |
|---|---|---|---|
| जो जमीन 1906 में मुंडाओं के नाम था वह 1932 में गैर आदिवासी पंडा के नाम पर कैसे हो गया | 29 सितंबर को आदिवासी समाज की ओर से टोंडाग, तमाड़ मैदान रैली का होगा आयोजन | कुछ लोगों ने कहा कि पत्थलगड़ी के तर्ज पर आंदोलन खड़ा करने की चल रही है तैयारी | स्थानीय लोगों ने कहा कि पुजारी के पूजन कराने पर उन्हें आपत्ति नहीं |

**नवीन मेल संवाददाता। तमाड़** दिउड़ी मंदिर में बने ट्रस्ट और जमीन के मालिकाना हक के साथ छेड़छाड़ के विरोध में बुधवार को दिउड़ी के पतरा मैदान में एक आमसभा का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड के सभी जिलों से आदिवासी संगठनों से लोग शामिल हुए। आमसभा में कहा गया कि दिउड़ी दिरी खुंटकट्टी जमीन है जो 1906 में मुंडाओं के नाम से था। सीएनटी जमीन होने के बावजूद 1932 में गैर आदिवासी पंडा के नाम पर कैसे दर्ज हो गया। इसे लेकर कोर्ट में याचिका दायर की जाएगी। तालाबंदी के नाम जिन लोगों को जेल भेजा गया उन लोगों की रिहाई के लिए प्रयास किया जाएगा और उनके परिवार को आर्थिक सहयोग किया जाएगा। इसमें जो जनप्रतिनिधि सहयोग नहीं करेंगे आने वाले चुनाव में उनका बहिष्कार किया जाएगा। आने वाले दिनों में इस मामले को लेकर आदिवासी जनाक्रोश महारैली किया जाएगा। अगर सरकार ने इसे संज्ञान में नहीं लिया तो झारखंड बंद करने पर विचार किया जाएगा। आमसभा में कहा गया अवैध तरीके से बनाए गए ट्रस्ट को तत्काल भंग कर इसका संचालन स्थानीय ग्रामसभा को दिया जाए। आम सभा में निर्णय लिया गया कि 29 सितंबर को हम टोंडाग, तमाड़ मैदान रैली किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमारा विवाद मंदिर के जमीन और ट्रस्ट को लेकर है। यहां जो ब्राह्मण पुजारी पूजा करवा रहे हैं इसका हम विरोध नहीं कर रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने दबे जबान कहा कि गत विधानसभा चुनाव के ठीक पहले जिस तरह से पत्थलगड़ी आंदोलन खड़ा किया गया उसी तरह का आंदोलन खड़ा कर आदिवासी-गैरआदिवासी विभाजन पैदा करने की तैयारी है।



### दिउड़ी मडई था मंदिर नहीं : कुंद्रेशी मुंडा

**तमाड़। सभा में उपस्थित कुंद्रेशी मुंडा ने कहीं कि मुंडारी भाषा में दिउड़ी का मतलब होता है पुजारी और दिरी का मतलब होता है पत्थर। आज जिसे दिउड़ी मंदिर के नाम से जाना जा रहा है, वह मंदिर था ही नहीं वह मडई था। गांव का एक मडई। मुंडा राजा ने पूजा करने के लिए इसकी स्थापना की थी। मंदिर के अंदर जाकर देखेंगे तो दिखाई देगा कि किस तरह प्राचीनकाल का बना है। यह कब बना है इसकी जानकारी नहीं है। यहां एक बड़ा सा पत्थर था और पत्थर की ही हम लोग पूजा करते थे। जब जमींदारी प्रथा शुरू हुई उस समय यहां मूर्ति बनाई गई। यह खुंटकट्टी और भुइंहरी जमीन है। सीएनटी एक्ट में खुटकट्टी और भुइंहरी जमीन को बेचा नहीं जा सकता लेकिन इस जमीन को सरकार अपने कब्जे में लेने का प्रयास कर रही है। यह मुंडाओं का पूजा स्थल है, यहां पाहन पूजा करते हैं। 1983-84 में यहां के सीओ ने एख दिन मंगलवार को ब्राह्मनों को पूजा करने की अनुमति दी थी। इसका लिखा हुआ एक पूरा रूल है। वो भी केवल राजपरीवार के लोगों को पूजा करा सकते थे। राज परीवार का पूजा खत्म होते ही उन्हें वापस जाना था। लेकिन धिरे धिरे गैर आदिवासी पूजारियों ने इसपर कब्जा कर लिया। बावजूद इसके हमारा मुख्य मुद्दा मंदिर ट्रस्ट का है। इसे बिना ग्रामसभा के बना दिया गया और ग्रामसभा के किसी व्यक्ति को ट्रस्ट में जगह नहीं दी। ट्रस्ट में एमपी, एमएलए, एसडीओ, सीईओ हैं लेकिन ग्रामीण नहीं।**



### दिउड़ी में दुर्गा की प्रतिमा नहीं, भूंडकुडियां की मूर्ति है : रविन्द्र सिंह



आदिवासी भुमिज मुंडा युवा संगठन के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ने कहा कि 1984 में तत्कालीन सीओ सीताराम बारी ने केवल मंगलवार को ब्राह्मणों को पूजा करने का इजाजत दिया था। यहां केवल मुंडा पाहन ही पूजा कर सकते हैं। अभी मंदिर में जो मूर्ति देख रहे हैं वह मां दुर्गा की मूर्ति है ही नहीं। वह भूंडकुड़िया देवी का मूर्ति है जो वन देवी की बेटी है। मंदिर के अंदर एक बड़ा सा पत्थर था। उस पत्थर की ही पूजा हमारे पूर्वज करते आए उसके बाद उसमें कभी मूर्ति बैठाया ही नहीं गया। उस बड़े पत्थर को ही एक मूर्ति का आकार दिया गया जो भूंडकुडियां देवी है, जिसके 16 भुजाएं हैं। यह मंदिर नहीं है यह पाउडी थान है। हमलोग के साथ छल किया गया है। 1906 में यह जमीन मुंडाओं के नाम था, लेकिन 1932 के सेटलमेंट में पंडा के नाम हो गया। मंदिर वाली जगह सीएनटी में आता है फिर यह कैसे किसी और के नाम में हो गया इसके लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे।

### दुकानदारों ने कहा हमें भी बाहर काम करने जाना पड़ेगा

दिउड़ी मंदिर परिसर में दुकान लगाने वाले दुकानदारों ने कहा कि हमलोग ट्रस्ट का विरोध करते हैं। हम जैसे हैं वैसे ही हमें छोड़ दिया जाए। हमारी ही जमिन में हमें भाड़ा देना होगा। ट्रस्ट के बाद बाकी दुकाने बनाई जाएगी। जिसका पगड़ी लगेगा और हर महीने रेंट भी लगेगा। जो हम नहीं दे पाएंगे। फिर हम बेरोजगार हो जाएगें उसके बाद हमको भी कंही बहार काम करने जाना पड़ेगा।

## न्यूज | बॉक्स

### पीसीआई की टीम ने किया कस्तूरबा विद्यालय का निरीक्षण




**सिल्ली।** सिल्ली कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण पीसीआई के मोहम्मद नवाब परवेज के द्वारा किया गया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से आयोजित जेसीइआरटी में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण ले रहे कस्तूरबा गांधी स्कूल के छात्रा से मोहम्मद नवाब परवेज ने मिलकर उनका हाल-चाल लिया। वहीं विद्यालय के कैंपस, क्लासरूम, लैब, लाइब्रेरी, जिम, साइंस लैब आदि का निरीक्षण किया। साथ ही रसोई घर का भी रखरखाव देखा। तत्पश्चात छात्राओं के द्वारा स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुति कर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर वार्डन चंद्रिका कुमारी, अल्मा रुंडा, रजनी, रानी कुमारी आदि शिक्षक गण उपस्थित थे।

### डीएफओ ने किया चूरी परियोजना का निरीक्षण



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया की एकमात्र भूमिगत खदान चूरी खदान के विस्तारीकरण की जरूरत होगी। इसे लेकर रांची डीएफओ श्रीकांत वर्मा बुधवार को चूरी पहुंचे। उन्होंने चूरी परियोजना की भौगोलिक स्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही परियोजना के पूरब व दक्षिण दिशा पर स्थित वन भूमि को देखा। सीसीएल के विभागीय सूत्रों ने बताया कि फारेस्ट क्लीयरेंस को लेकर वन विभाग द्वारा स्थल का सत्यापन किया जाता है। इसके बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होती है। इसी निमित्त रांची डीएफओ द्वारा परियोजना का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार, परियोजना पदाधिकारी अनुज कुमार, खान प्रबंधक शैलेश कुमार के अलावा कई अधिकारी मौजूद थे।

### खलारी पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण व अपराधियों के धरपकड़ को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। खलारी डीएसपी आरएन चौधरी व खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह के निर्देश पर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों में अभियान चलाया गया। पुअनि कपिलदेव यादव के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने एसीसी कालोनी, बैंक चौंक, डीएवी स्कूल के समीप, आदर्श उच्च विद्यालय के पास आने जाने वाले वाहनों को रोक कर कागजातों की जांच कर रहे थे। साथ ही बिना हेलमेट व ट्रीपल राइडिंग करने वाले दर्जनों वाहन चालकों को सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया।

### खलारी के करकट्टा में धूमधाम से मनेगा दुर्गा पूजा : संजीव सिंह



खलारी। दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर खलारी के करकट्टा दुर्गा मंडप प्रांगण में श्री दुर्गा-काली पूजा समिति करकट्टा की बैठक हुई। अध्यक्षता इन्द्रजीत सिंह ने की। बैठक में विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा दिया गया। वहीं पूर्व के दुगार्पूजा कमेटी को यथावत रखते हुए केवल नए सदस्यों को शामिल किया गया। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा व काली पूजा हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। पूजा कमेटी में अति विशिष्ट सदस्य इंद्रजीत सिंह, संजयकुमार दत्ता, संतोषकुमार महली, दीपमाला कुमारी, सोनी तिग्गा, विनय खलखो, जनेश्वरप्रसाद सिंह, संरक्षक कामताप्रसाद सिंह, रामेश्वर सिंह, सुनील सिंह, सीपी पासवान, महावीर उरांव, हृदयानंद प्रसाद, सुरेंद्र सिन्हा, भगवान सिंह, अशोक राम, रतिया गंझू, राजीवकुमार वर्मा, दिनेश पांडेय घंटू, दीपककुमार पांडेय, उपेंद्र रवानी, राजीवकुमार पांडेय, सह संरक्षक हरेश सिंह, सरोज यादव, विनोद मिश्रा, कुबेर रजक, अध्यक्ष फुलेश्वर यादव, उपाध्यक्ष विनोद सिंह चेरो, अनिल साव, नवेन्द्र साव, रितेश साव, आशीष शर्मा, गुड्डू साव, सुमंतो दत्ता, हर्ष प्रजापति, राजेश गंझू, सुमित सिंह, रमेश मेहता, मनीष सिंह, मनोज यादव, किशन सिन्हा, आयुष सिन्हा, राजू राम, हर्ष, दीपू, अंकित सिन्हा आदि का नाम शामिल है।

#### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने लापुंग को कराया बंद

## जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा : कमलेश्वर

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा आहूत बंद का व्यापक असर देखा गया। लापुंग प्रखंड मुख्यालय के सभी दुकानें बंद रही। बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सड़क में उतर कर दुकान को बंद कराया। वहीं कुछ दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी प्रतिष्ठान बंद रखे। स्कूल, कॉलेज, बैंक, ब्लॉक, अंचल कार्यालय सहित हॉस्पिटल खुले रहे। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों ने बंद का समर्थन किया। इसके लिए आंदोलनकारी मोर्चा ने लोगों ने बधाई दी। आंदोलनकारियों की मुख्य मांगों में चिन्हितीकरण आयोग के कार्यकाल का विस्तारीकरण, पेंशन, भत्ता, रेलयात्रा मुफ्त करना, पचास हजार रू का मासिक पेंशन, छुटे हुए लोगो का चिन्हितीकरण यथाशीघ्र करना, मृत आंदोलनकारियो के उतराधिकारियों को सम्मान रूप से सुविधा व सम्मान देना । इसके अलावे अन्य मांग झारखंड सरकार से मांग रखी गई। इनकी उक्त मांग नही मानने तक बंद व धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। बुधवार को झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह के नेतृत्व में सड़क पर उतरकर आंदोलन को तेज किया। इस दौरान जयंत बारला, सचिव बिरसा मुंडा, उपस्थित सीताराम दास, पारस नाथ दास, रघुनाथ भगत, एतवा मुंडा, बिहारी बड़ाइक, गंदूरा उरांव, अर्जुन उरांव, चेड़गा उरांव, गोइंदा उरांव, बीरू उरांव, हबील कच्छप, के अलाव दर्जनों लोग शामिल हुए। बंद को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने दुकानदारों एवं सरकारी पदाधिकारी की खूब प्रशंसा की। कहा कि झारखंड आंदोलनकारी के आंदोलन को सफल बनाने में सभी का सामूहिक प्रयास है। ऐसे प्रयासों की हम सराहना करते हैं।




## छात्रों को शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास भी जरूरी : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** बुधवार को अड़की प्रखंड के एस बी पब्लिक स्कूल सिंदरी में माता-पिता एवं गुरु पूजन दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आचार्य विद्याधर गोस्वामी और महावीर सिंह मुंडा के द्वारा गणेश वंदना और आरती के साथ शुभारंभ की गई। इसके उपरांत गुरुजनों और माता-पिता का पारंपरिक तरीके से विधि पूर्वक पूजा अर्चना बच्चों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने कहा कि तमाड़-खूंटी रोड पर स्थित एसबी पब्लिक स्कूल प्रखंड के विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ शिष्टाचार और कला के क्षेत्र में अग्रतर ले जाने का काम कर रही है। यह विद्यालय भविष्य में एक उदाहरण बन सकती है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार यादव ने कहा कि अड़की प्रखंड जैसे ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में संस्कृति और गुरुकुल शिक्षा की संस्कार जैसे कार्यक्रम से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। जिससे बच्चों में आगे बढ़ने का हौसला प्राप्त होती है। साथ ही उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में अवैध अफीम नशा की व्यापार बढ़चर के तूती बोल रही है। इसे हम सभी के सहयोग से छुटकारा मिल सकती है। बच्चों को संबोधित करते हुए स्कूल के डायरेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी प्राणी मात्र की सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा अति महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों की पूर्ण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ इस विद्यालय में छोटे-छोटे कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को निखरने का प्रयास है। स्कूल में नन्हे-नन्हे बच्चों के द्वारा गीत संगीत,नाट्य मंचन, हिंदी एवं इंग्लिश में शिक्षकों को संबोधित भाषण प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड के बुधेश्वर कुमार, एसबी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल कुमारी भारती, शिक्षक विभूति दास, राममोहन स्वांसी, कुडू मुंडा, शिक्षिका सुषमा, मीरा, तमन्ना, सीनी ,निहारिका,उमा, गिरीवाला , और विद्यार्थियों के सैकड़ों माता पिता एवं अभिभावक उपस्थित थे।

#### ग्रामीण विकास का सशक्त मॉडल है स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर

## विकसित गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है : सुदेश महतो



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/ मुरी** सामाजिक सहभागिता न केवल समाज की एकता और भाईचारे को बढ़ावा देती है, बल्कि लोगों के बीच आपसी सहयोग, समर्थन और समझ को भी मजबूत करती है। सामाजिक सहभागिता और ग्रामीण विकास को नई रफ्तार देने में स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। साथ ही ग्रामीण विकास का यह सशक्त मॉडल भी होगा। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली प्रखंड के पिस्का पंचायत में बने स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के उद्घाटन समारोह में कही। इस दौरान स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर के संचालन के लिए गूंज परिवार और अनुदीप फाउंडेशन के बीच एमओयू भी किया गया। विकसित गांव के बिना विकास की परिकल्पना अधूरी है। समाज की सभी विशेषताओं को एक स्थान पर लाने की हमारी तैयारी है। इस योजना का लाभ बचपन से 55 तक के सभी लोग लेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षित परिवार के संकल्प को हम पूरा करेंगे। नई पीढ़ी को हर सुविधा उपलब्ध करने के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहे हैं। विकास के इस प्रारूप का आने वाले दिनों में हर जगह अनुसरण किया जाएगा पिस्का में बने स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर में क्षेत्र के युवा, महिला, वृद्ध, किसान, विद्यार्थी समेत समाज के हर वर्ग की सहूलियत का ध्यान रखा गया है। इस स्मार्ट कम्युनिटी सेंटर में एक बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण किया गया है। जहां सामाजिक बैठक, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरकारी, अर्द्ध सरकारी अथवा गैर सरकारी संगठनों की बैठक व कार्यक्रमों, युवाओं द्वारा डिबेट अथवा महत्वपूर्ण चर्चा आदि का आयोजन किया जाएगा। इसका उपयोग विभिन्न स्वयं सहायता समूहों व समितियों की बैठकों के लिए किया जा सकता है। यहां हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था होगी। हेल्प डेस्क में युवाओं और किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी मिल सकेगी।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ मना शिक्षक दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो** सनराइज पब्लिक स्कूल टांगर में बुधवार को बड़े ही धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि का स्वागत बुके दे कर और माला पहना कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर और दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने कहा की समाज में शिक्षक का महत्व पूर्ण स्थान हैं। उन्होंने आदर्श समाज की स्थापना के लिए शिक्षकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने बताया कि समाज के विकास के असली मार्गदर्शन शिक्षक की हैं और उनके बिना देश को एक विकासशील देश की तरह देखना असंभव है। वही विशिष्ट अतिथि शिव उरांव ने कहा की आज के बच्चे कल के भविष्य हैं और इस लिए सभी बच्चों को शिक्षा का महत्व को समझना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुंसफ अंसारी ने शिक्षक दिवस के महत्व एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के मूल्य पर प्रकाश डाला। इस बीच बच्चों द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे हिंदी नागपुरी गाना पर डांस और हिंदी इंग्लिश में भाषण और नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को शहीद वीर बुधु भगत इंटर कॉलेज के उप प्राचार्य मोहसिन खान ने भी संबोधित किया।

#### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन

## हमारा प्रयास जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना : एसपी




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड कार्यालय में सिल्ली थाना और मुरी ओपी की ओर से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी रेनू वाला, अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का और सिल्ली डीएसपी रणवीर सिंह आदि उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में लगभग 56 आवेदन आए । जिसमें जमीन संबंधी, थाना में एफआईआर दर्ज आदि मामला आया साथ ही साथ प्रशासन के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सुंडील निवासी सुषेन महतो का मोबाइल कुछ दिन पहले गुम हो गया था उसे प्रशासन के द्वारा बरामद कर सौप दिया गया। वही पत्रकार विष्णु गिरी ने भी अपनी जन शिकायत जो सिल्ली साहेब बांध के समीप दुकानदारों के द्वारा रोड को अतिक्रमण कर लिया गया है एवं नवयुवक बाइकर्स तेज रफ्तार से सिल्ली एवं मुरी में चलते हैं उसको देखते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। दूसरी ओर डीएसपी रणबीर सिंह ने कहा कि कुछ मामलों का प्रशासन के द्वारा निष्पादन किया गया है। जमीन विवाद मामला अंचल अधिकारी के द्वारा भी निष्पादन किया गया। डीएसपी ने कहा कि हमारा प्रयास है कि जनता और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करना ताकि थाना में जो भी जनता कुछ मुसीबत से आए उनके साथ अच्छा व्यवहार एवं समस्या का समाधान जल्द करना ताकि क्षेत्र में पुलिसिंग का एक संदेश जाना चाहिए कि थाना सबके लिए है और सबका समाधान होता है। इस मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, अवर निरीक्षक पंकज यादव, मणि भूषण पासवान, उत्तम कुमार, रामदेव यादव, इत्यादि उपस्थित रहे।

### झारखंड उत्पाद विभाग में सिपाही नियुक्ति दौड़ का किया निरीक्षण

# पदमा में चल रही दौड़ प्रतियोगिता की व्यवस्थाएं मुकम्मल : डीसी



दौड़ में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को उपायुक्त ने शुभकामनाएं दी

**नवीन मेल संवाददाता**

हजारीबाग। झारखंड उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय ने हजारीबाग के पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पहुंची। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बताया कि 9 सितंबर से 13 सितंबर तक चलने वाले इस दौड़ में प्रतिभागियों के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। उन्होंने आज ट्रेनिंग सेंटर के मेडिकल कैंप,रात्रि में रुकने की व्यवस्था, मेडिकल कैंप में दवाइयां की उपलब्धता, शौचालय आदि का जायज़ा लिया। उन्होंने बताया कि पदमा में चल रही उत्पाद सिपाही दौड़ प्रतियोगिता संचालित किया जा रहा है तथा सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल हैं। मौके पर उन्होंने दौड़ में शामिल हो रहे सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। वहीं पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर के कमांडेंट मोहम्मद अर्शी ने बताया कि पदमा पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित में प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गईं है। उनके रुकने के लिए टेंट का इंतजाम किया गया है। दौड़ के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर मेडिकल कैंप अलर्ट है, प्रतिदिन लगभग 3000 प्रतिभागी इस दौड़ में शामिल हो रहे हैं। दौड़ तय समय अवधि जो 9:00 बजे निर्धारित है पूर्ण कर ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए आठ राउंड यानी 10 किलोमीटर की दौड़ और वही महिला वर्ग के लिए चार राउंड यानी 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।



## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास को लेकर उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बेलकप्पी पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ रोशमा डुंगडुंग, अंचलाधिकारी श्रवण कुमार झा, मुखिया ललिता देवी, पंसस विकास पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कुदुश अंसारी, झारखंड आंदोलनकारी धीरेंद्र पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 729 आवेदन आए, जिसमें 173 का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। जबकि 556 प्रोसेस में रखा गया। बेलकप्पी पंचायत शिविर में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास योजना के लिए 247, सर्वजन पेंशन योजना 94, सावित्री फुले किशोरी समृद्धि योजना 6, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना 21, राशन में संशोधन 7 समेत अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में शिविर में डॉ प्रतिमा प्रिया,पशुपालन पदाधिकारी श्रीनाथ होहोगा, अंचल निरीक्षक सुरेंद्र पासवान, बिशेंबर यादव, अजमल अंसारी, महेश कुमार, त्रिभुवन यादव, संतोष कुमार , रवि कुमार, महेंद्र प्रसाद, संतोष यादव, अरुण हितैषी, मनीष कुमार, सीएससी ऑपरेटर रामनरेश पांडेय, पार्वती देवी, रिंकी मिलिंडा टोप्पो, राधा कुमारी, सविता, सुषमा समेत अन्य लोग शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### उच्च विद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी सरिता कुमारी का समाजसेवी राकेश गुप्ता ने किया स्वागत



**हजारीबाग।** सिंदूर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय के नवनियुक्त प्रभारी सरीता कुमारी को जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता सहित विद्यालय परिवार ने दिन बुधवार को बुके भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया। इस अवसर सबो शिक्षकों ने मिलकर उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं दिया। जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने नवनियुक्त प्रभारी सरीता कुमारी को शिक्षा के क्षेत्र में सदैव अलख जगाने एवं निरक्षर को साक्षर बनाने का शुभकामनाएं दिया। नवनियुक्त प्रभारी सरीता कुमारी मुलतः सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया गाँव की रहने वाली है। एमएससी बीएड की पढाई विनोबा भावे विश्वविद्यालय से शिक्षा दिक्षा प्राप्त किया है। बता दे कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय सिंदूर में छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए आईसीटी लैब, स्मार्ट लैब, एक्टिविटी क्लास रूम एवं खेल मैदान सहित आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है। मौके पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के पूर्व प्रभारी पुष्पा कुमारी, शिक्षक रेखा कुमारी, मालती कुमारी, ज्योत्सना रंजन, पुष्पा कुमारी, श्वेता सिंह, सहित कई कर्मी शामिल रहे।

### लारी और दुलमी में आयोजित करम परब महोत्सव के मुख्य अतिथि होंगे टाइगर जयराम महतो : रमेश



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ इकाई के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने बुधवार को बताया की 12 सितंबर को पार्टी सुप्रीमो टाइगर जयराम महतो का रामगढ़ जिला में तीन जगहों पर कार्यक्रम निर्धारित हुआ है। जिसमें पहला कार्यक्रम किसान हाई स्कूल डभातु गोला में करम परब महोत्सव आयोजित होगा । के.बी हाई स्कूल लारी चितरपुर में करम परब महोत्सव आयोजित होगा । वहीं, दुलमी बाजार टांड दुलमी में करम परब महोत्सव आयोजित होगा। जिला मीडिया प्रभारी ने बताया की करम परब महोत्सव के मुख्य अतिथि टाइगर जयराम महतो होंगे। बताया की कार्यक्रम को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा द्वारा सफल आयोजन हेतु कमेटी बनाई गई है। बताया की कार्यक्रम को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गई है।

### गिरिडीह जिले में राज्यपाल से मिले हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग।** बुधवार को झारखण्ड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने आत्मीय शिष्टाचार मुलाकात की। हजारीबाग मनीष जायसवाल की उनसे यह मुलाकात गिरिडीह जिले के मधुबन मोड़ के चिरकी के समीप हुई। ज्ञात हो की हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव से संबंधित प्रत्याशियों के चयन हेतु भाजपा संगठन के निर्देश पर अपने संगठनात्मक दायित्व निर्वहन में दुमका जाने के क्रम में हुई।

### भाजपा प्रत्याशी चुनने को लेकर रायशुमारी हुई, कार्यकर्ताओं से ली गई जानकारी



**हजारीबाग।** विधान सभा चुनाव में प्रत्याशी चुनने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ से रायशुमारी कर रही है। इस को लेकर बुधवार को भाजपा की दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल हज़ारीबाग़ पहुंची है। गीता कोड़ा और सुनीता सिंह इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं। प्रतिनधिमंडल पहले भाजपा कार्यालय पहुंची जहां उन्होंने सम्बंधित विधानसभा के कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। साथ ही संबंधित मंडल के अध्यक्ष, मंडल कार्यसमिति, मंडल के पूर्व अध्यक्ष व महामंत्री, विधानसभा के क्षेत्र के दायरे में आने वाले जिला अध्यक्ष, जिला कमेटी, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, कार्यसमिति सदस्यों, का मंतव्य भी लिया गया। इस मामले पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि रायशुमारी से जुड़ी रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को सौंपी जाएगी। जिसके बाद उम्मीदवारों का चयन किया जायेगा। ज्ञात हो की प्रदेश भाजपा के द्वारा विधानसभावार संभावित उम्मीदवारों का शॉर्टलिस्ट किया गया है। साथ ही उम्मीदवारों के चयन के लिए भाजपा ने कई स्तर पर सर्वे का काम भी पूर्व में कराया है। राज्य में उन सीटों पर भी रायशुमारी होगी, जहां गठबंधन के तहत आजसू या जदयू को सीटें मिल सकती हैं। बीते दिनों भाजपा चुनाव समिति की पहली बैठक के दौरान उम्मीदवारों के चयन के लिए रायशुमारी का फैसला लिया गया था।

## भाजपा प्रत्याशी को लेकर सूर्यकुंड धाम में की गई रायशुमारी



**नवीन मेल संवाददाता**

▸ कार्यकर्ताओं ने गुप्त मतदान कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में किया वोट

**बरकट्ठा।** प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड में अगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर भाजपा प्रत्याशी को लेकर रायशुमारी की गई।इस निमित भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेष कुमार, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजीव रंजन मिश्रा और जिला महामंत्री सुनील मेहता के नेतृत्व में किये गये रायशुमारी में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया, दारू, इचाक, जयनगर, चलकुशा, चंदवारा और बरकट्ठा भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिला महामंत्री सुनील मेहता ने बताया कि अगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बरकट्ठा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी को लेकर रायशुमारी की गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुप्त मतदान कर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट दिया। उन्होंने बताया कि मतपेटियों को प्रदेश भाजपा कार्यालय भेजा जाएगा। जहां प्रदेश अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों के समक्ष इसका निर्णय लिया जाएगा। रायशुमारी के मौके पर विधायक अमित कुमार यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता बटेश्वर मेहता, समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते 7 पदक लहराया जीत का परचम

**हजारीबाग।** आगरा उत्तर प्रदेश में आयोजित 41वां राष्ट्रीय जूनियर की क्योरुगी और 38वां राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता 8 से 10 सितंबर को आयोजित थी। जिसमे झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए हजारीबाग जिले से आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हजारीबाग जिले के अलग-अलग वर्ग में 7 खिलाड़ियों ने 2 स्वर्ण 2 रजत 3 कांस्य पदक जीतकर हजारीबाग समेत झारखंड राज्य का परचम लहराया। स्वर्ण पदक जीतने वाले सुप्रिया यादव, सौरभ यादव, वही रजत पदक अनुप्रिया कुमारी, रजनी कुमारी, कांस्य पदक पर आलोक रंजन, रूपाली, राज वर्मा, पलक कुमारी पदक जीतने में सफल रहे। राष्ट्रीय कोच में हजारीबाग जिले के रौशन गुप्ता, निरंजन यादव, राजशेखर सिंह की प्रतियोगिता में भागीदारी रही। इनके देखरेख में खिलाड़ी पदक जीतने में सफल रहे।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

## आम जनता तक सीधे पहुंचाना है योजनाओं का लाभ : सुधीर मंगलेश



सरकारी योजनाओं पर सीधा संवाद

विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के उसरा पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि नोडल पदाधिकारी विजेन्द्र कुमार अंचल अधिकारी सह प्रभारी बीडीओ मदन महली, मुखिया संजू चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उजस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की, जिसका उद्देश्य आम जनता को पंचायत स्तर पर योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीण जनता से अपील की कि वे इस कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करें। जहां कर्मियों ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बाल विकास परियोजना द्वारा गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, और लाभुकों को अबूआ आवास, मुख्यमंत्री मईंयां सम्मान योजना, राशन कार्ड, जॉब कार्ड, सावित्री किशोरी स्मृति योजना, और अन्य सामाजिक योजनाओं के लिए फार्म भी वितरित व स्वीकृति दी गई। मौके पर उप प्रमुख धर्मधीर महतो, गंगा चौधरी,बीस सूत्री सदस्य प्रकाश करमाली,शैलेश चौधरी,बबिता देवी, राकेश कुमार,कृषि पदाधिकारी पंकज कुमार, शेख बहादुर, परमानन्द सिंह,आत्म से अफताब अंसारी, पशु चिकित्सा नीना कुमारी एवं स्वास्थ्य विभाग व एनएम कर्मी मौजूद थे।

### श्री रामकृष्ण महाविद्यालय में विनोबा भावे जयंती मनाई गई

**हजारीबाग।** आचार्य विनोबा भावे की जयन्ती के शुभ अवसर पर महाविद्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानन्द तथा विनोबा भावे की तस्वीर पर पुष्पार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ । मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 समाप्ति पॉल, उप-प्राचार्य डॉ0 परीक्षित लायक, वरीय सहायक प्राध्यापिका डॉ0 अपोलिना बाख़ला एवं अन्य सभी सहायक प्राध्यापक मौजूद थे। कार्यक्रम के स्वागत संबोधन में सहायक प्राध्यापिका श्यामली सलकर ने कहा किआज सिर्फ आचार्य विनोबा भावे जी के अनमोल वचनों को केवल सुनें ही नहीं बल्कि उनके द्वारा दिये गये आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात् भी करें । इसके बाद महाविद्यालय के चारों हाऊस के प्रशिक्षुओं के द्वारा विचार प्रकट किये गए, जिसमें भाग लेने वाले बी.एड. सत्र 2023-25 के ज्योति कुमारी, स्वाति रानी, श्वेता कुमारी, व सिमरन कुमारी थी । वरीय प्राध्यापिका डॉ. अपोलिना बाख़ला ने अपने अभिभाषण में बताया कि आचार्य विनोबा भावे के भूदान आन्दोलन ने उन्हें गरीबों का मसीहा बनाया । मंच संचालन की भूमिका पूजा कुमारी सिंह एवं सना परवीन ने निभाई ।

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

## स्वस्थ जीवनशैली के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक : डॉ मुनीष




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** नियमित स्वास्थ्य जांच हमें अवश्य कराना चाहिए। इससे न केवल अलग-अलग बिमारियों के शुरुआती लक्षणों का पता चलता है बल्कि समय पर इलाज भी संभव हो पाता है। साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी मदद मिलती है। उक्त बातें आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से मुख्य कैंपस परिसर में आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप के उद्घाटन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच से हम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। बता दें कि डॉ आलोक राय की निगरानी में विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप में प्राध्यापक-प्रध्यापिकाओं, कर्मियों व विद्यार्थियों समेत 100 से अधिक लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया, जिसमें बी.पी, ऑक्सीजन लेवल, पल्स रेट, बीएमआई, डायबीटिज व अन्य की जांच की गई। डॉ आलोक ने बताया कि बी.पी, डायबीटिज जैसी बीमारियां अब आम हो गई है और 40 वर्ष से अधिक उम्र की एक बड़ी आबादी अब इसके गिरफ्त में आता जा रहा है। ऐसे में नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य के मद्देनजर आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में लोगों की दिनचर्या भी बीमारियों को पांव पसारने का भरपूर मौका दे रहें हैं, ऐसे में स्वास्थ्य की देखभाल को लेकर जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग की ओर से कुछ गांवों में भी हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएंगे और लोगों को इसे लेकर जागरूक किया जाएगा। डीन एडमिन डॉ एसआर रथ व वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार ने भी नियमित स्वास्थ्य जांच को महत्वपूर्ण बताया और इस ओर सूदूरवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।कैंप को सफल बनाने में फार्मेसी विभाग के डॉ आलोक राय के अलावा यशवंत कुमार, रोहित लाल, कुंवरजीत कुमार, अमित कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




## झारखंड आंदोलनकारियों की बंदी का खतियानी परिवार ने किया समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** खतियानी परिवार एवं झारखंड आनदोलन कारी मोर्चा के संयुक्त रुप से बंदी को सफल किया गया। खतियानी परिवार मोर्चा ने सभी मांगों को समर्थन किया और कहा की आंदोलनकारीयों को जल्द से जल्द चिन्हित करें और जो चिन्हित किए गए हैं, उन्हें पेंशन का लाभ जल्द दिया जाए। साथ हीं स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ भी दिया जाए। आंदोलनकारीयों के बच्चों को नौकरी दिया जाए। इन्हीं सभी मुद्दों को लेकर बंद को सफल बनाया गया। इस झारखंड बंद मे खतियानी परिवार के मो हकीम, बाबू भाई विद्रोही, अशोक राम, अनवर हुसैन, नसरुदिन अंसारी, प्रदीप कुमार मेहता, मोहम्मद फखरुद्दीन, सुरेश मेहता, अमर कुमार गुप्ता, सुनीता कच्छप, शंभू ठाकुर, सीता देवी, हंजला हाशमी व अन्य साथी शामिल थे।

## विनोबा भावे की जयंती पर एनएसयूआई ने किया माल्यार्पण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** छात्र संगठन एनएसयूआई द्वारा विनोबा भावे की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विनोबा भावे के आदर्शों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज ने खेद जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस महत्वपूर्ण दिन को मनाने के लिए कोई कार्यक्रम आयोजित करना जरूरी नहीं समझा न ही माल्यार्पण तक किया।

## दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन विधि पूर्वक हुई उत्तम शौच धर्म की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** रामगढ़ स्तिथ श्री दिगम्बर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्तिथ श्री पारसनाथ जिनालय में बुधवार को दशलक्षण पर्व के चौथे दीन उत्तम शौच धर्म का पूजा विधि पूर्वक संपन्न हुई। चौथे दिन रामगढ़ में जलाभिषेक का सौभाग्य महावीर प्रसाद छाबड़ा,नरेंद्र छाबड़ा, महावीर प्रसाद गंगवाल ,विकास गंगवाल,अशोक काला,अमित काला,कमल पाटनी,ओमप्रकाश पाटनी चिनाई वाले को मिला । रांची रोड नागरमल गंगवाल, बीरेंद्र गंगवाल को जलाभिषेक का सौभाग्य मिला। रामगढ़ में चौथे दिन शांतिधारा का सौभाग्य हरकचंद अजमेरा, विवेक अजमेरा,विकाश अजमेरा अमराव देवी गंगवाल,देवेंद्र गंगवाल की मिला । जबकि रांची रोड अमराव देवी पाटनी को शांतिधारा का सौभाग्य मिला। निर्वाण लड्डू चढ़ने का सौभाग्य अरूणा जैन, डॉ शरद जैन परिवार को मिला। चौथे दिन पंडित रमेश जैन शास्त्री, राजेश जैन एवं पंकज जैन ने उत्तम शौच धर्म की जानकारी दी । बताया की शौच का अर्थ शुचिभूत होना अर्थात् काल से आत्मा सप्तधातु मय शरीर के संसर्ग से अपवित्र कहलाता है। इस अपवित्र शरीर से भिन्न जो शुद्धात्मा का ध्यान करके उसी में रत रहता है तथा जो मैं सदा शुद्ध बुद्ध हूँ, निर्मल हूँ, स्फटिक के समान हूँ, मेरी आत्मा अनादि काल से शुद्ध है इस तरह हमेशा अपने अंदर ही ध्यान करता है वह शुचित्व है। आत्मा का स्वरूप ही शौच धर्म है। इसीलिए ज्ञानी महामुनि इसी का ध्यान करते हैं। बाह्म शारीरादि की शुद्धि करना, स्नान करना गंगा यमुना आदि नदी, तालाब या समुद्र इत्यादि में स्नान करके जो लोग अपने को शुचि मानते हैं वे केवल बाह्म शुचि ये शुद्ध हैं, परंतु वह शरीर की शुचि अधिक देर तक कहाँ टिक सकती है ? अगर इसको सदा किसी नदी या तालाब में डुबोकर रक्खोगे तो भी यह सप्त-धातु मय महान् अपवित्र दुर्गन्धमय शरीर कभी शुद्ध नहीं हो सकता।

## उरेज व पचंडा के बीच हहारों नदी पर बनेगा उच्च स्तरीय पुल : अंबा

**नवीन मेल संवाददाता**



**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के आंगो पंचायत के उरेज व पचंडा के बीच हहारों नदी में स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा पर उच्च स्तरीय पुल बनेगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है। विधायक अंबा प्रसाद ने इस अवसर पर प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना से पुल निर्माण में लगभग 5 करोड़ 37 लाख 74 हजार की लागत आएगी। उक्त पुल निर्माण होने से आंगो पंचायत समेत कई सुदूरवर्ती गांव के लोग लाभान्वित होंगे। विधायक अंबा प्रसाद में इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत करोड़ों की लागत से होने वाले कई उच्च स्तरीय पुल निर्माण की स्वीकृति विभाग द्वारा प्राप्त हुई है। विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों में पुल बन रहे हैं, कई पुलो का निर्माण शुरू हो गया है, आगामी दिनों में उरेज व पचंडा के बीच हहारों नदी में बनने वाली उच्च स्तरीय पुल का टेंडर प्रक्रिया निष्पादित होते ही पुल निर्माण शुरू होगा।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एनसीसी के नए बैच के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**



एनसीसी सिर्फ वर्दी और परेड नहीं, बल्कि अनुशासन ,नेतृत्व और देश सेवा का प्रतीक है : बीएन साह

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ में 22 बटालियन, हजारीबाग के सहयोग से एनसीसी 2024 नए बैच के चयन प्रक्रिया का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में राधा गोविंद विश्वविद्यालय और छोटा नागपुर कॉलेज, रामगढ़ के कुल 250 छात्रों ने भाग लिया। पूरे नामांकन प्रक्रिया की देखरेख सुभेदार मेजर जगदीश चंद द्वारा की गई, जिसमें सुभेदार उदय प्रताप, एनबी/सुभेदार सुरेंद्र चंदल, हवलदार संजीव कुमार, हवलदार दानेश कुमार और नायक अनिल कुमार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इनकी संयुक्त मेहनत से नामांकन प्रक्रिया अनुशासनपूर्वक संपन्न हुई। समापन समारोह में सुभेदार मेजर जगदीश चंद ने सभी छात्रों को प्रेरित किया और परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित किया। कुलाधिपति बी. एन. साह ने कहा की एनसीसी सिर्फ वर्दी और परेड नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और देश सेवा का प्रतीक है। विश्वविद्यालय के सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) समरेंद्र नाथ साहा, प्रति कुलपति प्रो (डॉ )रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो( डॉ )अशोक कुमार और प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ने चयनित छात्रों की हार्दिक बधाई दी।कार्यक्रम की सफलता में एएनओ लेफ्टीनेंट डॉ. अमन वर्मा और सहयोगी धनेश्वर बीपी, प्रदीप कुमार रजक, शुभांकर दास और राजू साव का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर

### बांसजोर मिडिल स्कूल का जिला परिषद सदस्य ने किया निरीक्षण

**बांसजोर।** प्रखंड अंतर्गत बांसजोर पंचायत के बांसजोर मिडिल स्कूल का निरीक्षण जिला परिषद सदस्य सह कांग्रेस सेवा दल सिमडेगा के जिला अध्यक्ष सामरोम पौल तोपनो के द्वारा किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि स्कूल भवन की स्थिति बहुत ही दयनीय है, एक कमरा जिसमें 6वी कक्षा के बच्चे बैठे थे उसकी छत से पानी टपक रहा था और जमीन पर जमे पानी को बाहर निकाला जा रहा था, और तो और पंखे मे भी पानी गिर रहा था। इस क्लास में कभी भी शॉर्ट शर्किट से बहुत बड़ी घटना घट सकती है।अन्य एक भवन है वो ताला बंद था, पूछने पर बतलाया गया की वहाँ भी पानी चुने से छत का प्लास्टर टूट कर गिरता है इस कारण से उसे बंद कर रखा गया है।

### प्रशासन ने सिमडेगा के सत्यव्रत ठाकुर का पद्म अवार्ड के लिए भेजा नाम

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पद्म अवार्ड संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पद्मा अवार्ड से संबंधित प्राप्त कुल 04 आवेदनों पर समिति द्वारा विचार - विमर्श किया गया। पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में से एक है। ये पुरस्कार कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, मेडिसन, सामाजिक कार्य व विज्ञान सहित कई अन्य क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल करने वाले और विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को दिए जाते हैं। इस दौरान पद्म पुरस्कारों के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। इसमें जो 04 आवेदन आए थे, उनपर विचार करने के साथ सत्यव्रत ठाकुर के आवेदन पर सर्वसम्मति दी गई। उपायुक्त ने पद्म पुरस्कार के लिए ससमय सत्यव्रत ठाकुर का नाम पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

### जयनगर में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जयनगर।** जयनगर के कटहाडीह में मंगलवार की रात युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान कटहाडीह निवासी इरफान खान की 21 वर्षीय पुत्री सना परवीन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार कि रात सना ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर पंखे में फंदे लगाकर फंदे से झूल गयी, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना कि सूचना पाकर जयनगर पुलिस 11 बजे रात्रि घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी। साथ ही बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो पायेगा।

### दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में तीन लोगों की हुई मौत

**सिमडेगा।** केरसई थाना क्षेत्र के कोंनजोबा भंडारटोली में दो मोटरसाइकिल के भिड़ंत में बुधवार को तीन लोगों की मौत हो गई। घटना दोपहर की है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोंनजोबा बगईटोली निवासी अनीश टेटे अपने साथी अभिषेक केरकेट्टा के साथ बाइक से अपने घर की ओर जा रहा था इसी दौरान कोनजोबा निवासी अजय केरकेट्टा की तीव्र गति से आ रहा था और इसी बीच दोनों में भिड़ंत हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस मौके पर अभिषेक टेटे की मौत हो गई। जबकि अनीश केरकेट्टा एवं अजय केरकेट्टा को गंभीर चोट लगी जिसे तुरंत एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया। इधर-उधर अस्पताल पहुंचते ही अजय की मौत हो गई ।जबकि अनीश की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची भेजे जा रहा था इसी दौरान सदर अस्पताल सिमडेगा में उसकी मौत हो गई।

डीसी ने डीआरडीए सभागार में निकासी व व्ययन पदाधिकारी के साथ की बैठक

# पुरानी पेंशन राशि की संगणना की त्रुटियों को शीघ्र दूर करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के आवंटन के फल स्वरुप झारखंड राज्य अंतर्गत समायोजित निगम कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना के तहत सेवांत लाभ प्रदान करने के निमित्त एनएसडीएल में सरकारी अंशदान एवं ब्याज राशि की वापसी के लिए संगणना में उत्पन्न त्रुटियों के निराकरण से संबंधित चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और इन्हें शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने इससे संबंधित पेंशन धारियों को जल्द से जल्द सूचित करने का निर्देश दिया। 19 सितंबर 2024 को संबंधित कार्यालय में कैंप लगाकर पेंशन प्रपत्र तैयार करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। तथा वैसे कर्मी जिसको कि सी.पी.एफ. राशि का भुगतान कर दी गई है उनका राशि कोषागार के माध्यम से जमा करने के उपरांत प्रपत्र तैयार करने की बात कही।

### नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन के लिए समिति की हुई बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में संविदा आधारित चयन हेतु जिला चयन समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, सिमडेगा में संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई, समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभाग के गाइडलाइन के अनुसार नियुक्ति प्रक्रिया में त्रुटि पाई गई। जिसके तहत उपायुक्त महोदय ने इसे रद् करते हुए पुनः विज्ञापन प्रकाशित करते हुए नये से आवेदन आमंत्रित करने का निर्देश दिया।साथ ही बैठक में आदर्श एवं उत्कृष्ठ विद्यालयों के शिक्षकों का पदस्थापन / स्थानांतरण एवं प्रतिनियोजन से संबंधित कुल 07 मामलों की समीक्षा कर अनुमोदन दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक सहित समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

### 1 साल से बिस्तर पर पड़े व्यक्ति को बीस सूत्री सदस्य के प्रयास पर पहुंचाया गया अस्पताल

**कुरडेग।** प्रखंड के सावां कदमटोली में एक साल से बीमार बिस्तर में पड़ा एक ग्रामीण को कुरडेग प्रखंड बीस सूत्री सदस्य सकीम अंसारी एवं नुसरत परवीन ने सदर अस्पताल सिमडेगा भेजवाया ।बताया गया कि मंगल लकड़ा एक साल से गंभीर बीमारी से ग्रसित था। पत्नी भी बीमार है। जिसका उपचार रिम्स में चल रहा है ।गांव वाले छूत बीमारी समझकर मंगल लकड़ा का किसी भी तरह से मदद नहीं कर रहे थे। इसी बीच इसकी सूचना सकीम अंसारी को मिली। तत्काल दोनों बीससुत्री सदस्य ने गांव पहूंचकर रोगी को एम्बूलेंस के माध्यम से सिमडेगा सदर अस्पताल में भर्ती कराये ।अस्पताल में सकीम अंसारी खुद रहकर जरूरी जांच कराने में मदद की। जांच के बाद बेहतर ईलाज के लिए राँची रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि रोगी की सेहत में सुधार हो रहा है। वहीं सदर अस्पताल में एडमीट बनगाँव (कुरडेग ) निवासी नैमी कुजूर जो सिकलीन नामक बीमारी से ग्रसीत है, मरीज को तत्काल रक्त की जरूरत थी जिसे स्वयं सकीम अंसारी ने रक्त दान कर रक्त मुहैया कराया।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने एक इलेक्ट्रॉनिक न्यूज चैनल के एंकरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी



**सिमडेगा।** झूठा और भ्रामक खबर चलाने का आरोप लगाते हुए सिमडेगा के कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने कशिश न्यूज के एंकर श्रुति सिंह सहित राहुल और आशुतोष मिश्रा नामक तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। इस संबंध में विधायक ने सिमडेगा प्रभारी पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपा है। बताया गया कि प्राथमिकी दर्ज कशिश न्यूज के डिजिटल प्लेटफॉर्म में 12 सितंबर को विधायक भूषण बाड़ा को भाजपा में शामिल करने संबंधी झूठा और भ्रामक खबर फैलाने के बाद विधायक भूषण बाड़ा ने कराई है। अपने आवेदन में विधायक ने कहा है कि इस झूठी और भ्रामक खबर के मामले में तुरंत करवाई करते हुए अविलंब कशिश न्यूज के नामित एंकरों के विरुद्ध धारा 353 बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ताकि फर्जी खबरों से सिमडेगा का सामाजिक वातावरण प्रदूषित न हो। इधर कांग्रेस विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि एक न्यूज चैनल में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा 12 सितंबर को भाजपा में शामिल होने की खबर पूरी तरह से झूठ और बेबुनियाद खबर है। यह सिर्फ और सिर्फ हमारी लोकप्रियता को खराब करने और हमारी जनता के बीच भ्रम पैदा करने के लिए चलाया गया है। विधायक ने कहा कि यह झूठी खबर हमें बदनाम और निचा दिखाने की भाजपा और भाजपा की बी टीम यानी झापा की एक साजिश है।

### विद्यालय संस्थापक स्व डोमन लाल गुप्ता की पुण्यतिथि मनाई गई



**हजारीबाग।** केडी चिल्ड्रेन अकादमी/उच्च विद्यालय, डॉक्टर भाभा मार्ग, मुनका बगीचा में विद्यालय संस्थापक समाजसेवी, हजारीबाग रौनियार वैश्य समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं संयोजक स्वर्गीय डोमन लाल गुप्ता की पुण्यतिथि आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में मनाई गई । उन्हें समवेत भाव-भीनी श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय की प्राचार्या मीनू गुप्ता ने स्वर्गीय गुप्ता के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण कर उन्हें अपनी भाव-भीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय डोमन लाल गुप्ता के शिक्षा के क्षेत्र में संजोय गए सपने तभी पूरे होंगे जब यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं बहुत अच्छे अंको से उत्तीर्ण होकर उच्च पदों पर जाएंगे और अपने समाज और देश की सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करेंगे साथ ही आप सभी में विनम्रता, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन हो। विद्यालय उप प्राचार्या हेमलता मिश्रा ने कहा कि विद्यालय की स्थापना 12 जनवरी 1985 ईस्वी में स्वर्गीय डोमन लाल गुप्ता ने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय नुपुर बाला गुप्ता के साथ की थी जिनका उद्देश्य था कि समाज के निर्धन बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिले जिसे आज भी यह विद्यालय साकार कर रहा है।

### मोर पुलिस-मोय पुलिस के तहत गिरदा ओपी पुलिस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**बानो।** प्रखंड के पांगुर पुलिस पिकेट में मोर पुलिस-मोय पुलिस के तहत गिरदा ओपी पुलिस द्वारा स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार व गिरदा थाना प्रभारी हर्ष कुमार साह ने दीप प्रज्वलित कर दिया। मौके पर डॉ. मनोरंजन कुमार ने कहा बरसात का दिन है पानी उबाल कर पियें। सर्दी बुखार पर लापरवाही न बरतें। स्थानीय स्वस्थ्य उपकेंद्र में जा कर अपना इलाज कराएं। थाना प्रभारी हर्ष कुमार ने कहा आज डॉक्टर आपके गांव आये हैं। सभी समय निकाल कर स्वस्थ्य जांच करा लें। पुलिस आपके सहयोगी हैं। किसी तरह की घटना हो तो तुरंत जानकारी दे। गांव में अबैध शराब न बनाए। इस समय सड़क दुर्घटना बढ़ गई है। तेज गति से वाहन न चलायें ।बिना हेलमेट के पकड़े जाने पर कार्रवाई होगी ।शिविर में बीपी ,शूगर, मलेरिया आदि की जांच की गई ।मौके पर कुसुम, नावागाँव, केवेटाँग, बिंतुका, पांगुर आदि गावों के ग्रामीणों ने अपना स्वस्थ्य जांच कराया।

जिला कार्यालय में विधानसभा चुनाव प्रत्याशियों के लिए हुई रायशुमारी

# भ्रष्ट गठबंधन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
भारतीय जनता पार्टी जिला सिमडेगा के कोलेबिरा एवं सिमडेगा विधानसभा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई,बैठक में विधानसभा चुनाव के निमित्त प्रत्याशियों के लेकर रायशुमारी हुई ।बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं साथ ही आगामी 29 सितंबर को प्रधानमंत्री जी की मन की बात हर बूथ में सुनने की बात कही गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि झारखंड के भ्रष्ट गठबंधन सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकना है, हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार भ्रष्टाचार के नए कृतिमान स्थापित किए हैं आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता मन बन चुकी है की झारखंड से भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है और झारखंड में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन की सरकार बनानी है, अगले विधानसभा चुनाव में थोड़ी सी वोट से सिमडेगा विधानसभा भाजपा चूक गयी इस बार सारा हिसाब बराबर होगा सिमडेगा एवं कोलेबिरा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी, साथ ही उन्होंने कहा कि 20 सितंबर से भारतीय जनता पार्टी की संकल्प यात्रा खूंटी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से शुरू होगी, अरहर प्रखंड में संकल्प यात्रा यात्रा कर झारखंड में परिवर्तन के लिए सकल पी लिया जाएगा। मौके पर अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने दोनों विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की रायशुमारी में भाग लिया।

सिमडेगा में एक ही दिन में चार लोगों ने की आत्महत्या

# तीन ने लगाई फांसी, एक ने खाई जहर

**सिमडेगा।** सिमडेगा में बुधवार को एक हीं दिन में चार लोगों ने आत्महत्या कर ली। जिसमे तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की और एक युवक ने जहर खाकर अपनी जान दी। क्या कारण है कि लोग इतने तनाव में आ गए कि एक दिन में चार लोग अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार पहला मामला सदर थाना क्षेत्र के ठाकुर टोली का है। जहां प्रकाश पाणिग्राही नामक यात्री बस चालक सुबह अपने घर में हीं फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस घटना स्थल जाकर शव अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि घरेलू विवाद के कारण ये फांसी लगाकर अपनी जान दी है। वहीं फांसी का दूसरा मामला ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जोराम खिजुरटांड़ का है। जहां घरेलू परेशानी से तंग आकर कुलदीप प्रधान नामक व्यक्ति ने अपने घर के पास महुआ के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस इसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी है। फांसी का तीसरा मामला बानो प्रखंड के गिर्दा ओपी क्षेत्र का है। जहां अपने घर में हीं एक नाबालिक किशोरी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। इसके आत्महत्या के कारणों का नहीं चला है। घटना की सूचना पर पुलिस घटनास्थल जाकर शव को कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है। चौथा मामला जपला का है। जहां सनातन डांग नामक एक युवक के जहरीली कीटनाशक खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। तब उसके परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विगत छह माह के रिकॉर्ड देखा जाए तो सिमडेगा में फांसी लगाकर या जहर खाकर 50 से अधिक लोग अपने प्राण त्याग दिए हैं। आखिर क्यों इस तरह सिमडेगा में लोग कमजोर होकर इतनी बढी कदम उठाने लगे हैं।

# जंगली हाथियों ने घर को तोड़ा, घर में रखे अनाज को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
प्रखंड के दुमकी पंचायत अंतर्गत चेटमल कटघरा गांव में रात्रि दो हाथी आ धमके एवं सुनीता देवी के घर को तोड़ते हुए घर में रखे अनाज बोरा सहित निकालकर चलते बना। जिससे घर में तीन जगह हाथियों के हमले से घर का दीवार गिर गया है, साथ ही घर का दिवाल गिरने से घर के कई अन्य सामानों को क्षती पहुंची है। इसकी जानकारी कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोनगाड़ी को दिया गया। तत्पश्चात उन्होंने प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज 20 सूत्री सदस्य सह प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, एवं कयूम आलम को निर्देश दिया की संबंधित क्षेत्र का दौरा करते हुए हर संभव मदद दिया जाए, इसके बाद गांव का भ्रमण कर पीड़ित परिवार को सुख राशन प्रदान किया एवं सरकार के द्वारा मिलने वाला मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया ।वही आवेदन लिखवा कर आवेदक को वन विभाग में सौपने की बातें कही साथ ही प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा दोबारा हाथी आने पर आप मिर्ची का चूर्ण तंबाकू का चूर्ण इत्यादि रखें रहे एवं हाथी आने की सूचना पर घर के चारों ओर इसे जलाएं या छिड़क दे जिससे कि हाथी घर पर हमला न करें।

करमा पर्व पर सांस्कृतिक मिलन समारोह का हुआ भव्य आयोजन

# इस तरह के आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर की पहचान होती है : हर्ष अजमेरा

*◆ झारखंडी नृत्य के साथ भाजपा नेता हर्ष अजमेरा का किया गया स्वागत*

*◆ ढोल नगाड़े और मांदर की थाप पर झूमे लोग*



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
आदिवासी मूलवासी करमा पर्व पर भव्य सांस्कृतिक मिलन समारोह का आयोजन सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी प्रखंड के फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित किया गया। जिसमें झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भव्य शोभा यात्रा के साथ हुई। इसके उपरांत झारखंडी नृत्य और झारखंडी गीत को झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने पेश किया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में भाजपा नेता हर्ष अजमेरा सहित अन्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। इन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। समारोह में अतिथियों का स्वागत पारंपरिक झारखंडी ढोल-नगाड़ों की गूंज और मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ किया गया। इस दौरान झारखंड की सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत किया गया, जो उपस्थित जनसमुदाय के लिए अद्वितीय अनुभव रहा। वही आयोजक मंडली के द्वारा हर्ष अजमेरा को फूलों का गुलदस्ता एवं झारखंडी अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इसके बाद स्थानीय कलाकारों ने अपनी अनेकों प्रस्तुति से लोगों को मनमोहित किया। कार्यक्रम की मंच संचालन कृष्णा भोगता के द्वारा किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य लोगों ने झारखंड की प्रसिद्ध करमा गीत पर उत्साहपूर्वक नृत्य किया।

आपकी योजना आपकी सरकार में शामिल हुए विधायक, कहा

# जब-जब गैर सेक्यूलर सरकार केंद्र या राज्य में बनी है, ठगने का काम किया है



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
मेरमडेगा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी प्रखंड में सम्मिलित हुए। उपस्थित आमजन को सम्बोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जब-जब गैर सेक्यूलर सरकार केंद्र या राज्य में बनी है,आम जनता को लॉलीपॉप या ठगने का कार्य किया है। किन्तु जब जब केन्द्र या राज्य में महागठबंधन की सरकार बनी गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों एवं अल्पसंख्यक समुदाय को कुछ न कुछ उत्थान हेतु देने का कार्य किया है।जब केन्द्र में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार थी, तब उनकी सरकार ने वन झेत्र में रहने वाले लोगों को वन पट्टा के लिए अधिनियम, खाद्य अधिनियम, गरीबों को रहने के लिए इन्दिरा आवास योजना आदि लाकर लाभ देने का कार्य किया। झारखण्ड राज्य की सरकार ने सभी समाज सभी धर्म के लोगों को मंहगाई से निजात दिलाने में सहयोगात्मक रवैया अपना कर योजनाएं लाकर सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, अल्पसंख्यक जिला महासचिव जमीर हसन, मोहम्मद कय्युम, आदि उपस्थित थे।

### जन भावना फाउंडेशन ने स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन

**सिमडेगा।** प्रखंड के सेवई पंचायत सचिवालय में जन भावना फाउंडेशन के बैनर तले एवं लक्ष्मी नर्सिंग होम मेन रोड खैरनटोली सिमडेगा द्वारा निशुल्क हेल्थ जांच शिविर किया गया शिविर में मुख्य अतिथि मुखिया संघ के प्रवक्ता सह मुखिया कोचेडेगा शिशिर टोप्पो एवं विशिष्ट अतिथि सेवई पंचायत के मुखिया सावित्री देवी तथा संस्था के जिला प्रमुख खुशीराम कुमार ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस जांच शिविर में शिशिर टोप्पो ने कहा कि जन भावना फाउंडेशन, निःशुल्क जांच शिविर लगा कर लोगों को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने के साथ स्वास्थ्य लाभ भी देने का कार्य कर रही है जो हमारे लोगों के लिए वरदान साबित होता हुआ दिखाई दे रहा है। इस शुभ अवसर पर सावित्री देवी ने कहा कि जन भावना फाउन्डेशन को साथ देने के डॉक्टर सहित नर्स बहनों ने सेवा के भावना से जिस तरह से कार्य कर रही है। जिसकी हम सरहना करते हैं और आगे भी इसी तरह लोगों को सेवा देते रहें जिससे कि हमारे गांव घर के सभी लोग स्वस्थ्य का लाभ उठाकर निरोग रहें।

# उपायुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना अंतर्गत जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि बाल विवाह, दहेज प्रथा को समाप्त करने व किशोरियों, बालिकाओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लागू की गई है। इसमें प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने एवं सभी योग्य किशोरियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंडों के हाट बाजारों, गांव, पंचायतों में घूम घूम कर लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। उन्होंने ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य किशोरियों के अपने जीवन के सम्मान में स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना है। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त और राइट टू एजुकेशन के अंतर्गत विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरियों को लाभ मिलेगा। योजना के अंतर्गत ड्रॉपआउट किशोरियों को स्कूल, कॉलेज से जोड़ने की विशेष पहल होगी। योजना अंतर्गत मिलने वाली राशि छात्रवृत्ति के अतिरिक्त होगी। मौके पर समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर दो लोग हुए घायल

**बानो।** मोटरसाइकिल सवार को अज्ञात वाहन के टक्कर से दो व्यक्ति घायल हो गए मिली जानकारी के अनुसार जलडेगा निवासी रोहित जोजो अपने दोस्त के साथ लचरागढ़ बाजार से महाबुवांग थाना क्षेत्र के ग्राम एल्ला निवासी जीजस होरो के साथ बानो की ओर जा रहा था। तभी सामने से आ रही चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी ।जिससे दोनों मोटरसाइकिल सवार गिर कर घायल हो गए। चार पहिया वाहन टक्कर मार कर फरार हो गया। दोनो घायलों को बानो पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो पहुँचाया ।जहां पर घायलों का इलाज कराया जा रहा है।

## एक नजर

### सरायढेला व धनसार में बालू जब्त एफआईआर दर्ज

**धनबाद।** जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के तहत एसडीओ उदय रजक के नेतृत्व में खनन टास्क फोर्स ने बीती रात खनिजों के अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध जांच अभियान चलाया। धनसार में भी अवैध ढंग से जमा किए गया करीब 800 सीएफटी बालू पकड़ा गया है। धनबाद गोविंदपुर रोड पर गोल बिल्डिंग के पास जांच अभियान चलाया। जांच के क्रम में हाइवा संख्या जेएच 10बीवाई 2891 को रोकने का इशारा किया। हाइवा चालक जांच दल को देखकर हाइवा वहीं छोड़कर फरार हो गया। हाइवा पर लगभग 500 क्यूबिक फीट बालू लदा मिला। साथ ही हाइवा की जांच करने पर बालू के संबंध में कोई भी वैध कागजात नहीं मिले।

### जिलास्तरीय प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**धनबाद।** झारखंड शिक्षा परियोजना की समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के लिए जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कराई गई। बिरसा मुंडा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष शारदा देवी एवं डीईओ निशु कुमारी ने किया। जिले के लगभग 150 दिव्यांग बच्चों ने हिस्सा लिया। इनमें अस्थि विकलांग, मूकबधिर, मानसिक रूप से कमजोर तथा दृष्टि बाधित बच्चे शामिल थे। मौके पर एडीपीओ विजय कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रभाग प्रभारी समावेशी शिक्षा डॉ मीतू सिन्हा, सभी प्रखंड के रिसोर्स टीचर, फिजियोथेरेपिस्ट समेत अन्य मौजूद थे।
100 मीटर दौड़ः नील खरवेल बलियापुर, निताई कुमार पूर्वी टुंडी, गणेश महतो बाघमारा, जलेबी रेस, बालकः वरुण कुमार बाघमारा, कामरान अंसारी गोविंदपुर, साहबान अंसारी बलियापुर, जलेबी रेस बालिका : चमकी कुमारी पूर्वी टुंडी, रजिया परवीन धनबाद, रश्मि रही।

### भजन गा रही महिला का हाथ पकड़ने को ले चाकूबाजी, 6 लोग घायल

**साहेबगंज।** राजमहल के कल्याणचक में गणेश पूजा पंडाल में सोमवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भजन गा रही महिला का हाथ पकड़ने को ले चाकूबाजी की घटना हुई। इसमें करीब छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर है. स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों गंभीर घायलों को मालदा रेफर कर दिया गया. बाकी घायलों का इलाज सादर अस्पताल, साहिबगंज में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान रात करीब दो बजे कुछ शरारती लोग भजन गा रही महिला कलाकार को पैसा देने के क्रम में उसका हाथ पकड़ने को कोशिश करने लगे. इसको लेकर विवाद शुरू हो गया. मना करने पर कुछ युवकों ने लोगों पर चाकू से हमला कर दिया. चाकू से हमला करने वाले एक युवक राजा मंडल को ग्रामीणों ने पकड़ लिया।

# दुमका में मकई लदा ट्रक पलटा, हादसे में एक पर्यटक की मौत, नौ घायल



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका** जिले के मसानजोर डैम के समीप बुधवार को भीषण सड़क दुर्घटना हुई है. दुमका से पश्चिम बंगाल जा रहा एक मकई लदा ट्रक अचानक बीच सड़क पर पलट गया. जिसकी चपेट में आने से एक महिला पर्यटक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि घटना में नौ पर्यटक घायल हो गए हैं. जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस पहुंच गई और राहत-बचाव कार्य में जुट गई है. प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो डैम के समीप सड़क काफी ढलान है. इस कारण मकई लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. इस क्रम में मसानजोर डैम घूमने आये कई पर्यटक मकई के बोरे से दब गए. जिसमें एक पर्यटक की मौत हो गई है. जानकारी के मुताबिक मृतक के साथ सभी घायल पर्यटक पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के बोलपुर इलाके के रहने वाले हैं. सभी पर्यटक एक टूरिस्ट बस से मसानजोर डैम घूमने के लिए पहुंचे थे. घटनास्थल से मसानजोर थाना की दूरी महज 200 मीटर है. ऐसे में जानकारी मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई और राहत - बचाव कार्य में जुट गई है. स्थानीय लोगों की मदद से बोरी के नीचे दबे कई पर्यटकों को सकुशल निकाला गया है. घायलों में दिव्येंदु बागती (5 वर्ष), पूर्णिमा बागती (26 वर्ष), चायना बागती (45 वर्ष), मणिका (29 वर्ष), किसुन कर्मकार (60 वर्ष), नमिता कर्मकार (35 वर्ष), उन्नति बागती (60 वर्ष), आल्पना बागती (45 वर्ष), अनिमा बागती (50 वर्ष) शामिल हैं.

**घायलों को किया गया सिउड़ी रेफर :** इस संबंध में मसानजोर के थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि मकई लदा ट्रक पलट गया. जिसकी चपेट में कई पर्यटक आ गए. घटना में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए हैं. घायलों को पहले नजदीक के रानीश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजा गया था. जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें पश्चिम बंगाल के सिउड़ी रेफर किया गया है. ट्रक चालक भी घायल है. उसका इलाज चल रहा है।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की हुई मौत, भीड़ ने चालक को पीटा

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**
हिरणपुर थाना क्षेत्र में तारापुर गांव के पास एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. हादसे के बाद कुछ लोगों ने ट्रक का पीछा किया और चालक को पकड़ लिया. इसके बाद उसकी जमकर पिटाई कर दी. इस दौरान भीड़ की पुलिस से भी झड़प हुई. जानकारी के मुताबिक पाकुड़ हिरणपुर मुख्य सड़क स्थित तारापुर गांव के पास मंगलवार रात के लगभग 10 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में गोबिंदपुर गांव के रहने वाले 55 वर्षीय सज्जाद अंसारी नाम के व्यक्ति की मौत गयी. घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा. जिसके बाद लोगों ने ट्रक का पीछा किया और ट्रक को रुकवाया. ट्रक रुकवाने के बाद लोगों ने चालक की पिटाई कर दी. सूचना मिलते ही हिरणपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पार्टी पर हमला कर दिया, जिससे थानेदार नवीन कुमार के सिर पर



गंभीर चोटें आईं. जिसके बाद अन्य पुलिस कर्मियों ने थानेदार को तुरंत अस्पताल पहुंचाया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया. इधर, ग्रामीणों ने सड़क जामकर हंगामा शुरू कर दिया. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया. इसके बाद पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने बताया कि ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक चालक की मौत हो गयी थी।

# पाकुड़ में छात्रा से छेड़खानी के आरोप में हेडमास्टर गिरफ्तार, ग्रामीणों का हंगामा

*पुलिस ने मामले में परिजनों और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए*

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** जिले के रद्दीपुर ओपी क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल के हेडमास्टर पर स्कूल की एक छात्रा से छेड़खानी करने का आरोप लगा है. घटना के बाद आक्रोशित परिजनों सहित ग्रामीणों ने स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया. साथ ही स्कूल में ताला जड़ दिया. इधर, मामले की सूचना मिलते ही रद्दीपुर ओपी प्रभारी विवेक कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझा- बुझाकर शांत कराया. ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि स्कूल की 11 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ विद्यालय के हेडमास्टर असराफुल हक ने छेड़छाड़ किया था. इसकी जानकारी छात्रा ने अपने परिजनों को दी थी. पुलिस ने मामले में परिजनों और ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इसके बाद आक्रोशित ग्रामीण शांत हुए. साथ ही ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों से स्कूल का ताला खुलवाया.

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर :** इधर, घटना को लेकर पीड़ित छात्रा के परिजनों की लिखित शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. ग्रामीणों ने बताया कि इसके पूर्व भी हेडमास्टर कई अन्य छात्राओं के साथ छेड़छाड़ कर चुका है. साथ ही वह बच्चियों को डरा-धमका कर चुप करा देता था. वहीं परिजन भी लोकलज्जा के कारण पुलिस से शिकायत नहीं करते थे. इस संबंध में थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि परिजनों की लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है. साथ ही विद्यालय के हेडमास्टर असराफुल हक को गंगड्डा गांव स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पगला नदी से जहरीले सांप का रेस्क्यू, घने जंगल में छोड़ा गया

**पाकुड़।** देश के सबसे जहरीले सांप में से एक को पगला नदी से वन विभाग के कर्मियों ने रेस्क्यू किया. रेस्क्यू किए गए सांप को दुमका जिले के काठीकुंड के घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया. सांप से किसी को कोई खतरा होता उससे पहले ही ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दे दी. उक्त जानकारी वन कर्मी असराफुल शेख ने दी. वन कर्मी असराफुल ने बताया कि महेशपुर प्रखंड के देवीनगर एवं नारायणगढ़ गांव के बीच पगला नदी में एक सांप पर ग्रामीणों की नजर पड़ी थी. सांप को देखते ही ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी. सूचना मिलते रेस्क्यू टीम पहुंची और सांप को पकड़ कर उसे अपने साथ ले गयी और घने जंगल में छोड़ दिया. असराफुल ने बताया कि सांपों की प्रजातियों में सबसे ज्यादा जहरीला राज सांप होता है अगर यह सांप किसी को काट ले तो 30 से 40 मिनट के अंदर इंसान की मौत हो जाती है.

# मकान में चोरी की नीयत से घुसा था चोर, धुनाई

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
शहर के दतिया इलाके में मंगलवार की देर रात एक घर में घुसकर चोरों ने चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन इस दौरान एक चोर को गृह स्वामी ने पकड़ लिया. इसके बाद लोगों ने चोर की रस्सी से बांधकर जमकर पिटाई की. दूसरे दिन बुधवार सुबह जब पुलिस को घटना की जानकारी मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को मुक्त कराकर अपने साथ थाना ले आयी और उससे पूछताछ कर रही है. फिलहाल पुलिस ने मामले में कुछ भी बताने से इनकार किया है.

**आरोपी से पुलिस कर रही है पूछताछ :** इस संबंध में खूंटी थाना प्रभारी ने बताया कि विगत दिनों चोरी के मामलों में दर्जनों चोरों को



गिरफ्तार किया गया था. फिलहाल लोगों के द्वारा पकड़े गए चोर से पूछताछ की जा रही है. उन्होंने बताया कि देर शाम तक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा. जानकारी अनुसार खूंटी थाना क्षेत्र के कर्रा रोड में लोगों ने चोर को उस वक्त पकड़ा, जब वह एक घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था. लोगों ने पकड़ कर उसकी जमकर धुनाई कर दी.

**निमार्णाधीन मकान में चोरी की कोशिश :** बताया जाता है कि मंगलवार की आधी रात को चोर एक निमार्णाधीन मकान में चोरी की नीयत के घुसा था. वह घर से बिजली का तार, मोटर सहित अन्य चीजें समेट कर भागने वाला था, तभी ग्रामीणों ने उसे देख लिया और फिर घेराबंदी कर उसे धर दबोचा।

# तीन दिनों से लापता था शख्स, तालाब से मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
शहर के पॉश इलाके स्थित चौधरी तालाब से बुधवार को एक शख्स का शव बरामद किया गया है. शव की शिनाख्त मुरहू निवासी 45 वर्षीय जहीर खान के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि जहीर को आठ सितंबर को पेट दर्द की शिकायत पर सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा था और डॉक्टरों ने उसे एडमिट कर लिया था, लेकिन दूसरे दिन ही वह अस्पताल से लापता हो गया था. परिजनों ने खूंटी थाना में गुमशुदगी का सनहा भी दर्ज कराया था.

**पुलिस ने तालाब से बरामद किया शव :** जानकारी के अनुसार चौधरी मुहल्ला के लोगों ने सबसे पहले शव को तालाब में देखा था. इसके बाद देखते ही देखते लोगों की भीड़ तालाब के पास जुट गई. स्थानीय लोगों ने खूंटी थाना की पुलिस को मामले की सूचना दी. जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाकर अपने साथ थाने ले गई.

**तीन दिन से लापात था शख्स :** इसके बाद दोपहर 12 बजे के करीब मृतक के परिजन थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की. परिजनों ने पुलिस को बताया कि जहीर खान नशे का आदि था. साथ ही बताया कि पेट दर्द की शिकायत पर जहीर को आठ सितंबर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. लेकिन वह अस्पताल से भाग गया था. इधर, 11 सितंबर की सुबह चौधरी तालाब से शव बरामद होने की जानकारी मिली.खूंटी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तालाब में डूबने से मौत होने की आशंका है.

# सड़क जाम से एक दिन पूर्व छोटानागरा पंचायत के गांवों में दूषित जलापूर्ति हुई



**नवीन मेल संवाददाता। चाईबासा** अनिश्चितकालीन सड़क जाम से एक दिन पूर्व 11 सितम्बर की सुबह बाईहातु जलमीनार से छोटानागरा पंचायत के गांवों में जलापूर्ति की गई. लेकिन पानी काफी गंदा व पीने योग्य नहीं था. पानी सप्लाई भी काफी कम समय के लिये किया गया. इससे ग्रामीण नाराज हैं. इस संबंध में छोटानागरा पंचायत की मुखिया मुन्नी देवगम और जोजोगुटु के मुंडा कानूराम देवगम ने कहा कि छोटानागरा पंचायत के 10 गांवों के ग्रामीण पिछले एक माह से भी अधिक समय से पेयजल आपूर्ति नहीं होने और नियमित बिजली नहीं रहने से परेशान हैं. इसी से नाराज होकर सभी गांवों के ग्रामीण 12 सितम्बर की सुबह लगभग पांच बजे से छोटानागरा थाना अन्तर्गत बाईहातु गांव के समीप मुख्य सड़क अनिश्चितकालीन जाम करेंगे. सड़क जाम के डर से 11 सितंबर को पानी आपूर्ति की गई, लेकिन पुनः यही हाल होने वाला है. ऐसे में विभागीय उच्च अधिकारी जब तक आकर यह आश्वस्त नहीं करते की साफ पानी की नियमित आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी, तब तक सड़क जाम रहेगा. उन्होंने कहा कि बाईहातु आसन्न जलापूर्ति योजना के तहत पंचायत के सभी 10 गांवों और ग्रामीणों के घर तक पानी पहुंचाना था, लेकिन यह कार्य अब तक पूरा नहीं हो पाया है. इसकी निष्पक्ष जांच करवा कर अधूरे कार्य को पूरा करने, नियमित बिजली आपूर्ति की भी मांग है।

### जगन्नाथपुर विस सीट से प्रत्याशी चुनने के लिए हुआ गुप्त मतदान

**किरीबुरू।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने 11 सितम्बर को झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र के लिये अपने संभावित प्रत्याशियों के नामों पर सहमति व रायशुमारी का कार्य प्रारम्भ कर दिया है. जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के रुप में पूर्व सांसद गीता कोड़ा, एसटी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मंगल सिंह गिलुवा, पूर्व जिलाध्यक्ष विपिन पूर्ति ने दावेदारी पेश की है. इसके लिये बतौर पर्यवेक्षक पलामू के सांसद बीडी राम की देखरेख में नोवामुंडी कल्याण मंडप में बुधवार को विशेष बैठक व गुप्त मतदान कराया गया. इस वोटिंग में जिला पदाधिकारी एवं जिला कार्यसमिति सदस्य, सह संयोजक एवं प्रभारी, अब तक के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश प्रकोष्ठ एवं विभाग के संयोजक, सह संयोजक, जिला मोर्चा के लगभग 130 पदाधिकारी शामिल हुए।

**एमजीएम मेडिकल कॉलेज : सेल ने की जांच, नहीं मिले रैगिंग के सबूत**

# जूनियर छात्र ने सीनियर पर लगाया था रैगिंग का आरोप




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**
एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर रैगिंग का एक मामला सामने आया है. इससे पीड़ित छात्रों ने इसकी शिकायत नेशनल मेडिकल कमीशन ( एनएमसी ) एंटी रैगिंग सेल से की है. शिकायत पर एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को इसकी जांच कर रिपोर्ट देने के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. जानकारी पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बैच 2021 व 23 के एमबीबीएस छात्रों ने एनएमसी से शिकायत की है कि एक सीनियर छात्र रैगिंग लेता है.

**आरोपी विद्यार्थी से की गयी पूछताछ :** छात्रों ने यह भी शिकायत किया है कि अभी उनका परीक्षा होने वाला है. ऐसे में उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. उन्होंने सबूत के तौर पर सात सितंबर का सीसीटीवी कैमरा देखने को कहा है. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को एंटी रैगिंग सेल की बैठक मेडिकल कॉलेज में बुलायी गयी. सभी शिकायत की गयी सभी बिंदुओं पर चर्चा करते हुए इसकी जांच की गयी. इसके साथ ही आरोपित इंटर्न डॉक्टर से पूछताछ भी की गयी. सीसीटीवी कैमरे भी देखा गया लेकिन रैगिंग से संबंधित कोई तथ्य नहीं मिला।

### पहले भी लग चुका है रैगिंग का आरोप

एंटी रैगिंग सेल ने पाया कि जिस दिन रैगिंग होने की बात कही जा रही है उस दिन संबंधित इंटर्न चिकित्सक शहर में मौजूद ही नहीं था. वह अपने परिजनों के साथ रांची के एक अस्पताल में इलाज कराने गया था. इससे संबंधित कागजात भी उन्होंने एमजीएम प्रबंधन को दिया है. टीम ने जांच में पाया कि इससे पूर्व भी इस युवक पर एक बार रैगिंग का आरोप लग चुका है. एंटी रैगिंग सेल के सदस्यों ने बताया कि हाल के दिनों में रैगिंग के कई मामले सामने आये है. लेकिन उसकी जांच की गयी तो आरोप साबित नहीं हुए. हालांकि, कॉलेज प्रबंधन अपने स्तर से इसकी जांच कर रहा है।

# दौड़ से पूर्व पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में बांटे गए सेव, केला व मिनरल वाटर



**नवीन मेल संवाददाता। जादूगोड़ा** उत्पाद विभाग की सिपाही बहाली में दर्जन भर युवाओं की मौत के बाद प्रशासन ने अब दुबारा शुरू हुई दौड़ के दौरान एहतियात बरतते हुए जादूगोड़ा पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में दौड़ से पूर्व प्रतिभागियों के बीच सेव, केला एवं मिनरल वाटर का वितरण किया जा रहा है ताकि वे खाली पेट नहीं दौड़ें. इस बीच उत्पाद विभाग में चल रही सिपाही बहाली के दूसरे चरण में झारखंड के कोने-कोने से पहुंचे 760 प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई, जिसमें 450 युवक व 125 युवतियां सफल हुई. अब इन सभी चयनित प्रतिभागियों को लिखित परीक्षा व मेडिकल से गुजरना होगा. जिसके बाद ही उनका भविष्य सुरक्षित हो पायेगा. जादूगोड़ा थाना अंतर्गत सासपुर गांव स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में 12 व 13 सितंबर के बाद दोबारा 19 व 20 सितंबर यानी चार दिनों तक उत्पाद सिपाही की बहाली दौड़ होगी. यह जानकारी पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के एसपी विजय आशीष कुजूर ने दी. उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को दौड़ से पूर्व उन्हे कई जानकारियां देने के साथ उनकी हौसला आफजाई की जाती है ताकि जोश, उत्साह व उमंग के साथ प्रतिभागी अपने भविष्य के सपने को साकार कर सकें.


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची) कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**

**राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023–24 में महिला स्वयं सहायता समूहों एवं अन्य को कृषि यंत्रों का वितरण अन्तर्गत मिनी ट्रैक्टर एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु वितरण की योजना।**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या 56 दिनांक 06.11.2023 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023–24 "महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समहों/लैम्स/ पैक्स/ जलछाजन समितियों एवं अन्य कृषक समहों को कृषि यंत्रों का वितरण अन्तर्गत मिनी ट्रैक्टर एवं छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु का पैकेज तैयार करने हेतु मिनी ट्रैक्टर एवं सहायक कृषि यंत्रों की सूची एवं अनुदान तथा जिला का भौतिक लक्ष्य निम्न प्रकार से होगी :–

| Sl. No. | Detail of Agri. Machine | Total Package cost for group (Rs in lakhs) | Maximum subsidy for groups (80%) ( Rs in lakhs ) | कृषक समूह पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) | कृषक पैकेज का भौतिक लक्ष्य (संख्या) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | Mini Tractor (12.0-22.50 PS max PTO) Approved model tested by (FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Seat, Hitch, hood, Drawbar Attachment, Insurance, Registration, GPS Attachement etc. | Rs. 6.25 | Rs. 5.00 | 05 Nos | 05 Nos |
| 02 | Power Tiller (8.5-15.5 Max horse power- ps) Approved model tested by (FMTTI as in GoI letter) with standard Tool Kit, Rotary, Seat Attachment, Battery in case of Self Start, Universal mounting Frame. | | | | |
| 03 | Power weeder/ rotary tiller | | | | |
| 04 | Self Propelled Rice transplanter. | | | | |
| 05 | Self Propelled Reaper | | | | |
| 06 | Rice Huller with Polisher. | | | | |
| 07 | Mini Rice mill | | | | |
| 08 | Mini Tractor Compatible – Rotavator (2.5-4.0 ft) | | | | |
| 09 | Mini Tractor Compatible Cultivator (5-7 tynes), | | | | |
| 10 | Mini Tractor Compatible Disc Harrow (8-10) | | | | |
| 11 | Mini Tractor Compatible seed cum fertilizer Drll | | | | |
| 12 | Mini Tractor Compatible Cage Wheel | | | | |
| 13 | Mini Tractor Compatible Universal mounting Frame, | | | | |
| 14 | Paddy thresher | | | | |
| 15 | Wheat thresher | | | | |
| 16 | Paddy harvester | | | | |
| 17 | Post harvest equipments-Flour Mill, Mini Dal Mill, Oil Expeller | | | | |
| 18 | Alternator 10-15 Kw | | | | |
| 19 | Centrifugal Pumps with suction pipe 5-8 kw compatible power source, | | | | |
| 20 | 50mm/75mm HDPE Pipe maximum upto 600 feet (BIS Certification). | | | | |

**छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना**

महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समहों/लैम्स/पैक्स/जलछाजन समितियों एवं अन्य कृषक समहों के लिए 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 5.00 लाख (पाँच लाख रूपये) पर छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के वितरण किया जायेगा। मिनी ट्रैक्टर पैकेज अथवा पावर टीलर या अन्य कृषि यंत्रों का पैकेज की कुल कीमत 6.25 लाख (छः लाख पच्चीस हजार) रूपये से अधिक होने या अनुदान की राशि 5.00 लाख (पाँच लाख रूपये) से अधिक होने पर कृषक समूह अपना अतिरिक्त अंशदान देकर कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते है। व्यक्तिगत कृषकों के लिए अधिकतम योजना लागत की राशि रूपये 2.00 लाख (दो लाख रूपये) रखे जाने एवं इसका 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान 1.60 लाख (एक लाख साठ हजार) रूपये मात्र देय होगा।

**लाभुक का चयन :–**

❖ झारखण्ड स्टेट लाईवलीहुड प्रोमोशन सोसाईटी (JSLPS) या अन्य किसी सक्षम संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों या अन्य कृषक समूहों का योजनान्तर्गत चयन किया जायेगा।
❖ स्वयं सहायता समूहों के गठन में कम से कम 10 से 12 सदस्य होना आवश्यक है। स्वयं सहायता समूहों के वितरण एवं अनुशंसा हेतु विहित प्रपत्र परिशिष्ट–1 एवं परिशिष्ट–2 के रूप में आवेदन पत्र संलग्न करना होगा।
❖ मिनी ट्रैक्टर, पावर टीलर, सहायक कृषि यंत्र, राईस ट्रांसप्लांटर एवं कृषि प्रसंस्करण यंत्र इत्यादि के चयन हेतु वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस समूहों के सदस्यों के पास खेती योग्य कुल 10.00 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
❖ वैसे समूहों को भी प्राथमिकता दी जायेगी जिस समूहों के सदस्यों में से कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर/वाहन (LMV) चालन का वैध लाईसेंस होगा।
❖ व्यक्तिगत प्रगतिशील कृषकों के लिए वैसे कृषकों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिस कृषक परिवार के पास खेती योग्य 2.00 एकड़ भूमि होगी।
❖ संबंधित जिलों का भौतिक लक्ष्य का 50 प्रतिशत क्षेत्र के माननीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता देते हुए "जिला स्तरीय समिति" द्वारा स्वीकृत किया जा सकेगा।
❖ महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना एवं व्यक्तिगत कृषकों द्वारा कृषि उपकरणों के क्रय एवं आवेदन से पूर्व में ही वास्तविक लगत का 20 प्रतिशत् अंशदान की राशि समूह/कृषक द्वारा बैंक खाते में जमा होने का साक्ष्य भूमि संरक्षण कार्यालय, लोहरदगा को देना होगा। चयन होने के बाद संबंधित को हरहाल में कृषि उपकरण क्रय करना होगा।
❖ जिन महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मण्डल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स एवं प्रगतिशील कृषकों को पूर्व में कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना (केन्द्र प्रायोतित योजना या राज्य योजना) के माध्यम से कंडिका–3.4 में वर्णित कृषि यंत्रों/पम्पसेट/एन0एफ0एस0एम0 योजना में प्राप्त कृषि में से जो कृषि यंत्र पूर्व मे प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
❖ चयनित कृषक समूहों को कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग/भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची/ जेएएमटीटीसी, राँची के द्वारा अन्य प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में उन्होंने उक्त प्रपत्र में भी आवेदन पत्रों का लिखित में जमा करना होगा, तदोपरान्त ही उनका दावा को मान्य होगा।
❖ चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल/कृषक समूहों/लैम्पस–पैक्स, जलछाजन समितियों या अन्य कृषक समूहों के द्वारा अंशदान की राशि संबंधित आपूर्तिकर्ताओं के बैंक खाते में बैंक ड्राफ्ट या RTGS/NEFT के माध्यम से जमा करना होगा अगर कोई भी ग्रुप के द्वारा राशि नगद जमा कर दिया जायेगा तो उनका आवेदन को निरस्त कर दिया जायेगा। साथ संबंधित ग्रुप के द्वारा राशि स्थानान्तरण होने के उपरान्त कार्यालय में जमा संबंधित पासबुक का फोटो कोपी की प्रमाण पत्र देना होगा।
❖ व्यक्तिगत कृषि उपकरण हेतु कृषक अपना आवेदन दिनांक 20.09.2024 तक भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा से निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर कार्यालय अवधि में जमा करें।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।
**कार्यालय का पता –** भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीर बुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302,
फोन नं0 – 7979050693
**PR.NO.335340 Lohardaga(24-25):D** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।

## संपादकीय

### वक्फ कानून में संशोधन और भ्रम


वक्फ कानून में संशोधन के प्रस्ताव पर मुस्लिम धर्मगुरुओं के एक वर्ग में काफी चिंता और विरोध भी है। वक्फ, मुसलमानों की एक प्रमुख प्रथा है, जिसमें धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्य के लिए संपत्ति दान की जाती है। इस मुद्दे को मीडिया में व्यापक रूप से स्थान मिला है। हैरानी की बात है कि संशोधन की विषय-वस्तु मालूम होने के बावजूद जमीनी वास्तविकता की अनदेखी करके मात्र सैद्धांतिक मुद्दे उठाए जा रहे हैं। अब जबकि वक्फ संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में विचाराधीन है, यह जरूरी है कि इसका निष्पक्ष, बिना किसी डर और धारणाओं से प्रभावित हुए विश्लेषण किया जाए। सरकार और संसद को इस मामले में सहमति और परामर्श से ही आगे बढ़ना चाहिए, ताकि समुदाय के एक वर्ग में व्याप्त डर और आशंकाएं कम हो सकें।यह पहली बार नहीं है कि वक्फ कानून में बदलाव किया जा रहा है। 1913 और 1930 में भी इसमें संशोधन किए गए थे, जबकि अधिक व्यापक परिवर्तन वक्फ अधिनियम-1995 और वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2013 के माध्यम से किए गए थे। वर्तमान विधेयक के कई बदलावों की सिफारिश 2006 में सच्चर समिति की रिपोर्ट और मार्च 2008 में राज्यसभा में प्रस्तुत वक्फ पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट में भी की गई थी।

> **वक्फ बोर्डों की संरचना का पुनर्गठन करते हुए अन्य सामाजिक समूहों को शामिल करना, तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय लेखा परीक्षा आदि। अतः यह कोई नया विचार नहीं है।**

इन सिफारिशों में वक्फ के प्रबंधन में सुधार के लिए विभिन्न उपाय शामिल थे, जैसे प्रबंधकों के कामकाज को विनियमित करना, अभिलेखों का कुशल प्रबंधन, वक्फ बोर्डों की संरचना का पुनर्गठन करते हुए अन्य सामाजिक समूहों को शामिल करना, तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय लेखा परीक्षा आदि। अतः यह कोई नया विचार नहीं है। उल्लेखनीय है कि वक्फ में सुधार की मांग मुस्लिम समुदाय के भीतर से भी उठ रही है। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को वक्फ संपत्तियों के अतिक्रमण और कुप्रबंधन जैसे मुद्दों पर मुसलमानों से बड़ी संख्या में शिकायतें मिलती रही हैं, जो बड़े पैमाने पर मुकदमों के रूप में सामने आई हैं। इन शिकायतों के विश्लेषण में पाया गया कि अप्रैल 2023 से मिली 148 शिकायतों में से अधिकतर अतिक्रमण, वक्फ भूमि की अवैध बिक्री, सर्वेक्षण और पंजीकरण में अत्यधिक विलंब और वक्फ बोर्डों और प्रबंधकों के खिलाफ शिकायतों से संबंधित थीं। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के डाटा का विश्लेषण बताता है कि अप्रैल 2022 से मार्च 2023 तक प्राप्त 566 शिकायतों में से 194 वक्फ भूमि पर अवैध अतिक्रमण और हस्तांतरण से संबंधित थीं और 93 शिकायतें वक्फ बोर्ड के अधिकारियों व प्रबंधकों के खिलाफ थीं। न्यायाधिकरणों में 40,951 मामले लंबित हैं, जिनमें से 9,942 मामले मुस्लिम समुदाय द्वारा वक्फ का प्रबंधन करने वाली संस्थाओं के खिलाफ हैं। पिछले कई वर्षों में, तमाम सांसदों ने वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण में देरी, वक्फ बोर्ड द्वारा बाजार मूल्य से कम किराया लेने, वक्फ भूमि पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण, विधवाओं के विरासत अधिकार, सर्वेक्षण आयुक्त द्वारा सर्वेक्षण पूरा न करने, वक्फ संपत्ति रिकॉर्ड के डिजिटलीकरण की धीमी प्रगति आदि के मुद्दे उठाए हैं।वक्फ बेशक धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए बनाई गई मुस्लिम संस्थाएं हैं, लेकिन वे सार्वजनिक संस्थाएं भी हैं, जिनमें राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की अपार क्षमता है। इसलिए उनके प्रशासन में सुधार राष्ट्रीय हित में है।

# चुनौतियों को स्वीकारें व उन्हें हराकर ही दम लें!





पिछले साल अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी कोको गाफ जब यूएस ओपन में महिला सिंगल्स की चैंपियन बनी। न्यूयॉर्क के प्रसिद्ध ऑथर ऐश स्टेडियम में 24000 दर्शकों/ फैन्स के सामने ग्राफ ने अपनी प्रतिद्वंद्वी और ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन आर्यना साबालेंका को 2 घंटे 6 मिनट के फाइनल मैच में कड़ी मेहनत के बाद 2-6, 6-3, 6-2 हराया और इसी के साथ ही वे 1999 के बाद यह टाइटल जीतने वाली पहली अमेरिकन टीनएजर बन गई। उससे पहले ऐसा करने वाली पहली खिलाड़ी सेरेना विलियम्स थीं। इस जीत के पश्चात उन्होंने जो कहा, वह अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे हम सबको एक गहरी सीख मिलती है। यदि वह सीख हम लेना चाहें। उन्होंने कहा इस जीत को बयां करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, जब मैंने अपने पिता को गले लगाया, तब मैंने उन्हें नहीं देखा, क्योंकि गले लगाने के बाद तुरंत वह मुझसे दूर चले गए। लेकिन मैंने उन्हें रोते हुए सुना। मैंने अपने जीवन में कभी उन्हें रोते हुए नहीं देखा था। मैं जीतूं या हारूँ, मेरी मां हमेशा भावुक हो जाती हैं। लेकिन पिता के आंसू पहली बार देखे। मैं उन लोगों को भी धन्यवाद कहना चाहती हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास नहीं किया। आप गाफ के इन शब्दों पर एक गहरी दृष्टि डालिए, तो इसमें दो बातें सामने आती हैं। एक, अपने उस पिता के बारे में, जिन्होंने उन पर गहरा भरोसा किया और दूसरी, उन सबों के बारे में, जिन्होंने उस पर भरोसा नहीं किया।

दोस्तों हम सबके साथ भी लगभग यही स्थिति जीवन भर बनी रहती है। जीवन के हर पड़ाव से गुजरते हुए हमें लगातार ऐसे लोगों का सामना करना होता है, जो हम पर भरोसा नहीं करते। यद्यपि भरोसा न करने का कोई विशेष कारण भी नहीं होता। लेकिन उन्हें लगता है कि सामनेवाला ऐसा नहीं कर पाएगा। क्योंकि जीवन के ऊंचे पड़ावों को प्राप्त करने के लिए जिस प्रकार की मेहनत करनी होती है, वह मेहनत हर कोई नहीं कर पाता। इसलिए वह यह समझ पाने में भी सक्षम नहीं होते कि सामने वाला भी उसी प्रकार की मेहनत कर पाने में सक्षम हो सकता है। जो वे स्वयं नहीं कर सकते और इसी कारण कोई भी वह व्यक्ति, जो मेहनत कर सकता है, जो अपने लक्ष्य को चुन सकता है, वह न केवल आगे बढ़ता है, अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है, बल्कि अपने प्रति समस्त पूवार्नुमानों को झुठलाते हुए (और पूवार्नुमान भी क्या? जो उससे पहले उसे क्षेत्र में प्रभुत्वशाली है, शक्ति संपन्न है, उसके बारे में यह सोच भी नहीं जा सकता कि उसे हराया जा सकता है!)किंतु अपने ही जीवन में हम लगातार अपने आसपास यह देखते हैं और महसूस करते हैं कि जीवन के हर क्षेत्र में कोई ना कोई नया नवेला प्रतिद्वंदी आकर किसी पुराने खिलाड़ी को हरा देता है। यह किसी खेल में भी हो सकता है। यह किसी कला में भी हो सकता है। यह किसी व्यापार में भी हो सकता है। तात्पर्य यह है कि यह किसी भी क्षेत्र में हो सकता है। तो शक्ति केवल उसे नहीं कहते हैं, जो आपके आसपास पहले से व्याप्त होती है। शक्ति अर्जन की एक प्रक्रिया का नाम है। शक्ति धीरे-धीरे अर्जित होती है। शक्ति हर दिन के अनवरत और अटूट प्रयासों से अर्जित होती चली जाती है। शक्ति हर दिन आपके पास आपकी मेहनत के कारण संपन्न होती चली जाती है और एक दिन अपनी उस अभ्यास रूपी शक्ति से आप उस लक्ष्य को भी हासिल कर लेते हैं, जिसके विषय में दूसरे लोग यह सोचते हैं कि इसे प्राप्त ही नहीं किया जा सकता! तो हम वापस गाफ की उसी बात पर लौटते हैं, जिसमें उनकी बातों में दो बातें प्रतिध्वनित हो रही हैं। एक तो यह बात कि उनके पिता का उन पर अटूट भरोसा था और एक ठीक इसके उल्टी बात कि वह उन लोगों का भी धन्यवाद ज्ञापित करती हैं, जिन्होंने उसे पर भरोसा नहीं किया। तो यहां हम देखें कि उनकी पहली शक्ति भरोसे की शक्ति है और दूसरी शक्ति चुनौती की शक्ति है। किंतु चुनौती की शक्ति आप में तब प्रबल होती है, जब आप अपने ऊपर किये जा रहे किसी अविश्वास को विश्वास में बदलने की ठान लेते हैं और सच जानिए कि आपके जीवन की असली चुनौती यही है कि आपके आसपास के जो भी लोग आप पर अविश्वास करते हैं, वह दरअसल आपको चुनौती दे रहे होते हैं कि आप वह नहीं कर सकते और जिनमें भी इन चुनौतियों को स्वीकार कर पाने की क्षमता होती है, वे इस चुनौती को स्वीकार कर अपनी मेहनत से उस अविश्वास को तोड़ने के लिए एक सतत यात्रा की ओर चलना शुरू कर देते हैं। और यह यात्रा इस प्रकार की होती है। पहले धीरे चलना, फिर थोड़ा तेज चलना, फिर थोड़ा दौड़ना और अंत में सबसे तेज दौड़ना। यानी शक्ति अर्जित करने की हर यात्रा एक तरह की मैराथन दौड़ है। जिसमें आपको अपनी समस्त ऊर्जा को अंत के लिए बचा कर रखना पड़ता है। लेकिन आरंभ से लेकर अंत तक उसे यात्रा को पूरा करने के लिए अपनी पूरी उजरस्विता के साथ डटे रहना पड़ता है और इस प्रकार यह यात्रा अथक मेहनत के साथ अंततः अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के रूप में ही संपन्न होती है। तो इसका तात्पर्य एक बार फिर से दोहरा दूँ। पहले चलना, फिर दौड़ना, फिर और तेज दौड़ना । केवल और केवल यही चुनौतियों को हारने का एकमात्र नियम है। और जीवन का चाहे कोई भी क्षेत्र क्यों न हो सफलता के लिए जीत हासिल करने के लिए हर दिन किसी भी प्रकार से सतत अभ्यास आप चाहे जिस किसी भी क्षेत्र के क्यों ना हों। आप बड़े से बड़े कलाकार गायक या ऐसे किसी भी शीर्ष पर बैठे व्यक्ति से पूछ कर देखिए, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने किसी भी कीमत पर अपना रोज का अभ्यास कभी नहीं छोड़ा। सचिन तेंदुलकर हर रोज नेट प्रैक्टिस करते थे, जिस दिन उन्होंने दोहरा शतक बनाया उसके दूसरे दिन भी वह सवेरे नेट प्रैक्टिस पर उपस्थित थे। तो आपको यह अवश्य ही जानना चाहिए कि आपका सतत अभ्यास ही आपको सामर्थ्यवान बनाता है और तभी आप अपनी दिशा को स्पष्ट देख पाने में भी समर्थ होते हैं। आपको अथक परिश्रम करना ही पड़ता है, वरना आप औसत रह जाते हैं और औसत लोगों की तरह औसत जीते हुए बिना किसी गिनती में आए हुए इस संसार से विदा हो जाते हैं। तय आपको करना है कि आपको अपने जीवन में क्या चुना है। चुनौती? या फिर अपना आराम से जिया जाता जीवन और उसके संघर्ष? किंतु दोस्तों सच तो यह है कि संघर्ष तो तब भी आने हैं, जब आप आराम से अपना जीवन जीते हैं। बिना किसी खास मेहनत के और संघर्ष तब भी आता है। जब आप बहुत मेहनत करते होते हैं, लेकिन फिर भी कुछ नहीं पाए! क्योंकि आपके पास कोई दिशा या कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं होता या केवल और केवल सामान्य से वह लक्ष्य निर्धारित होते हैं, जिन पर चलने से आपको एक औसत लक्ष्य ही हासिल होता है। आपने औसत बने रहने की ठान ली है, तो फिर कोई आपका कुछ नहीं कर सकता । किंतु बड़ा लक्ष्य पाने के लिए बड़ा स्वप्न देखना पड़ता है, बड़ा लक्ष्य चुनना पड़ता है और लक्ष्य चुने जाने के बाद आपको उसे लक्ष्य की ओर लगातार चलना ही पड़ता है। पहले धीरे, फिर थोड़ा तेज और फिर थोड़ा और तेज चलना पड़ता है। दौड़ना पड़ता है। अपनी पूरी शक्ति, अपनी पूरी ऊर्जा, अपनी पूरी ईमानदारी, अपनी पूरी कर्मठता उस एक लक्ष्य को पाने में लगा देनी होती है। आप क्या चुनते हैं, केवल और केवल इसी के ऊपर आपकी आगे की यात्रा निर्भर है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

**आज की बात**




राजीव थेपड़ा
रांची, झारखंड

## देश की बात

### मणिपुर की आग में अमेरिकी हाथ?

बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कुछ स्पष्ट बातें कही थीं जिसकी दुनिया भर में चर्चा हो रही थी। उनका कहना था कि अमेरिका ने बांग्लादेश में कुछ देश विरोधी ताकतों को उनके पद से हटाया है, लेकिन उनके अनुसार अमेरिका बांग्लादेश से सेंट मार्टिन नामक टापू लीज पर मांग रहा था और वह ऐसा करने के लिए तैयार नहीं थीं। इसलिए अमेरिका ने सारी साजिश रची। शेख हसीना के इस रहस्योद्घाटन की देश-विदेश में खूब चर्चा हुई। इसके साथ इस पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दूसरा रहस्योद्घाटन भी किया। उसके अनुसार अमेरिका चिटगांव, भारत के कुकी बहुल इलाकों और म्यांमार के कुकी बहुल काचिन प्रदेश को मिला कर पूर्वोत्तर भारत में एक ईसाई देश का गठन करने का प्रयास कर रहा है। आश्चर्य है कि विदेशी मीडिया ने शेख हसीना के इस पदार्फाश की अवहेलना की, लेकिन उससे भी बड़ा आश्चर्य यह है कि भारत का मीडिया भी इस विषय पर एकदम से खामोशी का शिकार हो गया। पूर्वोत्तर भारत के कुकी बहुल इलाके कौनसे हैं? उनमें सबसे पहले तो मणिपुर का विशाल पर्वतीय क्षेत्र है जहां कुकी समुदाय का बाहुल्य है। मणिपुर का पड़ोसी प्रदेश मिजोरम है। मिजोरम के निवासी 'जो' भी कुकी समाज का हिस्सा ही माने जाते हैं। इसका अर्थ हुआ कि मिजोरम और मणिपुर में मैतेयी बहुल इम्फाल घाटी को छोड़कर शेष सारा मणिपुर कुकी समुदाय का इलाका माना जाता है। मिजोरम और मणिपुर के पड़ोस में म्यांमार लगता है। म्यांमार का काचिन प्रदेश कुकी बहुल प्रदेश है। इस काचिन प्रदेश को म्यांमार से अलग करने के लिए विद्रोही समय समय पर आघात करते रहते हैं। मणिपुर में कुकी विद्रोह से पहले म्यांमार का काचिन प्रदेश विद्रोहियों के कब्जे में आ गया था। उसके बाद ही मणिपुर में गड़बड़ शुरू हुई। म्यांमार में पहाड़ी क्षेत्र में पिछले कई सालों से अलगाववादी आंदोलन चल रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में अंग्रेजों के शासन काल में ही विदेशी ईसाई मिशनरियां सक्रिय हो गई थीं। अब तक उन्होंने पूरे पहाड़ी क्षेत्र की जनजातियों को मतांतरित करके ईसाई बना लिया है। इन मतान्तरित क्षेत्रों में चिन कुकी बहुल चिन प्रदेश भी शामिल हैं। वहां से कुकी निरन्तर मणिपुर में आते जाते रहते हैं। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सत्ता गंवाने से ठीक पहले कुकी बहुल क्षेत्र की पहचान को पुख्ता व स्पष्ट स्थापित करने के लिए पूरे मणिपुर का नक्शा ही बदल दिया था। उसने अनेक जिलों को इस प्रकार विभाजित किया ताकि कुकी बहुल जिलों का निर्माण किया जा सके। इसी प्रकार बंग्लादेश के चिटागांव से कुकी विद्रोही आघात प्रत्याघात करते रहते हैं। आज अमेरिका, चीन और भारत दोनों पर नजर रखना चाहता है। अमेरिका को राजनीतिक रूप से अस्थिर भारत अनुकूल लगता है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



राकेश दुबे

## आप की बात

### जोकर तुम्ही हो कल के

मसखरी की डगर पे कवियों दिखाओ चल के।
ये मंच है तुम्हारा जोकर तुम्हीं हो कल के।।
महमुद आशा रानी जॉनी वाकर हो कल के।
माईक जब भी पकड़ना श्रोता के मन को पढ़ना।
कविता को ताक रखकर बस चुटकुले ही कहना।।
रखदोगे एक दिन तुम साहित्य को बदल के।
मसखरी की डगर पे...
ये मंच है तुम्हारा...
साहित्य रहे या जाए पैसा जैसे भी आए।
पुरखों के मुंह कालिख भले ही पुत जाए।।
पाओगे कुछ नहीं तुम तुलसी की राह चल के।
मसखरी की डगर पे...
ये मंच है तुम्हारा जोकर...
तुलसी मीरा के सर पर भांड़ो का ताज रखना।
बली काव्यों की देकर कॉमेडी की लाज रखना।।
ज्ञानपीठ मिलेगा इसी रास्ते पर चल के।
मसखरी की डगर पर कवियों दिखाओ चल के।
ये मंच है तुम्हारा जोकर तुम्हीं हो कल के।।



बिनोद सिंह गहरवार

## चिंतन-मनन

### क्या है आध्यात्मिक होने का अर्थ

यह प्रश्न किसी भी जिज्ञासु के मन में उठ सकता है कि हमें ठीक-ठीक ऐसा क्या करना चाहिए ताकि वह जो परम है, जो परमेश्वर है, वह मेरे जीवन में घटित हो सके? सद्गुरु इसका उत्तर देते हैं कि अध्यात्म भीगी बिल्लियों के लिए नहीं है, क्या तुम समझ रहे हो? तुम अपने जीवन में और कुछ भी नहीं कर सकते हो, लेकिन सोचते हो कि मैं आध्यात्मिक हो सकता हूँ, ऐसा नहीं है। अगर तुम इस संसार के किसी भी काम को अपने हाथ में लेकर कर सकते हो, फिर तुम्हारे आध्यात्मिक होने की एक संभावना पैदा हो सकती है, अन्यथा नहीं। अगर तुम्हारे पास इस संसार के किसी भी काम को लेकर और अच्छी तरह से करने की शक्ति और साहस है, तब तुम संभवतः आध्यात्मिक हो सकते हो। यह उन लोगों के लिए नहीं है, जो कुछ भी नहीं कर सकते। अभी, पूरे देश के मन में यही बैठा हुआ है, संभवतः पूरे संसार के मन में, कि वे निकम्मे और नालायक लोग, आध्यात्मिक लोग होते हैं, क्योंकि वे तथाकथित आध्यात्मिक लोग वैसे ही हो गए हैं। वे लोग जो किसी भी चीज को करने के लायक नहीं हैं, वे बस यही करते हैं कि एक गेरुआ वस्त्र पहन कर और किसी मंदिर के सामने बैठ जाते हैं; उनका जीवन सँवर जाता है। यह अध्यात्म नहीं है, यह वर्दी पहनकर बस भीख माँगना है। अगर तुम्हें अपनी चेतना पर विजय प्राप्त करनी है, अगर तुम्हें अपनी चेतना के शिखर पर पहुँचना है, वहाँ एक भिखारी कभी नहीं पहुँच सकता। दो तरह के भिखारी होते हैं। गौतम बुद्ध तथा उस स्तर के लोग उच्चतम श्रेणी के भिखारी हैं। दूसरे सभी निपट भिखारी हैं। मैं तो कहूँगा कि एक सड़क का भिखारी तथा राजगद्दी पर बैठा हुआ एक राजा, दोनों ही भिखारी हैं। वे निरन्तर बाहर से कुछ माँग रहे होते हैं। सड़क का भिखारी हो सकता है कि पैसा, भोजन या आय माँग रहा हो। राजा हो सकता है कि किसी दूसरे राज्य पर विजय, खुशी या कुछ इस तरह की अनर्गल चीजें मांग रहा हो।



## बोधि वृक्ष

**अनवरत रूप से ईश्वर पर ध्यान लगाएं, और जब आप उनको अनुभव करेंगे, तो उनकी दिव्य संतान होने के नाते, आप अपने न्यायोचित उत्तराधिकार को प्राप्त कर लेंगे। प्रभु सभी को उत्तर देते हैं और सभी के लिए कार्य करते हैं। (श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा)।**

### प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति

अनुभव करें कि आपकी श्रद्धायुक्त माँग के पर्दे के ठीक पीछे प्रभु आपकी आत्मा के मौन शब्दों को सुन रहे हैं। इसे अनुभव करें! अपने हृदय की माँग के साथ एक हो जाएँ-और पूर्णरूप से आश्वस्त हो जाएँ कि 'उन्होंने' आपको सुन लिया है। तब अपने काम पर लग जाएँ, यह जानने की अपेक्षा न करें कि क्या भगवान् आपकी माँग को पूरा करेंगे। पूर्णतया विश्वास करें कि आपकी माँग सुन ली गयी है, और आप जान लेंगे कि जो कुछ ईश्वर का है, वह आपका भी है। अनवरत रूप से ईश्वर पर ध्यान लगाएँ; और जब आप उनको अनुभव करेंगे, तो उनकी दिव्य सन्तान होने के नाते, आप अपने न्यायोचित उत्तराधिकार को प्राप्त कर लेंगे। प्रभु सभी को उत्तर देते हैं और सभी के लिए कार्य करते हैं, (श्रीयुक्तेश्वरजी ने कहा)। लोग विरले ही अनुभव करते हैं कि कितनी बार प्रभु उनकी प्रार्थनाओं को सुनते हैं। वे कुछ लोगों के लिए ही पक्षपाती नहीं हैं, अपितु प्रत्येक व्यक्ति को, जो विश्वासपूर्वक उनके पास जाता है, वे सुनते हैं। उनके बच्चों को अपने सर्वव्यापक पिता की स्नेहपूर्ण दयालुता पर सदा निर्विवाद रूप से विश्वास करना चाहिए। विश्वास को उत्पन्न करना पड़ता है, बल्कि उसे अपने भीतर में प्रकट करना पड़ता है। यह वहाँ विद्यमान है, परन्तु उसे बाहर लाना पड़ता है।



श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## अलग बात

### महिला सुरक्षा भी होगा चुनावों में बड़ा मुद्दा





ओलम्पियन विनेश फोगाट के कांग्रेस में शामिल होने तथा जुलाना विधानसभा क्षेत्र से अपनी चुनावी पारी की शुरूआत करने के बाद एक बात यह भी स्पष्ट हो गयी है कि कांग्रेस विनेश का इस्तेमाल केवल स्पोर्ट्स स्टार और जाट चेहरे मात्र के रूप में ही नहीं करेगी बल्कि वह इस सुप्रसिद्ध व लोकप्रिय ओलम्पियन के बहाने भारतीय जनता पार्टी को महिला सुरक्षा के नाम पर देशभर में घेरने का भी प्रयास करेगी। भाजपा ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देकर तथा इस योजना के प्रचार पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर देश की जनता को यह सन्देश देने की कोशिश की थी कि भाजपा ही बेटी / महिलाओं की एकमात्र हितैषी पार्टी है तथा भाजपा के राज में ही महिलाओं के हितों की पूरी रक्षा व मान सम्मान संभव है। परन्तु यह भी अजीब संयोग है कि इसी भाजपा के राज में देश के अनेक प्रांतों में ऐसी सैकड़ों घटनाएं हो चुकीं जो महिलाओं पर होने वाले अत्याचार में एक मिसाल बन गयीं। क्या मणिपुर तो क्या बंगाल, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे राज्यों से तो ऐसी रूह कांपने वाली अनेक घटनाएं हो चुकीं जिनकी दूसरी कोई मिसाल नहीं मिलती।

महिला उत्पीड़न, बलात्कार व हत्या जैसे घृणित अपराधों में यह भी देखा गया है कि ऐसे कई भाजपा शासित राज्यों में होने वाली ऐसी सनसनीखेज वारदातों में भाजपा की ओर से खामोशी बरती गयी जबकि किसी गैर भाजपा शासित राज्य खासकर बंगाल में यदि कोई घटना घटी तो उसे भाजपा द्वारा इस हद तक उछाला गया कि बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाये जाने की चर्चा तक छिड़ गयी ? जबकि मणिपुर में महिलाओं के साथ जैसे जुल्म हुये वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में आज तक कहीं भी नहीं हुये। परन्तु चूँकि मणिपुर भाजपा शासित राज्य है इसलिये इन घटनाओं के लिये न तो वहां के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार ठहराया गया न ही किसी से त्याग पात्र माँगा गया ? उत्तरांचल में भी ऊंचे रसूख रखने वाले भाजपाई नेता के पुत्र बलात्कार, हत्या जैसे मामलों में शामिल पाए गये। भाजपा शासित राज्यों में घटी ऐसे अनेक घटनायें सरकार की 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की मुनादी पर सवाल खड़ा कर रही हैं। इसी बीच ओलम्पियन विनेश फोगाट का कांग्रेस का दामन थामना भी भाजपा के लिये बड़ा सिर दर्द साबित हो सकता है। क्योंकि विनेश फोगाट उन विश्वस्तरीय ओलम्पिक पदक विजेता पहलवानों में एक है जिसने उत्तर प्रदेश के पूर्व भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह द्वारा कुछ महिला पहलवानों के साथ कथित रूप से किये गये दुर्व्यवहार के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुये जंतर मंतर पर धरना दिया था। यह धरना गत वर्ष 28 मई 2023 को उस समय और भी सुर्खियों में छा गया था जबकि उस दिन नये संसद भवन के उद्घाटन के अवसर पर बृज भूषण सिंह के विरुद्ध धरनारत इन पहलवानों को दिल्ली पुलिस ने बलपूर्वक जंतर मंतर से घसीट कर धरना समाप्त करा दिया था। उस दिन देश ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का नारा देने वाली भाजपा के दो चरित्र व चेहरे देखे थे। एक तरफ तो उत्पीड़न की शिकार देश का मान सम्मान विश्व में बढ़ने वाली बेटियां पुलिस जुल्म का शिकार हो रही थीं उन्हें सड़कों पर घसीटा जा रहा था। जबकि ठीक उसी समय नारी उत्पीड़न का आरोपी बृज भूषण सिंह मुस्कुराता हुआ नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ा रहा था। इन्हीं धरनारत पहलवानों में दिल्ली पुलिस की ज्यादतियों का शिकार एक खिलाड़ी विनेश फोगट भी थी जो अब कांग्रेस में शामिल होकर पूरे देश को भाजपा के 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के खोखले दावों और इसकी हकीकत में अंतर से परिचय कराएगी।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**



निर्मल रानी

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

### जज के वायरल पत्र पर अमित मालवीय ने कहा

# जजों को निशाना बनाना चाहती है बंगाल पुलिस



एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के जज सुभ्रदीप मित्रा की ओर से लिखा गया एक पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पत्र कलकत्ता हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को लिखा गया है। इसमें जजों पर हमला करवाने की साजिश का आरोप बंगाल पुलिस पर लगाया गया है। इसे लेकर भाजपा के पश्चिम बंगाल के सह प्रभारी अमित मालवीय ने सुप्रीम कोर्ट और बार काउंसिल आफ इंडिया से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने दावा किया कि राज्य पुलिस जजों को निशाना बनाना चाहती है। सुभ्रदीप मित्रा ने पत्र में लिखा है कि पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में लिए गए कुछ फैसलों से स्थानीय टीएमसी नेताओं को निराशा हुई। इसके बाद उन्होंने जजों पर हमला करने की साजिश रची। मालवीय ने कहा कि पहले राज्य पुलिस विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने का काम करती थी, लेकिन अब पॉक्सो एक्ट का दुरुपयोग किया जा रहा है। हाल ही में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों को भी पुलिस इसी कानून के तहत निशाना बना रही है। पत्र में यह भी कहा गया है कि जब पुलिस विपक्षी कार्यकतार्ओं को हिरासत में लेने में असफल रही तो स्थानीय पुलिस अधिकारी ने अपराधियों को जजों के घर की बिजली काटकर अंधेरे में हमला करने की योजना बनाई। हालांकि, सतर्क सुरक्षा गार्ड ने इस हमले को नाकाम कर दिया। जजों ने पुलिस स्टेशन को सूचित किया लेकिन थानेदार ने घटनास्थल पर पहुंचने से इनकार कर दिया, जबकि जजों का निवास स्थान पुलिस स्टेशन के बिल्कुल पास ही था। भाजपा नेता मालवीय ने कहा है कि यह घटना बेहद चिंताजनक है और न्यायपालिका के सम्मान और सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट, कलकत्ता हाई कोर्ट और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को इस पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। दोषियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए ताकि न्यायपालिका में जनता का विश्वास बहाल हो सके।

- पुलिस अधिकारी ने जजों के घर की बिजली काटकर अपराधियों से हमले की योजना बनाई
- भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट और बार काउंसिल आफ इंडिया से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की



## धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों को है मुख्यमंत्री के जवाब की प्रतीक्षा

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की दुष्कर्म एवं हत्या के विरोध में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टरों ने बुधवार तड़के 3:50 बजे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को ई-मेल किया, लेकिन उन्हें अब तक उसका कोई जवाब नहीं मिला। जूनियर डॉक्टरों ने कहा कि इसके पहले उन्हें जो ई-मेल मिला था उसमें मुख्यमंत्री की उपस्थिति का कोई उल्लेख नहीं था। भ्रम दूर करने के लिए उन्होंने अपनी मांगों को ई-मेल के जरिए भेजा लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है। स्वास्थ्य भवन के सामने धरना दे रहे जूनियर डॉक्टर अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। बुधवार दोपहर को आसनसोल दक्षिण की भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल जब स्वास्थ्य भवन परिसर में पहुंचीं तो वहां मौजूद जूनियर डॉक्टरों ने 'गो बैक' के नारे लगाए। हालांकि अग्निमित्रा का दावा है कि वह धरने को राजनीतिक रंग देने नहीं आई थीं बल्कि किसी अन्य काम से वहां मौजूद थीं। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने साफ कर दिया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक उनका धरना जारी रहेगा। एक जूनियर डॉक्टर किंजल नंदा ने कहा कि सरकार अगर सकारात्मक कदम उठाएगी तभी कोई निर्णय लिया जाएगा। आंदोलनकारियों के समर्थन में आम लोग भी आगे आए हैं। बुधवार सुबह दक्षिण कोलकाता के एक स्कूल के अभिभावकों ने धरने पर बैठे डॉक्टरों के लिए भोजन की व्यवस्था की। इसके अलावा स्वास्थ्य भवन के पास आंदोलनकारी डॉक्टरों के लिए बायो-टॉयलेट भी लगाए गए हैं। जूनियर डॉक्टरों ने छह सूत्री मांगों के साथ अपना आंदोलन जारी रखा है। उनकी प्रमुख मांगों में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई दुष्कर्म एवं हत्या के दोषियों की तुरंत पहचान और सख्त सजा दिया जाना शामिल है। घटना से जुड़े सबूतों को नष्ट करने में शामिल लोगों पर भी कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# केंद्र ने ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए दिए 1170 करोड़ : सम्राट चौधरी

एजेंसी। पटना



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को खगड़िया दौरे के दौरान बताया कि 15 वें वित्त आयोग की अनुशंसा के अनुसार केंद्र सरकार ने बिहार के ग्रामीण स्थानीय निकायों के विकास के लिए अनुदान के रूप में 1,170 .15 करोड़ रुपये जारी किये। यह राशि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में मिलने वाले केंद्रीय अनुदान की पहली किस्त है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल, कचरा प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास होगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि केंद्र की इस अनुदान राशि का उपयोग स्थानीय निकायों द्वारा दो तरह की बुनियादी सेवाओं के लिए किया जाएगा। पहला, घरेलू अपशिष्ट, मानव मल, मल कीचड़ प्रबंधन और उपचार सहित खुले में शौच से मुक्ति दिलाने वाले कार्य कराये जाएँगे , जिससे गांव में स्वच्छता बढेगी। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने कहा कि बंधित अनुदान की राशि से जो दूसरे काम होंगे, उनमें पीने के पानी की आपूर्ति, वर्षा जल संचयन और जल पुनर्चक्रण को प्राथमिकता दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हर पंचायत जहां तक संभव हो, इन दोनों महत्वपूर्ण सेवाओं में से प्रत्येक के लिए इन बंधे अनुदानों का आधा हिस्सा करेगी, लेकिन जिस पंचायत ने एक श्रेणी की जरूरतों को पूरा कर लिया है, वह दूसरी श्रेणी के लिए भी उस धन का उपयोग कर सकती है।

# तेजस्वी का फ्री बिजली देने का वादा बेमानी, गंभीरता से नहीं लें : नीरज

एजेंसी। पटना



बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में एक बयान में दावा किया था कि अगर उनकी सरकार बनी तो 200 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इस बयान के बाद जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव का यह वादा केवल बेमानी है और इसे गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। नीरज कुमार ने तेजस्वी के बयान की आलोचना की और बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनने का पूरा भरोसा व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "173 विधानसभा सीटों पर एनडीए आगे चल रही है, और बयान तेजस्वी यादव दे रहे हैं।" आरजेडी के 15 वर्षों के शासनकाल के दौरान, उनकी सरकार ने 33,000 नौकरियां दीं और इसके बदले लोगों की जमीन कब्जा कर लिए। उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव को यह स्वीकार कर लेना चाहिए कि नीतीश कुमार का विकास अब लोगों के सामने स्पष्ट रूप से दिख रहा है। नीरज कुमार ने यह भी कहा कि बिहार अब लालटेन युग से बाहर आ चुका है और विकास के नए मानक स्थापित हुए हैं। नीरज कुमार ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर की आलोचना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, बिहार देश का पहला राज्य है जहां प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों जैसे केरल, मध्य प्रदेश और गुजरात की विशेष टीमें इस तकनीक को देखने के लिए बिहार आई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार सरकार ने 15,343 करोड़ रुपये की सब्सिडी बिजली क्षेत्र में दी है, जो कि पूर्ववर्ती शासनकाल में बिजली का बजट भी नहीं होता था।

# हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं : सीएम विष्णुदेव साय

एजेंसी। छत्तीसगढ़



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर ऊर्जा पार्क में वन शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन शहीद स्मारक का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' नारे के तहत पौधा लगाकर पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, "आज 20वां राष्ट्रीय वन शहीद दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हमारा मुख्य उद्देश्य वन संपदा और पर्यावरण की रक्षा करना है। मैं अपने उन सभी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जो पिछले दिनों वन्यजीवों और वन संपदा की रक्षा करते हुए शहीद हुए हैं। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दे।"वन सुरक्षा कर्मियों पर हमलों से सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि, जवानों पर कई तरह के हमले होते हैं। हमारे जवान कई तरह से शहीद होते हैं। एक तो वन माफियाओं का हमला। इस दौरान हमारे जवान शहीद होते हैं और कई बार जंगली जानवरों का भी हमला होता है, जिससे जवान शहीद होते हैं। सरकार इसे लेकर चिंतित है। राज्य में बाढ़ से होने वाली परेशानियों के बारे में उन्होंने कहा कि इस बार भारी बारिश हो रही है। खास तौर पर बस्तर के इलाकों में बहुत भारी बारिश हो रही है। इस वजह से बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है। इसके लिए सरकार अलर्ट पर है। सभी जिला प्रमुखों को निर्देश दिए गए हैं। सभी सतर्क हैं। इससे अभी तक कोई नुकसान नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ के राजा चक्रधर की जयंती के अवसर पर रायगढ़ में मनाए जा रहे चक्रधर महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद मंगलवार को रायपुर लौटे मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। राज्य में फिर से नक्सलवाद के मजबूत होने के सवाल पर उन्होंने कहा था, "हम नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं। देश के गृह मंत्री अमित शाह ने देश से नक्सलवाद को खत्म करने के लिए 2026 तक की समय सीमा घोषित की है।

## पीट-पीट कर हत्या मामले में दो को आजीवन कारावास

**पूर्वी चंपारण।** घटना के 39 वर्ष बाद तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार ने जमीनी विवाद को लेकर पीट पीट कर हत्या मामले में दोषी पाते हुए नामजद दो अभियुक्तों को आजीवान कारावास व प्रत्येक को बीस बीस हजार रुपये अर्थ दंड की सजा सुनायी है। सजा हरसिद्धि थाना के दुधही निवासी शिवशंकर महतो एवं भानू महतो को हुई। मामले में स्थानीय निवासी मृतक सरयुग महतो के बड़ा भाई रामधारी महतो ने हरसिद्धि थाना कांड संख्या 98/1985 दर्ज कराते हुए आठ के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा था कि 24 मार्च 1985 की सुबह करीब 6.30 बजे घर से थोड़ी दूर पर उसके खेत में लगे गेंहू की फसल को नामजद अभियुक्त काट रहे थे।

# एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी



एजेंसी। मुंबई

**बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता ने बुधवार को घर की छत से कूदकर आत्महत्या कर ली है। उनके सुसाइड करने की वजहों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार, मलाइका अरोड़ा के पिता ने बांद्रा में स्थित अपने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर सुसाइड किया। उन्होंने बुधवार सुबह 9 बजे के करीब छत से कूदकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। इस बीच पिता की मौत की खबर मिलने के बाद मलाइका अरोड़ा पुणे से मुंबई के लिए रवाना हो गई हैं। उनके पिता के शव को मुंबई के बाबा अस्पताल में रखा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि मलाइका के पूर्व पति अरबाज खान भी उनके घर पहुंच गए हैं। मलाइका का जन्म महाराष्ट्र के ठाणे में हुआ था। वह 11 साल की थीं, तब उनके माता-पिता का तलाक हो गया था। वह अपनी मां और बहन अमृता अरोड़ा के साथ चेंबूर रहने आ गई। उनकी मां जॉयस पॉलीकार्प एक मलयाली ईसाई हैं और उनके पिता अनिल अरोड़ा पंजाबी थे, जो भारतीय मर्चेंट नेवी में काम करते थे। हाल ही में एक फैशन पत्रिका को दिए गए इंटरव्यू में मलाइका ने बताया था कि जब वह 11 साल की थीं, तब उनके माता-पिता ने अलग होने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि भले ही उनका बचपन अच्छा रहा हो, लेकिन यह सब उनके लिए आसान नहीं था। मेरे माता-पिता के अलग होने से मुझे अपनी मां को एक नए नजरिए से देखने का मौका मिला।**

# आज का राशिफल

**मेष :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेगें।

**वृष :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मिथुन :** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कर्क :** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**सिंह :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**कन्या :** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला :** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनावए अलगाव का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक :** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मकर :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**कुंभ :** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं।

**मीन :** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

# शिमला में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने तोड़ी बैरिकेडिंग, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

एजेंसी। शिमला



राजधानी शिमला के उपनगर संजौली में मस्जिद में अवैध निर्माण के मामले में बुधवार को हिन्दू समाज के लोगों का भारी आक्रोश नजर आया। संजौली में धारा 163 लागू होने के बावजूद हिंदू संगठनों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे यहां माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने संजौली से सटे ढली टनल में पुलिस द्वारा की गई बेरिकेडिंग तोड़ दी और वे विवादित मस्जिद स्थल की ओर बढ़ रहे हैं। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई और पुलिस ने लाठीचार्ज भी की। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में एक पुलिस जवान घायल हुआ है। मस्जिद स्थल के आसपास पहुंच रहे प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस भरकस कोशिश कर रही है। इसके लिए पानी की बौछारें छोड़ीं। प्रदर्शनकारियों के जुटने से संजौली क्षेत्र में माहौल तनावपूर्ण हो गया है। ड्रोन कैमरों के जरिये प्रदर्शनकारियों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस ने विवादित मस्जिद स्थल को पूरी तरह सील कर दिया है। संजौली में तनाव को देखते हुए कारोबारियों ने संजौली बाजार में दुकानें बंद कर दी हैं। आज सुबह 11 बजे कुछ प्रदर्शनकारियों ने संजौली पहुंचकर भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे भी लगाए। हालांकि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया था। अपने समर्थकों संग संजौली पहुंचे हिंदू जागरण मंच के पूर्व महामंत्री कमल गौतम को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।


## पत्नी से परेशान वनपाल सुसाइड नोट लिखकर हुआ गायब

**नवादा।** मैं अपनी पत्नी से परेशान हो गया हूं। वह बार-बार बोलती है कि आपका अफेयर किसी के साथ चल रहा है। नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड मुख्यालय वन विभाग में कार्यरत वनपाल अरविंद रजक ने अपने कमरे में एक सुसाइड नोट छोड़ा है। उसके बाद से उनका कुछ अता पता नहीं है। वनपाल मंगलवार (10 सितंबर) की देर रात से अपने सरकारी आवास से रहस्यमय तरीके से लापता हैं। जिसकी जानकारी विभागीय लोगों को बुधवार को मिली है। वनपाल ने जाने से पहले कमरे में एक सुसाइड नोट छोड़ा है। उसमें उन्होंने पत्नी की प्रताड़ना से परेशान होकर ये कदम उठाने की बात कही है।

## देश में सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण के लिए हम संकल्पित : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाते हुए गृह मंत्रालय देश में सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण के लिए कृत संकल्प है। एक्स पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। गृह मंत्री ने एक साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के मिशन को गति प्रदान करने में प्रसिद्ध अभिनेता अमिताभ बच्चन के सक्रिय योगदान के लिए उनका आभार प्रकट किया। मेगा स्टार अमिताभ बच्चन ने अपने एक वीडियो संदेश में कहा कि देश और दुनिया में बढ़ रहा साइबर अपराध चिंता का विषय है। गृह मंत्रालय का भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र इसके नियंत्रण की दिशा में कार्य कर रहा है। बच्चन ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी के आग्रह पर वे इस अभियान से जुड़े हैं।

## राष्ट्रपति ने नर्सिंग कर्मियों को फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार प्रदान किया। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आभार जताया। आज जेपी नड्डा ने सोशल मीडिया 'एक्स' फोटो पोस्ट करके कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2024 प्रदान करने के लिए धन्यवाद। यह सम्मान आपको सार्वजनिक सेवा में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने

## विदाई से पहले तेवर दिखाएगा मानसून

**देहरादून।** उत्तराखंड में मानसून अब अंतिम चरण में है, लेकिन विदाई से पहले राज्य के पर्वतीय जिलों में मौसम अपना तेवर दिखाएगा। प्रदेश में 12 और 13 सितंबर को भारी बारिश होंगे। इसके लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वैसे मौसम विभाग ने 15 सितंबर तक पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी बारिश की संभावना जताई है। वहीं, संवेदनशील इलाकों में सतर्कता बरतने की सलाह दी है। भारी बारिश के दौरान भूस्खलन की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चारधाम यात्रियों और पर्यटकों को सावधानी से यात्रा करने की हिदायत दी है। मौसम विभाग ने कहा है कि नदी-नालों को पार करने की कोशिश न करें। अचानक पानी बढ़ सकता है।

## आंध्र प्रदेश में सड़क हादसा, सात कृषि मजदूरों की मौत, दो की हालत गंभीर

**एलुरु (देवरापल्ली)।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में मंगलवार आधी रात बाद हुए सड़क हादसे में सात कृषि मजदूरों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा मिनी लॉरी के पलटने से हुआ। अरिपतिदिब्बालु-चिन्नईगुडेम रोड पर देवरापल्ली मंडल के चिलकावरिपकालु के पास वाहन ने नियंत्रण खो दिया और रेलिंग से टकरा कर पलट गया। हादसा होते ही ड्राइवर कूदकर भाग गए। वाहन में सवार नौ लोगों में से सात की मौत हो गई। दो घायल हो गए।

# हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में वायु सेना ने दिखाई रात्रिकालीन युद्ध क्षमता

एजेंसी। नई दिल्ली




### इलेक्ट्रॉनिक युद्ध का भी वातावरण तैयार किया गया

वैश्विक रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए भारत ने अपनी उन्नत हवाई क्षमताओं को प्रदर्शित किया। हवाई अभ्यास के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध का भी वातावरण तैयार किया गया, जहां वायु सेना ने सतह से हवा में मार करने वाले निर्देशित हथियार तैनात किये गए। रात्रिकालीन हवाई युद्ध अभ्यास में दुनिया के पहले लड़ाकू हेलीकॉप्टर स्वदेशी प्रचंड ने उड़ान भरकर अपनी ताकत दिखाई।

अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दौरान भारतीय वायु सेना ने अपनी रात्रिकालीन हवाई युद्ध की क्षमता का प्रदर्शन किया है। जोधपुर का आसमान शक्तिशाली लड़ाकू विमानों की गर्जना से जीवंत हो उठा। फेज-2 के दौरान वायु सेना की रात्रि मिशन सटीकता ने अपनी ताकत और अंतर-संचालन क्षमता को परिभाषित किया है। रात के आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार वायु सेना ने अपने कौशल और समन्वय का प्रदर्शन करके रेगिस्तानी इलाके में विदेशी सेनाओं के सामने अपनी रक्षात्मक और आक्रामक अभियान को दिखाया है। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे चरण की औपचारिक शुरूआत 29 अगस्त से हुई। इस चरण में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के साथ 14 सितंबर तक चलने वाले 'तरंग शक्ति' के दौरान वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान भाग ले रहे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग ले रहा है। 'तरंग शक्ति' अभ्यास में भारत के सबसे छोटे लड़ाकू एलसीए तेजस ने अपनी क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन किया। इसकी ताकत परखने के लिए कई विदेशी वायु सेनाओं के प्रमुखों ने एलसीए में उड़ान भरी है।



एशियन चैंपियन ट्राफी

# भारत ने मलेशिया को रौंदकर लगाई जीत की हैट्रिक, सेमिफाइनल में किया प्रवेश

एजेंसी

**हुलुनबुइर।** युवा स्ट्राइकर राज कुमार पाल की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने बुधवार को हीरो एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में मलेशिया को 8-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। यह टूनार्मेंट में भारत की लगातार तीसरी जीत थी। राज कुमार (तीसरे, 25वें और 33वें मिनट) के अलावा, अरिजीत सिंह हुंदल (छठे और 39वें मिनट), जुगराज सिंह (सातवें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (22वें मिनट) और उत्तम सिंह (40वें मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे। मलेशिया के लिए अखिमुल्लाह अनवार (34वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

भारत फिलहाल तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। छह टीमों का यह टूनार्मेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जा रहा है और शीर्ष चार टीमें 16 सितंबर को सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जिसके बाद 17 सितंबर को फाइनल होगा। भारत ने टूनार्मेंट के पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया था, उसके बाद उसने जापान को 5-1 से हराया था। पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत गुरुवार को कोरिया से भिड़ेगा, उसके बाद शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ लीग मैच खेलेगा। इन दोनों टीमों के बीच आखिरी मैच 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल था, जहां हाफ-टाइम तक भारत 1-3 से पीछे था। उस मैच में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी की और 4-3 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। आज खेले गए मैच में भारतीय स्ट्राइकरों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पांच फील्ड गोल और तीन पेनल्टी कॉर्नर बनाए, जिन्हें जुगराज, हरमनप्रीत और उत्तम ने गोल में बदला। मलेशिया के खिलाफ, भारतीयों ने पहले क्वार्टर में लगातार हमलों के साथ आगे बढ़ना शुरू किया।

## पाकिस्तान ने जापान को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की

**मोकी (चीन)।** अजेय पाकिस्तान ने बुधवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर जापान को 2-1 से हराकर हीरो एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी पहली जीत दर्ज की। अहमद नदीम (10') और सुफियान खान (21') ने पाकिस्तान के लिए गोल किए, जबकि जापान के लिए एकमात्र गोल रायकी फुजीशिमा (28') ने किया। इस जीत के साथ, पाकिस्तान पूल स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है, जो शीर्ष पर मौजूद भारत से पांच अंक पीछे है। शुरुआती क्वार्टर में पाकिस्तान ने इस खेल में जापान से आगे रहने का इरादा दिखाया। हालांकि वे मलेशिया के खिलाफ 2-2 से और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ के साथ अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं, लेकिन खिताब की दौड़ में बने रहने के लिए उन्हें जीत की जरूरत थी। स्ट्राइकरों ने स्ट्राइकिंग सर्कल में तीन शुरुआती हमलों के साथ पाकिस्तान के इरादे को प्रदर्शित किया, लेकिन जापानी गोलकीपर ताकुमी कितागावा को चकमा नहीं दे सके। इस बीच, उन्होंने छठे मिनट में एक अच्छे वीडियो रेफरल के साथ पीसी के माध्यम से जापान को अपना पहला बड़ा अवसर लेने नहीं दिया। शुरुआती प्रयासों के बाद, पाकिस्तान ने आखिरकार अहमद नदीम के एक शानदार फील्ड गोल से बढ़त हासिल कर ली। यह ग़ज़नफ़र अली थे जिन्होंने इन-फ़ॉर्म हन्नान शाहिद की सहायता करके हमले की शुरुआत की, जिन्होंने जापानी डिफेंडरों को चकमा देने और नदीम की सहायता करने के लिए सर्कल के शीर्ष पर एक बेहतरीन टैकल खेला। उन्होंने दूसरे क्वार्टर में गति को बनाए रखा और 21वें मिनट में एक पीसी अर्जित करके बढ़त को 2-0 तक बढ़ाया। सुफ़यान खान निशाने पर थे, उन्होंने गेंद को अच्छी तरह से संभाला और इसे जापान के गोलकीपर के पार पहुँचा दिया।

**इस जीत के साथ, पाकिस्तान पूल स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर है, जो शीर्ष पर मौजूद भारत से पांच अंक पीछे है**



# काउंटी में चहल का पंजा लेकिन शॉ का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय लेग-स्पिनर युजवेंद्र चहल ने डर्बीशायर के खिलाफ पांच विकेट लेते हुए अपनी टीम नॉर्थम्पटनशायर को मैच में आगे कर दिया है। भारत के लिए 152 अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले चहल ने 45 रन देकर पांच शिकार किए, चहल के प्रथम श्रेणी करियर का ये सिर्फ़ तीसरा पांच विकेट हॉल था। साथ ही साथ इस भारतीय लेग-स्पिनर ने प्रथम श्रेणी में 100 विकेट भी हासिल कर लिए। चहल के इस प्रदर्शन की बदौलत नॉर्थम्पटनशायर ने डर्बीशायर के आख़िरी छह विकेट केवल 15 रन पर झटके। इस मैच में खेल रहे पृथ्वी शॉ का प्रदर्शन ख़ास नहीं रहा, इस मैच की पहली पारी में शॉ ने मैच की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला था लेकिन फिर अगली गेंद पर ही आउट हो गए थे। दूसरी पारी में भी शॉ महज़ 2 रन बनाकर हैरी मूर की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। स्पिन के लिए मददगार पिच पर चहल ने ज्यादातर ऑफ स्पिनर रॉब कियो के साथ गेंदबाज़ी की, कियो ने भी तीन विकेट अपने नाम किए। इसके बाद बल्ले से भी कियो ने अब तक अहम 46* रन बना लिए हैं और क्रीज़ पर मौजूद हैं। दूसरे दिन का खेल ख़त्म होने तक नॉर्थम्पटनशायर को 232 रन की बढ़त हासिल हो गई है जबकि पांच विकेट शेष हैं। चहल की गेंदबाज़ी कितनी घातक थी इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने पांच ओवर के स्पेल में ही सभी पांच शिकार किए।



भारत के लिए 152 अंतर्राष्ट्रीय विकेट लेने वाले चहल ने 45 रन देकर पांच शिकार किए

# मैकुलम के नेतृत्व में बटलर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे : मोईन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर मोईन अली ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम लिमिटेड ओवर में इंग्लिश कप्तान जोस बटलर से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाएंगे। मैकुलम पिछले दो वर्षों से इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच हैं और मैथ्यू मॉट के बाद अगले साल जनवरी से टी20 और वनडे टीम के भी मुख्य कोच के तौर पर काम करेंगे। मोईन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, "मुझे लगता है कि ब्रेंडन टीम में शानदार ऊर्जा लाते हैं और उन जैसा कोच टीम के साथ होगा तो यह मजेदार होने वाला है। जोस के पास बल्लेबाजी, विकेटकीपिंग, कप्तानी के साथ बहुत जिम्मेदारी है। ब्रेंडन इस दबाव को कम कर देंगे और वह मैदान में बटलर को फ्री होकर खेलने की आजादी देंगे।

इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 मैच खेलने वाले मोईन ने बटलर के उप-कप्तान के रूप में काम किया, जब इयोन मोर्गन ने संन्यास लिया था। उन्हें उम्मीद है कि इंग्लैंड की टीम में कई संभावित नाम सामने आएंगे जो बटलर के लिए बेहतरीन उप-कप्तान हो सकते हैं।

# गोरे गांव में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट मे एनवाईसी कठचाचो की टीम सेमीफाइनल में



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नगड़ा पंचायत और खान ब्रर्दश मांडर के संयुक्त तत्वावधान में रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के गोरे गांव में बुधवार को आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट-2024 के पहले दिन एनवाईसी कठचाचो की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। उसने लिली एफसी को ट्राईब्रेकर में 5-2 गोल से पराजित कर यह सफलता हासिल की। वहीं एनवाईसी कठचाचो ने ब्लैक डायमंड हेहल घुघरी को 3-0 और लिली एफसी ने पीएमपी परहेपाट को 1-0 गोल से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। इससे पहले टूर्नामेंट का उदघाटन मुखिया बहादुर उरांव और गोरे सदर हाजी अयूब खान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को कीक कर किया। मौके पर दोनों ने खिलाड़ियों आयोजन समिति के सदस्यों का हैंसला बढ़ाया और कहा कि ऐसे छोटे से जगह पर ऐसा भव्य आयोजन कराना अच्छी पहल है। गुरुवार को उद्घाटन मैच द रॉयल स्टार क्लब कानीजाड़ी और गुरुंग सौकर एफसी के बीच दिन के 10 बजे से होगा। मैच के सफल संचालन में शैफ खान, बेलाल खान, रशीद खान, वाजिद खान, अफजल खान सहित गांव के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# पंजाब का 26 सदस्यीय आईएसएल टीम घोषित

एजेंसी

**मोहाली।** पंजाब एफसी, जो भारत की शीर्ष फुटबॉल लीग में उत्तर भारत का एकमात्र प्रतिनिधि है, ने आगामी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) सीज़न के लिए अपनी 26-सदस्यीय टीम की घोषणा की। यह उनका दूसरा आईएसएल सीज़न होगा, पिछले साल आईएसएल में प्रमोट होने के बाद शेर (टीम का उपनाम) 15 सितंबर को कोच्चि में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ अपना आईएसएल अभियान शुरू करेंगे और 20 सितंबर को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अपना पहला घरेलू मैच खेलेंगे। हेड कोच पनागियोटिस डिल्मपेरिस ने युवा और अनुभव का संतुलन रखते हुए टीम चुनी है। लुका माजसिन, मुसागा बकेंगा, इज़ेकियल विडाल, इवान नोवोसेलेक, अस्मीर सुल्जिक और फिलिप मर्ज्लाक टीम के विदेशी खिलाड़ी हैं। भारतीय साइनिंग्स में विनीत राय, निन्थोइंगनबा मीतेई, मुहीत शबीर, निहाल सुदेश (लोन पर), और लिकमाबम राकेश सिंह (लोन पर) शामिल हैं। अकादमी से मोहम्मद सुहैल एफ. और शामी सिंगमायुम को सीनियर टीम में प्रमोट किया गया है।



इंडियन सुपर लीग 2024-25 के लिए पंजाब एफसी टीम

**गोलकीपर:** रवि कुमार, मुहीत शबीर, आयुष देशवाल
**डिफेंडर:** खाइमिनथांग लुंगडिम, मेलरॉय असिसी, लिकमाबम राकेश मीतेई (लोन पर), टेकचम अभिषेक सिंह, इवान नोवोसेलेक (क्रोएशिया), नितेश दार्जी, नोंगमेइकपम सुरेश मीतेई
**मिडफील्डर:** निखिल प्रभु, रिकी जॉन शाबोंग, सैमुअल किन्शी लिंडोह, विनीत राय, मंगलेन्थांग किपगेन, आशीष प्रधान, फिलिप मर्ज्लाक (क्रोएशिया), शामी सिंगमायुम
**फॉरवर्ड:** अस्मीर सुल्जिक (बोस्निया और हर्ज़ेगोविना), मुसागलुसा बकेंगा (नॉर्वे), इज़ेकियल विडाल (अर्जेंटीना), मोहम्मद सुहैल एफ., लियोन ऑगस्टिन, निन्थोइंगनबा मीतेई, निहाल सुदेश (लोन पर), लुका माजसिन (स्लोवेनिया)

### कोचिंग और सपोर्ट स्टाफ

- **हेड कोच :** पनागियोटिस डिल्मपेरिस
- **सहायक कोच :** कॉन्सटैंटिनोस काटसारास
- **भारतीय सहायक कोच :** संकरलाल चक्रवर्ती
- **स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच :** पापा आयोनू लिओनिस
- **गोलकीपिंग कोच :** मनीष तिमसिना
- **टीम डॉक्टर :** डॉ. सिदक ढिल्लों

**फिजियोथेरेपिस्ट:** लेविन विनोद | **टीम मैनेजर:** काशिफ कामरान

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए यह सबसे अच्छा समय : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से बुधवार को कहा गया कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में निवेश के लिए यह भारत में सबसे अच्छा समय है, क्योंकि भारत में वैश्विक कंपनियों का मजबूत इकोसिस्टम मौजूद है। दिल्ली के पास ग्रेटर नोएडा में 'सेमीकॉन इंडिया 2024' इवेंट में इंडस्ट्री के बड़े पक्षकारों की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में चिप में कभी मंदी नहीं होगी, आप हमारी ग्रोथ स्टोरी पर दांव लगा सकते हैं। भारत में आकर निवेश कर वैल्यू क्रिएट करें। हम आपको ग्रोथ के लिए एक इकोसिस्टम उपलब्ध कराएंगे। भारत के पास सेमीकंडक्टर डिजाइन में दुनिया के ग्लोबल टैलेंट का 20 प्रतिशत हिस्सा है। हम 85,000 की मजबूत सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स बना रहे हैं। इसमें तकनीकी विशेषज्ञ, आरएंडडी एक्सपर्ट्स और डिजाइनर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एक लाख करोड़ रुपये के 'अनुसंधान फंड' का उद्देश्य बेसिक रिसर्च और प्रोटोटाइप डेवलपमेंट को समर्थन देना है। इसमें सेमीकंडक्टर भी शामिल है। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि भारत एक सुधारवादी सरकार प्रदान करता है, जो कि एक बढ़ता हुआ मैन्युफैक्चरिंग बेस और महत्वाकांक्षी तकनीक-उन्मुख बाजार भी है। हम सेमीकंडक्टर के लिए 85,000 इंजीनियर्स और टेकनिशियन का एक मजबूत टैलेंट पूल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस उद्देश्य से 113 से ज्यादा यूनिवर्सिटिज, शैक्षिणिक और आरएंडडी संस्थाएं जुड़ी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी एग्जीबिशन में भी गए और कंपनियों से सेमीकंडक्टर सॉल्यूशंस को लेकर बातचीत की। इससे पहले मंगलवार को सेमीकंडक्टर कंपनियों के सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने केवल भारत को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रीय राजधानी में बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनियों के सीईओ ने प्रधानमंत्री मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी। इसमें एसईएमआई, माइक्रोन, एनएक्सपी, पीएसएमसी, आईएमईसी, रेनेसा, टीईपीएल, टोक्यो इलेक्ट्रॉन लिमिटेड, टॉवर, सिनोप्सिस, कैडेंस, रैपिडस, जैकब्स, जेएसआर, इनफिनियन, एडवांटेस्ट, टेराडाइन, एप्लाइड मैटेरियल्स, लैम रिसर्च, मर्क, सीजी पावर और कायन्स टेक्नोलॉजी शामिल थी।



**20%** प्रतिशत हिस्सा है भारत के पास सेमीकंडक्टर डिजाइन में दुनिया के ग्लोबल टैलेंट का

**113** से ज्यादा यूनिवर्सिटिज, शैक्षिणिक और आरएंडडी संस्थाएं जुड़ी हैं।

# सरार्फा बाजार में महंगी हुई चांदी, सोने में गिरावट जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में बुधवार को सोना कमजोरी के साथ कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, चांदी ने एक हजार रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। सोने के भाव में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 73 हजार रुपये के स्तर से नीचे लुढ़क कर 72,980 रुपये से लेकर 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,910 रुपये से लेकर 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं कीमत में आई तेजी के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में आज चांदी की कीमत 86,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 72,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

# पीएलआई ऑटो स्कीम से देश में पैदा हुए 30,000 से ज्यादा रोजगार के अवसर : केंद्र

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रोडक्शन-लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) ऑटो स्कीम की मदद से इस साल मार्च तक देश में 30,000 से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। केंद्रीय भारी उद्योग इंडस्ट्री मंत्री एचडी कुमारस्वामी के मुताबिक, पीएलआई ऑटो स्कीम में 74,850 करोड़ रुपये का निवेश आया है और इसमें से 17,896 करोड़ रुपये का निवेश आ चुका है। राष्ट्रीय राजधानी में हुए सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (एसआईएएम) के एक इवेंट में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ऑटोमोबाइल, ऑटो इंडस्ट्री और एडवांस सेल केमिस्ट्री सेक्टर की वृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। कुमारस्वामी ने कहा कि मंत्रालय की ओर से घरेलू ऑटोमोबाइल उद्योग को टिकाऊ उन्नत तकनीकों आदि को बढ़ावा देने के लिए 2,938 करोड़ रुपये का समर्थन दिया जा रहा है। केंद्र सरकार की ओर से ईवी सेक्टर के लिए लाई गई पीएलई स्कीम के तहत 74 कंपनियों से आवेदन मिले हैं। इसमें से 50 को मूंजरी दे दी गई है और 24 आवेदन को रिव्यू के लिए रखा गया है। पीएलआई स्कीम के तहत ऑटो कंपनियां सरकार से वार्षिक सेल्स के आंकड़े पर 13 से 15 प्रतिशत की सब्सिडी ले सकती हैं।

# भारत का कोयला उत्पादन अप्रैल से अगस्त के बीच 6 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में कुल कोयला उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अगस्त के बीच 6.36 प्रतिशत बढ़कर 384.07 मिलियन टन (एमटी) हो गया है। यह पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 361.11 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया है कि अगस्त 2024 में कुल कोयले का उत्पादन 7.51 प्रतिशत गिरकर 62.67 एमटी रह गया, जो कि अगस्त 2023 में 67.76 एमटी था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि में 412.69 एमटी कोयले की आपूर्ति की गई है इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 5.17 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है और यह पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 392.40 एमटी था। अगस्त 2024 में कोयले की आपूर्ति घटकर 69.94 एमटी रह गई है, जो कि अगस्त 2023 में 75.19 एमटी थी। इसमें 6.98 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। समीक्षा अवधि में पावर सेक्टर को 338.75 एमटी कोयले की आपूर्ति की गई है। इसमें सालाना आधार पर 4.13 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है। पिछले साल यह आंकड़ा 325.33 एमटी था। मंत्रालय ने कहा, अगस्त 2024 में पावर सेक्टर को आपूर्ति 58.07 एमटी रही है, जो कि अगस्त 2023 में 61.43 एमटी थी।

# मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में कैदी की मौत, जेल प्रबंधन पर लगा लापरवाही का आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** मेदिनीनगर सेंट्रल जेल के कैदी कुंदन पांडे की मौत पर उसके परिजनों ने जेल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। मौत की सूचना मिलने पर एमआरएमसीएच में पहुंची उसकी मां ने कहा कि जेल जाने से पहले उसका बेटा पूरी तरह से स्वस्थ था। दो दिन पहले उसकी उससे मिलने गई थी लेकिन मिलने नहीं दिया गया।

कुंदन की मां ने कहा कि जेल प्रबंधन ने उसके बीमार रहने के संबंध में कोई जानकारी नहीं दी। पांच दिनों के भीतर ही उसकी मौत कैसे हो गई? जेल प्रशासन की कार्यशैली संदेह के घेरे में है। परिजनों ने मामले में दोषी जेल प्रशासन पर कार्रवाई करने की मांग की है। परिजनों ने यह भी कहा कि कुंदन लड़का और लड़की के मामले में लड़के को समझाने गया था लेकिन उस पर अपहरण का केस करके जेल भेज दिया गया। उन्होंने पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए।

परिवार के लोग इस मामले में प्राथमिक दर्ज कराएंगे। मैं सरकार से मांग करता हूं की इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए और जेल प्रबंधन के साथ-साथ अन्य जो भी दोषी हैं, उन पर कार्रवाई की जाए।

इस मामले में जेलर प्रमोद कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब चार बजे जेल के कंपाउंडर ने सूचना दी कि कुंदन पांडे की तबीयत ज्यादा खराब हो गई है। इसके बाद उसे इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा गया था। उल्लेखनीय है कि छह सितंबर को दो स्कूली बच्चों के अपहरण मामले में कुंदन पांडेय समेत चार युवकों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया था।




## केएन त्रिपाठी अस्पताल पहुंचे व मामले की ली जानकारी

इधर, घटना की सूचना मिलने पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी अस्पताल पहुंचे और पूरी मामले जानकारी ली। जेल से अस्पताल लाने पर कैदी की स्थिति कैसी थी? इसकी जानकारी ली। अस्पताल में लाने के बाद कैदी के साथ किस तरह का इलाज किया गया यह भी पता किया। अस्पताल की ओर से बताया गया कि सुबह में कुंदन को इलाज के लिए लाने पर इसका ईसीजी किया गया, जिसमें वह मृत पाया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल के रिकॉर्ड से पाया गया है कि कुंदन पांडे को मृत अवस्था में बुधवार सुबह 5.30 बजे लाया गया था। हालांकि, जेल प्रबंधन ने अपने दस्तावेज में प्राण रक्षार्थ भेजने की बात कही है। पूरे मामले में जेल प्रशासन दोषी है।

## एक नजर

### चतरा पुलिस ने अवैध बालू लदे सात ट्रैक्टरों को किया जब्त

**चतरा।** बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ चतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एनजीटी के नियमों का उल्लंघन कर तस्कर बालू का उठाव कर रहे थे। मयूरहंड प्रखंड के गौरक्षणी नदी घाट से पुलिस ने छापेमारी कर बालू लदे सात ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हडकंप मच गया है। गौरक्षणी नदी घाट से अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना लाया गया है। सभी तस्कर व उठाव में शामिल लोग भाग फरार हो गये हैं। छापेमारी में अंचलाधिकारी सह बीडीओ मनीष कुमार, पुलिस निरीक्षक मंजू कुमारी व थाना प्रभारी अमित कुमार व अन्य शामिल थे।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता शुरू

**हैदरनगर।** जिले के हैदरनगर में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता 'खेलो झारखंड 2024-25' का आयोजन 11 और 12 सितंबर 2024 को प्लस टू उच्च विद्यालय हैदरनगर में किया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह समन्वयक प्रखंड संसाधन केंद्र हैदरनगर ने जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार इस आयोजन में पूरे प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों, जिला परिषद सदस्यों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न होगा। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। सभी पंचायत समिति सदस्य, मुखिया और पंचायत प्रतिनिधियों को इस अवसर पर आमंत्रित किया गया है। खेलो झारखंड प्रतियोगिता के अंतर्गत विभिन्न खेलों का आयोजन होगा। जिसमें स्थानीय युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

## झारखंड बंद का पलामू में आंशिक असर

# रेडमा चौक से 150 आन्दोलनकारी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** अलग राज्य के लिए आन्दोलन करने वाले आंदोलनकारियों के बुधवार को झारखंड बंद का पलामू जिले में आंशिक असर देखने को मिला। कुछ घंटे तक जिले के रेडमा सहित अन्य चौक चौराहों को जाम किया गया। हालांकि, इसी क्रम में सभी आंदोलनकारियों गिरफ्तार कर लिया गया। झारखंड बंद को लेकर मेदिनीनगर के रेडमा चौक जाम कर प्रदर्शन कर रहे झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा के 150 कार्यकताओं को शहर थाना पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। करीब दो घंटे तक आंदोलनकारियों ने यहां प्रदर्शन किया। सभी को गिरफ्तार करने के बाद शहर थाना में रखा गया है। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया।



झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर 11 सितंबर बुधवार को झारखंड बंद का आह्वान किया था। बंद के दौरान मेदिनीनगर रेडमा चौक एनएच 39 को सुबह 6 बजे से जाम कर दिया गया। लगभग पांच किलोमीटर तक सड़क जाम हो गई। इस दौरान स्कूल बस समेत मालवाहक एवं निजी वाहन फंसे रहे। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मेदिनीनगर सदर डीएसपी व थाना प्रभारी ने जाम हटाने का प्रयास किया। इस क्रम में आंदोलनकारियों के साथ उनकी नोक-झोंक हुई। बाद में सभी को गिरफ्तार कर लिया गया। लगभग 150 आन्दोलनकारी को टाउन थाना में लाकर रखा गया। आन्दोलन कर रहे मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि उनका आंदोलन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था लेकिन पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने मांगों की जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड आन्दोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता समाप्त कर सभी को पेंशन 50 हजार दिया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों जैसी सभी सुविधाएं मिले, जल, जगंल, जमीन पर जनता का अधिकार कायम हो समेत 10 सूत्री मांग शामिल हैं।

बंद कराने वालों में मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष बिकेश शुक्ला, बाल किशुन उरांव, शंखनाथ सिंह, संतन मेहता, तुलसी शुक्ला, नलिन चन्द्र कुमार, प्रदीप सिन्हा, लव कुमार तिवारी, प्रमोद सोनी, वृजनन्दन मेहता, बिलंगना किंडो, संजय गुप्ता, सुलेमान अंसारी समेत अन्य आन्दोलनकारी शामिल हैं।

## क्रीड़ा भारती के विकास केसरी बने हजारीबाग विभाग संयोजक



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** क्रीड़ा भारती की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की एक वर्चुअल बैठक की गई, जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सिलसिले वार ढंग से चर्चा हुई। तत्पश्चात कई विभाग के संयोजक की घोषणा की गई। जिसमें हजारीबाग विभाग संयोजक विकास कुमार केसरी बनाये गए हैं।

हजारीबाग विभाग में चार जिले चतरा, हजारीबाग, कोडरमा एवं गिरिडीह है। यह घोषणा क्रीड़ा भारती झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष फूल सिंह के द्वारा किया गया। चतरा निवासी विकास केसरी को दायित्व मिलने पर चतरा समेत अन्य जिलों के कार्यकर्ता एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर बुधवार को एक सादे समारोह में चतरा जिला क्रीड़ा भारती के पदाधिकारी एवं अन्य खेल संघों के द्वारा विकास कुमार केशरी को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं बधाई दी। क्रीड़ा भारती झारखंड प्रांत से राजीव, मंत्री संजीत रॉय व अन्य ने शुभकामना एवं बधाई दी व कहा कि विकास के नेतृत्व में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला इकाई से संरक्षक पंकज दुबे, मो जमालुद्दीन, कुमार विवेक सिंह, अध्यक्ष संजीत कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष संदीप कुमार गुप्ता, बब्लू गुप्ता, चैंबर ऑफ कॉमर्स के जितेंद्र कुमार जैन, सचिन्द्र पासवान, मंत्री विकास कुमार केशरी सह मंत्री सूरज कुमार, श्रीराम शास्त्री, सूर्यप्रकाश सिन्हा, सुनीता कुमारी, देवानंद कुमार, जुगल कुमार, दिलीप कुमार के साथ कई खेल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## भतीजी की मौत को तंत्र-मंत्र का चक्कर बताकर बुजुर्ग की हत्या, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिले के मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी गांव में पांच दिन पहले लाठी से पीटकर हुई राजा यादव नामक बुजुर्ग की हत्या मामले का खुलासा हो गया है। पुलिस ने इस घटना में शामिल दो अप्राथमिकी आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बुजुर्ग की हत्या ओझा-गुणी बताकर हुई थी। गिरफ्तार आरोपितों में मुकेश कुमार (23) एवं योगेन्द्र सिंह (28) दोनों घंघरी के रहने वाले हैं।



इस संबंध में राजा यादव की पत्नी राधा देवी ने सात नामजद समेत 10-12 अज्ञात लोगों पर एफआइआर दर्ज करायी थी। पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि इस घटना को राजा यादव के पड़ोसी मुकेश कुमार के द्वारा अंजाम दिया गया है। ओझा-गुणी बताकर हत्या की गयी है। दरअसल, तीन वर्ष पहले मुकेश के बड़े भाई प्रदीप यादव की बेटी सोनी कुमारी की अचानक मृत्यु हो गयी थी। मुकेश के परिजनों ने इस घटना को ओझा-गुणी बताकर एवं राजा यादव को तांत्रिक कहकर उसके परिवार के साथ विवाद किया था। मुकेश को पूरा शक था कि राजा यादव के तंत्र मंत्र से उसकी भतीजी की मौत हुई है। मुकेश राजा से काफी खुन्नस रहता था और उसकी हत्या करने के लिए मौका तलाशते रहता था। तीन सितंबर को मुकेश महाराष्ट्र की एक कंपनी से काम करके घर लौटा था। पांच सितंबर को लेबर खोजने के लिए अपने साथी योगेन्द्र सिंह के साथ कुबरा-कुण्डीलपुर गया था। वहां दोनों ने महुआ शराब का सेवन किया और घर लौटने के क्रम में प्लान बनाया कि आज राजा यादव को जान से मार देना है। योगेन्द्र से भी डायन-भूत को लेकर राजा यादव से झगड़ा हुआ था। दोनों पांच सितंबर की शाम घंघरी पहुंचे और पुनः स्व. विजय यादव के घर में महुआ शराब का सेवन किया। शराब पीने के बाद दोनों राजा यादव की घर की ओर गए तो देखा कि राजा अपने घर के बाहर ओटे पर शो रहा है। आसपास कोई नहीं है। बिजली भी कटी हुई थी। दोनों ने सोचा कि राजा यादव को मारने के लिए इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता। मुकेश अपने घर के पास स्थित घोरान से दो सखुआ की लकड़ी खींचकर निकाला और एक योगेन्द्र को दिया। लकड़ी लेकर दोनों गहरी नींद में सो रहे राजा यादव के पास पहुंचे। मुकेश ने राजा के सिर एवं चेहरे पर तीन बार जोर से मारा, जबकि योगेन्द्र ने दो बार वार किया, जिससे मौके पर ही राजा की मौत हो गयी। घटना में इस्तेमाल दोनों लकड़ी, दो मोबाइल फोन, घटना के वक्त पहने हुए कपड़े, मृतक का खून लगा गमछा और खून लगी मिट्टी का नमूना बरामद किया गया।

## डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक में 20 से अधिक योजनाएं पारित

# एमआरएमसीएच व मेदिनीनगर शहर में तीसरी आंख से होगी निगरानी



नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के न्यास परिषद (डीएमएफटी) के न्यास परिषद की बैठक बुधवार को समाहरणालय में हुई, जिसमें 20 से अधिक योजनाओं को पारित किया गया। अध्यक्षता उपायुक्त शशि रंजन ने की।

बैठक में डीसी ने कहा कि डीएमएफटी मद से शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल, सुरक्षा, सिंचाई व आजीविका से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पारित किया जायेगा। बैठक में एजेंडावार प्राप्त योजनाओं पर चर्चा की गयी व सर्वसम्मती से 20 से अधिक विकास योजनाओं को पारित किया गया। मेदिनीनगर शहर के टी.ओ.पी 1, 2 व 3 के क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी लगाया जायेगा।

इसी तरह एमआरएमसीएच परिसर को भी सीसीटीवी से लैस किया जायेगा। वहीं जिला मुख्यालय में महिलाओं के लिए अटैच बॉथरूम के साथ रिटायरिंग रूम का निर्माण भी कराया जायेगा।

इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, एएसपी राकेश कुमार, पलामू व चतरा सांसद प्रतिनिधि, हुसैनाबाद विधायक प्रतिनिधि, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य सदस्य वर्चुअल मोड से जुड़े थे।

### आवासीय विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित हो

बैठक में जिले के सभी आवासीय विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। आवासीय विद्यालयों एवं सामुदायिक प्लेग्राउंड में ओपन जिम का भी निर्माण कराया जायेगा। इसके साथ ही जिले के विभिन्न कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कंप्यूटर लैब, डिजिटल बोर्ड, पुस्तकालय आदि की व्यवस्था की जाएगी।

### स्थानीय युवाओं के बीच रोजगार सृजन करने के उदेश्य

बैठक में स्थानीय युवाओं के बीच रोजगार सृजन करने के उदेश्य से मशरुम स्पॉन यूनिट का अधिष्ठापन कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त डीएमएफटी मद से मेदिनीनगर निगम क्षेत्र में दो मोबाइल टॉयलेट भी उपलब्ध कराया जायेगा। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त शिक्षा, स्वास्थ, पेयजल, सुरक्षा, सिंचाई व आजीविका से जुड़ी अन्य योजनाओं को भी पारित किया।

## डायन बिसाही के आरोप की प्रताड़ना से परेशान दंपति को छोड़ना पड़ा गांव

### दोषियों पर मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार जिले के बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत बालुभाँग पंचायत के जावाबार गांव निवासी वृद्ध दंपति डायन बिसाही के झूठे आरोप में प्रताड़ना से परेशान होकर गांव से भागने को मजबूर हो गए। उनके पड़ोसियों के द्वारा ही उन्हें ओझा गुनी का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जा रहा था। हालांकि मामले की जानकारी मिलने के बाद बुधवार की शाम पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दोषियों पर प्राथमिक दर्ज कर दी। बताया गया कि बरियातू थाना क्षेत्र अंतर्गत जावाबार गांव निवासी चरकू तुरी और उनकी पत्नी बंधनी देवी को गांव के कुछ ग्रामीण डायन बिसाही और ओझा गुनी का आरोप लगाकर पिछले कई दिनों से लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले वृद्ध दंपति के साथ मारपीट भी की गई। लगातार प्रताड़ना से परेशान होकर दंपति अपना घर बार छोड़कर गांव से भागने को विवश हो गए। दोनों पति-पत्नी अपने गांव से भाग कर लातेहार सदर थाना क्षेत्र के सासंग गांव में रहने वाली अपनी बेटी के घर शरण लिए।इस संबंध में भुक्तभोगी दंपति ने बताया कि उसके ही कुछ रिश्तेदार और पड़ोस के लोग पति-पत्नी को डायन और ओझा का आरोप लगाकर प्रतिदिन प्रताड़ित करते थे। आसपास के लोगों के घर में कोई बीमार भी पड़ जाता तो उनपर ही भूत लगाने का आरोप लगाकर प्रताड़ित किया जाता है। दोनों पति-पत्नी को कई बार जान से मारने की भी धमकी दी गई। 2 दिन पूर्व उनके साथ मारपीट भी की गई। इसके कारण वे लोग डर कर गांव छोड़कर भाग गए। इधर बुधवार को भी दोनों दंपति को फिर से धमकी दी जा रही थी। जिससे परेशान होकर अपने परिजनों के साथ पहले लातेहार पुलिस कार्यालय पहुंचे और आवेदन दिया। उसके बाद बरियातू थाना पहुंचे और इसकी शिकायत की। इधर इस संबंध में बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि मामले की सूचना बुधवार की हुई। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों पर प्राथमिक की दर्ज कर दी है।



## न्यूज बॉक्स

### पूर्व मंत्री की प्रतिज्ञा यात्रा हमीदगंज से होकर गुजरी, किया संवाद



**पलामू।** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने प्रतिज्ञा यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को डालटनगंज के हमीदगंज के बीएन कॉलेज फील्ड से यात्रा प्रारंभ की। यह यात्रा कुण्ड मुहल्ला, हास्पिटल रोड से होकर मुस्लिमनगर के कई क्षेत्रों में पहुंची। तीसरे दिन गुरुवार को प्रतिज्ञा यात्रा शाहपुर और नगर निगम क्षेत्र के अन्तर्गत शामिल हुए नए वार्ड के कई हिस्सों से गुजरेगी। प्रतिज्ञा यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री त्रिपाठी का स्वागत गर्मजोशी से किया गया। स्थानीय लोगों ने उनके संबोधन एवं विचारों को गंभीरता से सुना। संचालन मधुकर शुक्ला व अरविन्द राणा ने किया। त्रिपाठी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक राजनीतिक पहल नहीं है, बल्कि डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के विकास, सामाजिक सुधार और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर एक गंभीर प्रयास है। उनका प्रयास लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि किस प्रकार और कैसे डालटनगंज विस क्षेत्र के चहुंमुखी व सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने मंत्रीकाल की यादें ताजा करते हुए कहा कि कितने जद्दोजहद के उपरांत स्पेशल फंड को आर.सी.डी. विभाग में कन्वर्ट कराकर कोयल नदी पर चेड़ाबार पुल का निर्माण कराया लेकिन गनीमत है कि अभी तक इन दस वर्षों में भाजपा के जनप्रतिनिधियों के द्वारा एप्रोच रोड तक नहीं बन पाया। उन्होंने पेयजल, कोयल पुल पर यातायात की समस्या, सुदृढ़ सड़क आदि मामलों को लेकर संबोधित किया। इस मौके पर बसंत शुक्ला, रेशो सिंह, छोटन दुबे, बिष्णु राम, बब्लू राम, कुणाल सिंह (राजा), अभिमन्यु सिंह (सोनू), विक्की तिवारी, प्रेम तिवारी, बब्लू सिंह (कौशल), विजय राम, बंशी सिंह, अचित्ता दुबे, अरविन्द पाण्डेय, रविशेखर सिंह, विक्की चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।

### चतरा और सिमरिया विस प्रत्याशी के चयन के लिए भाजपा की रायशुमारी



**चतरा।** भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर चतरा और सिमरिया विधानसभा के लिए रायशुमारी किया गया। भाजपा कार्यालय में पार्टी के जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता की अध्यक्षता में विधानसभा वार बैठक की गई। सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी के रायशुमारी में पूर्व सांसद अजय मारू एवं सिंहभूम के पूर्व जिला अध्यक्ष रामबाबू तिवारी एवं चतरा विधानसभा के लिए हटिया विधायक नवीन जायसवाल एवं अनिल टाइगर शामिल हुए। पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओ को संबोधन कर कहा कि आज हम सभी उस राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता हैं जहां लोकतांत्रिक तरीके से प्रत्याशी की चयन की जाती है। आज हम सभी पंचायत स्तर, मंडल स्तर एवं जिला के पदाधिकारी सदस्य एवं मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य राय शुमारी में अपना मत देने के लिए यहां उपस्थित हुए हैं। निष्पक्ष रूप से प्रत्याशी का चयन करेंगे। जो झारखंड की दिशा और दशा बदलने का काम करेगी।

## पेज एक का शेष

**हरित हाइड्रोजन से...**

प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ग्रीन हाइड्रोजन पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जैसे मंच इन मुद्दों पर सार्थक आदान-प्रदान को उत्प्रेरित करेंगे। स्वच्छ और हरित पृथ्वी के निर्माण के लिए देश की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए प्रधान मंत्री ने बताया कि भारत हरित ऊर्जा पर पेरिस प्रतिबद्धताओं को पूरा करने वाले पहले जी20 देशों में से एक है। ये प्रतिबद्धताएं लक्ष्य 2030 से 9 साल पहले ही पूरी कर ली गईं। भारत की स्थापित गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता में लगभग 300 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और सौर ऊर्जा क्षमता में 3,000 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है लेकिन हम इन उपलब्धियों पर निर्भर नहीं हैं।

**मणिपुर एक साल...**

आज ये पंजाब और हरियाणा भी नहीं जा सकते, वहां किसान इनके विरोध में हैं। जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव में भी इन्हें मुंह की खानी पड़ेगी। अब इनकी नजर ले-देकर झारखंड पर है। इसलिए कई लोग यहां एक के बाद एक मंडरा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार रांची मुख्यालय से नहीं बल्कि गांव से चलने वाली सरकार है। हमने आपके लिए काम किया है, इसलिए वोट मांगने का पूरा अधिकार रखते हैं। विपक्ष के लोग बोलते हैं कि वोट खरीदने के लिए मंईयां योजना चलाई गई है। मंईयां योजना हमने शुरू की है, आने वाले पांच सालों में हर घर में एक-एक लाख रुपए पहुंचाने का काम करेंगे।

**अज्ञात बीमारी से...**

इलाज न मिल पाने के कारण तड़प-तड़प कर मरते देखना असहनीय है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने आदिवासी समाज से मुंह फेर लिया है। जिस आदिवासी समाज ने अपना समर्थन देकर हेमंत को सत्ता तक पहुंचाया, आज वही हेमंत सोरेन राजनीतिक समीकरण के जोड़तोड़ में आदिवासियों की बलि चढ़ा रहे हैं। उन्होंने सीएम को लिखे पत्र में हाल की घटनाओं का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि हाल में साहिबगंज सदर अस्पताल में सिमरिया गांव निवासी आदिम पहाड़िया जनजाति के मथियम मालतो अपनी छह साल की बेटी गोमती पहाड़िन के इलाज के लिए पहुंचे थे। वह डॉक्टरों की तलाश में इमरजेंसी से लेकर ओपीडी तक भागते रहे, परंतु कहीं भी डॉक्टर नहीं मिले, जिसके कारण पिता की गोद में ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। ऐसी ही घटना दुमका जिले के गोपीकांदर प्रखंड के कुंडा पहाड़ी गांव में हुई, जहां पहाड़िया जनजाति की 19 वर्षीय गर्भवती महिला प्रिंसिका महारानी समय पर एंबुलेंस न मिलने से अस्पताल नहीं पहुंच पाई और इलाज के अभाव में उसकी जान चली गई। इसी तरह जामताड़ा जिले के करमाटांड़ प्रखंड के नेंगराटांड गांव में इलाज के अभाव में आदिम पहाड़िया जनजाति के आठ लोगों की मौत हो गई है। बाबूलाल मरांडी ने पत्र में कहा है कि आदिम पहाड़िया जनजाति पहले ही अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही है। आए दिन ज्ञात-अज्ञात बीमारियों से इस जनजाति के लोगों की जान जा रही है।

**रांची, हजारीबाग, गिरिडीह...**

निवास स्थान रांची, हजारीबाग, चाईबासा, गिरिडीह में एसीबी की गठित विभिन्न टीम के जरिये तलाशी की कारवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में 60 से अधिक पदाधिकारी शामिल हैं। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार उनकी टीम मंगलवार देर रात छापेमारी के लिए हजारीबाग पहुंची थी लेकिन कार्रवाई बुधवार सुबह शुरू हुई। हजारीबाग सदर एसडीओ शैलेश कुमार के समाहरणालय दफ्तर और झील परिसर स्थित आवास पर एसीबी (एंटी करप्शन ब्यूरो) की टीम ने छापेमारी की है। जांच के दौरान हजारीबाग के सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार अपने आवास में ही मौजूद थे। इस दौरान किसी भी व्यक्ति को आवास में आने की इजाजत नहीं दी गई थी और न ही बाहर निकलने की। उनके दफ्तर में मौजूद कर्मी भी एसीबी टीम को सहयोग कर रहे थे। इन कर्मचारियों को भी बाहर निकालने की इजाजत नहीं दी गई थी। दफ्तर के चारों ओर सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। वहीं एसीबी की टीम ने गिरिडीह के एक पूर्व सीआई उदय शंकर प्रसाद के शास्त्री नगर आवास में छापेमारी की है। टीम में एसीबी के दस अधिकारी शामिल हैं। इनमें तीन महिला अधिकारी भी शामिल हैं।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## युद्ध के मैदान में सैनिकों की जगह लेंगे रोबोट, ऑस्ट्रेलियाई सेना कर रही परीक्षण

**कैनबरा।** भविष्य में सैनिकों के स्थान पर रोबोट युद्ध लड़ते नजर आ सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई सेना ने इसे लेकर कोशिश भी शुरू कर दी है। सेना एक मानवरहित रोबोट का परीक्षण कर रही है, जिसे जीयूएस (ग्राउंड अनक्रूड सिस्टम) नाम दिया गया है। यह जोखिम भरे इलाकों में सैनिकों की जगह ले सकता है। ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि रोबोट का परीक्षण पिलबारा रेजिमेंट के सैनिक कर रहे हैं। यह रेजिमेंट ऑस्ट्रेलियाई सेना का रीजनल फोर्स सर्विलांस ग्रुप (आरएफएसजी) है। मंत्रालय के अनुसार, यह निगरानी रोबोट ऑस्ट्रेलिया में ही विकसित किया गया है। इसमें कैमरे और सेंसर लगे हैं, जो बैटरी के जरिए लगातार 30 दिनों से अधिक समय तक निगरानी कर सकते हैं। बैटरी की क्षमता कम होने पर एक ऑन-बोर्ड तरल ईंधन जनरेटर इसे रिचार्ज करेगा।

## जापान में तूफान बेबिनका मचा सकता है तबाही, सरकार ने जारी की चेतावनी

**टोक्यो।** जापान की मौसम एजेंसी ने बुधवार को तूफान बेबिनका को लेकर चेतावनी दी है। एजेंसी ने कहा है कि तूफान के जापान के द्वीपों के पास पहुंचने की संभावना है, जिसमें ओकिनावा और अमामी क्षेत्र शामिल हैं। जिसके कारण गंभीर मौसम की स्थिति पैदा हो सकती है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने बताया कि इस साल का 13वां तूफान, जो मंगलवार रात मारियाना द्वीपों के पास बना, 20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 9 बजे, उष्णकटिबंधीय तूफान का केंद्रीय दबाव 990 एचपीए (हेक्टोपास्कल) था और अधिकतम हवा की रफ्तार 25 मीटर प्रति सेकंड थी।

## कनाडा ने इजरायल के लिए 30 हथियार बिक्री परमिट निलंबित किए

**ओटावा।** कनाडा ने इजरायल को हथियार बिक्री के लिए लगभग 30 मौजूदा परमिट निलंबित कर दिए हैं। स्थानीय मीडिया ने कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली के हवाले से यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री मेलानी जोली ने मंगलवार को कहा कि ओटावा की नीति के अनुसार कनाडा निर्मित हथियारों और उनके कलपुर्जों का उपयोग गाजा पट्टी में नहीं किया जा सकता है। चाहे हथियारों को इजरायल में किसी भी तरह भेजा जाए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय मीडिया के हवाले से बताया कि जनवरी में ओटावा ने इजरायल के लिए नए हथियार परमिट को मंजूरी देना बंद कर दिया था, हालांकि पिछले महीनों में स्वीकृत परमिट अभी भी सक्रिय थे। विदेश मंत्री के हवाले से कहा गया है कि हम किसी भी प्रकार का हथियार या उसके पाट्र्स गाजा नहीं भेजेंगे।

## सहारनपुर में इंटरसिटी एक्सप्रेस से 90 लाख रु की नकदी बरामद

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में आरपीएफ ने इंटरसिटी एक्सप्रेस से 90 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। ट्रेन अंबाला से नई दिल्ली जा रही थी। आरपीएफ ने एक युवक को हिरासत में लिया है। आयकर विभाग की टीम भी पूछताछ के लिए पहुंच गई है। दरअसल, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सक्रिय है। ट्रेनों में नकदी और प्रतिबंधित सामानों की लगातार चेकिंग की जा रही है। रेलवे का खुफिया तंत्र भी ट्रेनों से आने-जाने वाले सामान पर निगरानी रख रहा। मंगलवार को आरपीएफ की टीम को ट्रेन संख्या 14522 अंबाला-नई दिल्ली इंटरसिटी एक्सप्रेस के एक कोच में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर बैग से बंडलों और लिफाफों में 90 लाख नौ हजार 200 रुपये मिले।



# विवेकानंद का शिकागों में ऐतिहासिक भाषण

### 131वीं वर्षगांठ : भाषण के मुख्य अंश

**❝ स्वामी विवेकानन्द ने भाषण की शुरुआत मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों कहकर की, ऐसे शब्द वे पहली बार सुन रहे थे इन शब्दों ने ऐसा चमत्कार किया कि सभागार में कई मिनट तक तालियां बजती रहीं।**

❝ मैं आपको दुनिया की प्राचीनतम संत परम्परा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से धन्यवाद देता हूं। सभी जातियों, संप्रदायों के लाखों, करोड़ों हिन्दुओं की तरफ से आपका आभार व्यक्त करता हूं।

**❝ मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम सार्वभौमिक सहनशीलता पर विश्वास ही नहीं करते, विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।**

❝ मुझे गर्व है कि मैं उस देश से हूं जिसने सभी धर्मों और सभी देशों के सताए गए लोगों को अपने यहां शरण दी। जिसने इजरायल की पवित्र यादें दिल में संजो रखीं वही पारसी धर्म के लोगों को शरण दी।

**❝ स्वामी विवेकानन्द ने भाषण की शुरुआत मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों कहकर की, ऐसे शब्द वे पहली बार सुन रहे थे इन शब्दों ने ऐसा चमत्कार किया कि सभागार में कई मिनट तक तालियां बजती रहीं।**

❝ सांप्रदायिकता, कट्टरता के राक्षस नहीं होते तो मानव समाज कहीं ज्यादा उन्नत होता। इनकी भयानक वंशज हठधर्मिता लंबे समय से पृथ्वी को अपने शिकंजों में जकड़े हुए हैं। इन्होंने पृथ्वी को हिंसा से भर दिया है।

## स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण ने भारत के लोगों को एकजुटता और शक्ति की याद दिलाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को स्वामी विवेकानंद के शिकागो के भाषण को साझा किया। प्रधानमंत्री मोदी ने आज के ही दिन (11 सितंबर) 1893 में स्वामी विवेकानंद के शिकागो में दिए ऐतिहासिक भाषण को याद किया। जिसमें विवेकानन्द ने दुनिया को भारत की सदियों पुरानी एकता, शांति और भाईचारे के संदेश से परिचित कराया, जो पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट पर कहा, "आज ही के दिन 1893 में, स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो में अपना प्रतिष्ठित ऐतिहासिक भाषण दिया था। इसने भारत के लोगों को एमजुटता और शक्ति की याद दिलाई।



# भाजपा के रहते देश की एकता से खिलवाड़ संभव नहीं : अमित शाह

**राहुल ने देश की सुरक्षा और भावना को आहत किया है, भारत विरोधी बातें करना उनकी आदत**

**भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव की बात राहुल की विभाजनकारी सोच**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की ओर से अमेरिका में दिए जा रहे बयानों पर भाजपा लगातार हमलावर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब तक भाजपा है तब तक देश की एकता के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि देश विरोधी बातें करना और देश को तोड़ने वाली ताकतों के साथ खड़े होना राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आदत सी बन गई है। चाहे जम्मू-कश्मीर में जेकेएनसी के देशविरोधी और आरक्षण विरोधी एजेंडे का समर्थन करना हो, या फिर विदेशी मंचों पर भारत विरोधी बातें करनी हो, राहुल गांधी ने देश की सुरक्षा और भावना को हमेशा आहत किया है। अमित शाह ने आगे लिखा कि भाषा से भाषा, क्षेत्र से क्षेत्र और धर्म से धर्म में भेदभाव लाने की बात करना राहुल गांधी की विभाजनकारी सोच को दशार्ता है। राहुल गांधी ने देश से आरक्षण को समाप्त करने की बात कह कर कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा एक बार फिर से देश के सामने लाने का काम किया है। मन में पड़े विचार और सोच किसी न किसी माध्यम से बाहर आ ही जाते हैं। मैं राहुल



**राहुल अब बचकानी नहीं, शैतानी हरकतें कर रहे हैं : सुधांशु**

## कांग्रेस का हाथ, भारत विरोधियों के साथ: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका में राहुल गांधी के बयानों और उनसे मिलने वालों पर सवाल उठाते हुए कहा है कि इससे साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस का हाथ भारत विरोधियों के साथ है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि अमेरिका प्रवास के दौरान कल राहुल गांधी भारत विरोधी अमेरिकी सांसद एलान उमर से मिले। एलान उमर हमेशा से पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोध के लिए जाने जाते हैं। राहुल बतौर सांसद और अब नेता प्रतिपक्ष कभी भारत समर्थक अमेरिकी सांसद गिलमैने, एकरमैन से नहीं मिले, अब तुलसी गबार्ड से भी नहीं मिलेंगे। लेकिन भारत विरोधी पत्रकार मुसिफ्फकुल फजर के साथ वे फोटो खिंचाकर इतराते हैं। भारत विरोधी गुरपतवंत पन्नू ने भी राहुल गांधी की तारीफ की है। साफ है कि राहुल गांधी भारत विरोधियों में अधिक लोकप्रिय हैं। सुधांशु त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल के चचा (सैम पित्रोदा) ने कहा है कि अब ये पप्पू नहीं रहे। उनका कहना सच है, क्योंकि राहुल गांधी पहले बचकानी हरकतें करते थे पर वे अब ऐसी शैतानी हरकतें कर रहे हैं, जो देश के लिए घातक हैं। राहुल गांधी चीन की उपलब्धियों का बखान करते हैं पर यह कभी नहीं बोलते कि चीन के रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री और अली बाबा के प्रमुख जैक मा कहां गायब हो गए। इसके बावजूद एक तानाशाह देश में उन्हें बोलने की स्वतंत्रता दिखाई देती है और भारत में डर दिखाई देता है।

## छोटा शकील के साथी भरत जोटवानी ने अमेरिका में पीएम का इवेंट मैनेज किया था : खेड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा के दौरान आरक्षण के मुद्दे पर दिए बयान की निंदा करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर देश को बांटने वालों के साथ खड़ा बताया था। इस कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पलटवार किया है। पवन खेड़ा ने कहा, हम यह जानना चाहते हैं कि अमेरिका में पीएम का इवेंट मैनेज करने वाले भरत जोटवानी कौन हैं? छोटा शकील जिसका साथी हो, वह पीएम का इवेंट मैनेज करता है। इसके बाद यह भाजपा वाले हमें सिखाएंगे कि देश जोड़ने वाली ताकतें कौन हैं और तोड़ने वाली ताकतें कौन हैं। अगर गृह मंत्री को राहुल गांधी की सार्वजनिक मीटिंग से इतनी आपत्ति है तो हम गृहमंत्री को चुनौती देते हैं कि वह आज अमेरिका के राजदूत में समन भेजें, अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट को चिट्ठी लिखें और अपनी आपत्ति दर्ज कराएं।



### हरियाणा विस भंग करने की सिफारिश

## संवैधानिक संकट से बचने के लिए सरकार का फैसला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में बुधवार की रात हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 14वीं विधानसभा को भंग करने का प्रस्ताव पारित कर दिया। इस सबंध में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को एक पत्र भेजकर विधानसभा भंग करने की सिफारिश की जाएगी। सरकार का प्रस्ताव राज्यपाल के स्वीकार करने पर मौजूदा विधायकों का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और नई सरकार के गठन तक नायब सैनी कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में काम करते रहेंगे। राज्य में इस समय 14वीं विधानसभा चल रही है, जिसका कार्यकाल तीन नवंबर तक है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व परिवर्तन करने के बाद बीती 12 मार्च को नायब सैनी को हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया था। 13 मार्च को नायब सैनी ने विधानसभा में बहुमत साबित किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया। नियमानुसार छह माह के भीतर विधानसभा का सत्र बुलाया जाना जरूरी है, जिसके चलते सरकार के लिए 12 सितंबर तक सदन की बैठक बुलाना जरूरी हो गया था। राज्य में 5 सितंबर से विधानसभा चुनाव की अधिसूचना लागू हो चुकी है। ऐसे में विधानसभा सत्र बुलाया जाना संभव नहीं था। सदन की बैठक नहीं बुलाई जाती तो सरकार संवैधानिक संकट में घिर सकती थी। इसलिए तय समयावधि के पूरा होने से पहले ही मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री समेत तमाम मंत्री नामांकन दाखिल करने में व्यस्त थे।

## मध्य प्रदेश में समर्थन मूल्य पर होगी सोयाबीन की खरीदी, केंद्र ने दी मंजूरी

एजेंसी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में सोयाबीन की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जाएगी। केंद्र सरकार ने राज्य की डॉ. मोहन यादव सरकार द्वारा भेजे गए 4892 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य (एमएसपी) वाले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान दी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हमारे लिए किसानों की सेवा करना भगवान से प्रार्थना करने जैसा है। पिछले कुछ दिनों से मध्य प्रदेश के किसान परेशान थे, क्योंकि सोयाबीन एमएसपी से कम पर बिक रहा था।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** अकाउंटिंग फाइनेंशियल ट्रांजैक्शंस को रिकॉर्ड करने, समराइज करने और क्लासिफाई करने की प्रक्रिया है जो बिजनेस डिसीजंस लेने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है। इस जानकारी का उपयोग फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स बनाने के लिए किया जाता है, जिसमें बैलेंस शीट, इनकम स्टेटमेंट और कैश फ्लो स्टेटमेंट शामिल हैं, जो कंपनी की फाइनेंस पोजीशन और परफॉर्मेंस की एक तस्वीर प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अकाउंटिंग में बजट की प्रिपरेशन, फाइनेंस फोरकास्टिंग और फाइनेंशियल डेटा का एनालिसिस शामिल है।

# अकाउंटिंग में बनाएं करियर, अवसरों की है भरमार

### अकाउटिंग क्यों चुनें

**जॉब स्टेबिलिटी:** अकाउंटिंग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें प्रोफेशनल्स की उच्च मांग है। जब तक बिजनेसेज और ऑर्गनाइजेशंस हैं, अकाउंटेंट्स की आवश्यकता होगी।


**वर्सिटेलिटी:** एक अकाउंटिंग डिग्री आपके लिए पब्लिक अकाउंटिंग, कॉर्पोरेट अकाउंटिंग, गवर्नमेंट अकाउंटिंग और नॉन-प्रॉफिट अकाउंटिंग सहित कई अलग-अलग करियर के रास्ते खोल सकती है।

**करियर अचीवमेंट्स:** अकाउंटेंट्स जो अपने करियर में आगे बढ़ना चाहते हैं, उनके पास सर्टिफाइड पब्लिक अकाउंटेंट (सीपीए) बनने का अवसर है, जिससे अधिक सैलरी और अधिक सीनियर पद प्राप्त हो सकते हैं।

**प्रोफेशन डेवलपमेंट:** अकाउंटिंग का फील्ड लगातार विकसित हो रहा है और अकाउंटेंट्स को नए नियमों और टेक्नोलॉजीज़ के साथ अपडेट रहने की आवश्यकता है। यह चल रही लर्निंग और प्रोफेशनल डेवलपमेंट के अवसर प्रदान कर सकता है।

**फाइनेंशियल नॉलेज:** अकाउंटेंट्स फाइनेंशियल मैनेजमेंट के एक्सपर्ट्स होते हैं, जो पर्सनल फाइनेंसेस के लिए और ठोस फाइनेंशियल डिसीजंस लेने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।

**सोशल इंपैक्ट्स:** अकाउंटेंट्स ऑर्गनाइजेशन और बिजनेसेज की फाइनेंशियल स्टेबिलिटी और ग्रोथ सुनिश्चित करने में इंपोर्टेंट रोल निभाते हैं, जो समाज के समग्र कल्याण में योगदान कर सकते हैं।



### टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- आईसीएफएआई फाउंडेशन फॉर हायर एजुकेशन, हैदराबाद
- यूनिवर्सिटी ऑफ, मुंबई
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, अरुणाचल प्रदेश
- साई कॉलेज, भिलाई
- द आईआईएस यूनिवर्सिटी, राजस्थान
- ज्ञानामानी इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज, तमिल नाडु
- कनोरिया पीजी महिला महाविद्यालय

### करियर स्कोप

### टॉप इंडस्ट्रीज



- अकाउंटिंग फर्म्स
- फाइनेंशियल फर्म्स
- बैंक्स
- ऑडिटिंग फर्म्स
- स्टॉक मार्केट/ब्रोकर

### टॉप विदेशी यूनिवर्सिटीज

- हंबर कॉलेज कनाडा
- सेंटेनियल कॉलेज कनाडा
- सेंट क्लेयर कॉलेज कनाडा
- यूनिवर्सिटी ऑफ विंडसर कनाडा
- फैंशेव कनाडा
- डर्हम कॉलेज कनाडा
- सैनेका कॉलेज ऑफ अप्लाइड आर्ट्स एंड टेक्नोलॉजी
- स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी ऑस्ट्रेलिया
- चिशोल्म इंस्टिट्यूट, ऑस्ट्रेलिया
- साउथर्न कैलिफोर्निया इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी